वर्ष 72 अंक 230 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 19 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

उत्पादकता कभी भी संयोग नहीं होती। यह हमेशा उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता, बुद्धिमत्तापूर्ण योजना और केंद्रित प्रयास का परिणाम होती है।
- पॉल जे. मेयर

# हैदराबाद के गुलजार हाउस में भीषण आग, 17 की मौत

## मृतकों में 8 बच्चे भी शामिल, संकरी सीढ़ी की वजह से रेस्क्यू में आई मुश्किल

**हैदराबाद, जेएनएन।** हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। दरअसल इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। मृतकों में 8 बच्चे भी शामिल हैं।

फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियों ने 2 घंटे में आग पर काबू पाया। 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है। हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है। जिला प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है।

फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि रविवार सुबह 6.16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने से पूरे चारमीनार इलाके में अफरातफरी का माहौल था। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने की भी कोशिश की।

पुलिस ने ऐसे 17 लोगों को चिन्हित किया है, जिन्होंने अफवाह फैलाने की कोशिश की। इन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, अफरातफरी के बीच यह जल्दी स्पष्ट कर दिया गया कि यह सामान्य अग्निकांड है, इसके पीछे कोई साजिश नहीं है। पुलिस ने लोगों को अफवाहों से सावधान रहने के लिए कहा है।



धू-धू कर जलती गुलजार हाउस की इमारत। फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियों ने दो घंटे में पाया आग पर काबू।

### इमारत में था सुरंग की तरह महज दो मीटर का प्रवेश द्वार

तेलंगाना आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवा महानिदेशक, वाई नागी रेड्डी ने कहा, हम 17 लोगों बच नहीं पाए। शुरुआती जांच से पता चलता है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट था। आग से लड़ने और लोगों को बचाने में अग्निशमन विभाग ने कोई कमी नहीं रखी। इमारत में सुरंग की तरह केवल दो मीटर का एक प्रवेश द्वार था। पहली और दूसरी मंजिल तक पहुंचने के लिए केवल एक मीटर की सीढ़ी है। इससे बचने और बचाव अभियान बहुत मुश्किल हो गया। हालांकि, आग पर जल्दी काबू पा लिया गया। आग इतनी विकराल थी कि उसे बुझाने में काफी समय लग सकता था पर दमकल ने तेजी दिखाई।

### फायर रोबोट की मदद न लेते तो हो जाती बहुत मुश्किल

दमकल विभाग ने कहा–आग बुझाने में आधुनिक फायर रोबोट और ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया गया। ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म एक बड़ी फायर ब्रिगेड पर लगा होता है। इसमें एक लंबा हाइड्रॉलिक आर्म होता है, जो ऊपर–नीचे और घूम सकता है। इस आर्म के ऊपर एक प्लेटफॉर्म (टोकरी) होती है, जिसमें फायरमैन खड़े होकर ऊंची इमारतों तक पहुंच सकते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर आग बुझाने में रोबोट की मदद नहीं ली गई होती तो पूरी ही इमारत राख हो गई होती। रोबोट की मदद से विकराल आग पर दो घंटे में काबू पा लिया गया।

### केंद्र देगा 2-2 लाख का मुआवजा, राज्य 4-4 लाख रुपए

घटना पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा– हैदराबाद में आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2–2 लाख और घायलों को 50–50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी। वहीं तेलंगाना सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4–4 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया है।

# मामा के लड़के को बचाने नदी में कूदे दो भाई, तीनों की मौत

## बैंक की छुट्टी में बुआ के घर आया था मामा का लड़का

**जागरण, मऊगंज।** विंध्य के मऊगंज से एक हृदय विदारक मामला सामने आया है, जहां नदी में डूबने से दो परिवारों के तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। इनमें एक मामा का लड़का था और दो सगे भाई। बैंक में नौकरी करने वाला मामा का लड़का डूबने लगा तो उसे बचाने के लिए दोनों भाई भी नदी में कूद गए। उसे बचाते–बचाते दोनों भाई भी गहराई तक पहुंच गए। इससे तीनों की मौत हो गई।

यह हादसा रविवार सुबह का है, जब तीनों भाई मऊगंज जिले के पैपखार गांव की निहाई नदी में नहाने गए थे। मामा का लड़का अभिषेक मिश्रा (24) शनिवार की छुट्टी में बुआ के घर आया था। जब वह डूबने लगा तो दोनों भाई अमन तिवारी (18), अभय तिवारी (17) उसे बचाने कूद पड़े। उन्हें भी नदी की गहराई का अंदाजा नहीं रहा। उनकी चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोग भी पहुंच गए। मगर उन्हें बचाया नहीं जा सका। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद तीनों को नदी से निकाला जा सका। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। अभिषेक एचडीएफसी बैंक की मऊगंज ब्रांच में क्लर्क था।



अभिषेक मिश्रा | अभय तिवारी | अमन तिवारी

### चेक डेम में नहा रहे युवक को मोटर के सक्शन ने खींचा, मौत

वहीं, सतना के गांव में नाले के चेक डैम में नहा रहे एक युवक को वहां लगी मोटर के सक्शन ने खींच लिया। इससे युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय धीरेन्द्र यादव रविवार दोपहर को मझगवां थाना क्षेत्र के पटना गांव के सेहा नाले के चेक डेम में नहाने उतरा था। युवक जैसे ही पानी में उतरा वह गहरे गड्ढे और मोटर के दबाव में खिंचता चला गया। डेम की मोटर के सक्शन ने उसे खींच लिया। उसे डूबता देख कई लोग पहुंच गए। पुलिस को भी बुला लिया गया, लेकिन कई घंटे तलाश करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं लगा। फिर उसकी खोज करने जेसीबी बुलाकर चेक डैम की दीवार तोड़ी गई। करीब साढ़े तीन घंटे बाद शव को बाहर निकाला जा सका। इस चेक डेम पर इंडो न्यूक्लियर प्राइवेट लिमिटेड ने पानी खींचने के लिए करीब 15 फीट गहरा गड्ढा खुदवाया है। गड्ढा खुदवाने के बाद कंपनी ने कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की है।

# सीबीआई करेगी जेईई मेन्स रिजल्ट में गड़बड़ी की जांच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जेईई (मेन्स) 2025 के स्कोरकार्ड में कथित गड़बड़ी को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि सीबीआई फॉरेंसिक जांच के माध्यम से सच का पता लगाए। दो छात्रों ने दावा किया था कि उनके रिजल्ट में गड़बड़ी हुई है। जस्टिस विकास महाजन ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि जांच सेंट्रल फरेंसिक साइंस लैबोरेटरी और सीबीआई करेगी। मामले की अगली सुनवाई 23 मई को होगी। निर्देश के मुताबिक, छात्रों को कोर्ट रजिस्ट्री को अपनी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी उपलब्ध करानी होगी ताकि सीएफएसएल वेरिफिकेशन किया जा सके। सीएफएसएल के डायरेक्टर से कहा कहा गया है कि वह मामले की जांच करके 22 मई तक रिपोर्ट सील कवर में कोर्ट में जमा कराएं। बता दें कि याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि एनटीए की वेबसाइट पर पहले से ही स्कोरकार्ड दिखाई दे रहा था। लेकिन बाद में उसे गलत स्कोरकार्ड से रिप्लेस कर दिया गया। एक याचिकाकर्ता ने कहा कि उसका ओरिजिनल स्कोरकार्ड उसे जेईई एडवांस में बैठने के योग्य था। कोर्ट ने कहा कि जेईई एडवान्स्ड का नतीजा दो जून को आ सकता है, उससे पहले ही जांच पूरी करनी होगी।

**विडंबना** | गुजरात हाईकोर्ट ने दी थी अबॉर्शन की इजाजत लेकिन करानी पड़ी डिलीवरी

# 13 वर्षीय रेप पीड़िता ने दिया बच्ची को जन्म

**राजकोट, जेएनएन।** राजकोट में रविवार को दुष्कर्म पीड़ित 13 वर्षीय मासूम ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। खेलने–कूदने की उम्र में मां बनी इस बच्ची के साथ उसके ही चचेरे भाई और उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया था। बच्ची को 33 हफ्ते का गर्भ था। 12 मई को गुजरात हाईकोर्ट ने अबॉर्शन की इजाजत दी थी लेकिन मेडिकल कॉम्प्लीकेशन की वजह से डिलीवरी करानी पड़ी। बच्ची के पेट में पल रहे भ्रूण का वजन दो किलो था। इसके अलावा नाबालिग को एनीमिया था। ऐसे में लड़की को जान का खतरा था। अतः डॉक्टर्स ने अबॉर्शन की जगह सिजेरियन (ऑपरेशन से डिलीवरी) को बेहतर समझा। यह देश का पहला मामला है, जब कोर्ट ने 33 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की अनुमति दी थी। इससे पहले 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने 32 हफ्ते के गर्भपात की अनुमति दी थी।

### दोनों आरोपी भी हैं नाबालिग



महाराष्ट्र की एक महिला का 2022 में तलाक हो गया था। महिला के दो बच्चे भी थे। इसके बाद उसने राजकोट में रहने वाले एक युवक से दूसरी शादी कर ली थी। इसी दौरान महिला अपनी 13 साल की बेटी के साथ 27 अप्रैल 2025 को महाराष्ट्र में अपनी बहन के घर गई थी। यहां बेटी ने पेट दर्द की शिकायत की तो सरकारी अस्पताल में जांच कराई। इसमें पता चला कि बच्ची 20 से 22 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और महिला पुलिस की काउंसलर ने बच्ची से पूरी सच्चाई जानी। बच्ची ने उन्हें बताया कि राजकोट में उसके चचेरे भाई साहिल (बदला हुआ नाम) और उसके दोस्त ने कई बार उससे दुष्कर्म किया था। बच्ची की मां ने चालीसगांव थाने (जलगांव जिला) में आरोपी और उसके दोस्त के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामला महाराष्ट्र में दर्ज हुआ था, जिसे बाद में राजकोट स्थानांतरित कर दिया गया। राजकोट पुलिस ने 29 अप्रैल को मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि दुष्कर्म के दोनों आरोपी भी नाबालिग हैं। कोर्ट के आदेश पर दोनों नाबालिग सुधार गृह में हैं। रेप का मामला दर्ज होने के बाद बच्ची और उसके परिवार के लिए सबसे बड़ी चिंता उसे पेट में पल रहे भ्रूण को लेकर थी। बीती 2 मई को नाबालिग आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। इसके अगले दिन यानी कि 3 मई को बच्ची के परिवार ने राजकोट की निचली अदालत में गर्भपात के लिए याचिका दायर की। जब निचली अदालत ने मेडिकल रिपोर्ट मांगी तो पता चला कि नाबालिग को अब 31 हफ्ते और 6 दिन गर्भ था।




## साहित्य सृजन




### मनमीत

हृदय-कुंज जब उमड़े प्रीत,
बन जाती कविता मनमीत।
वाणी में भाव प्रबलता हो ,
शब्दों में गहन तरलता हो ,
चुन चुन कर छलनी से छाले,
बंध हटे अंतर- उर -जाले,
जब सरगम स्वर जाते जीत।
बन जाती कविता मनमीत।
संयम और अनुशासन हो ,
वीणा-पाणि प्रशासन हो,
उद्गार हेतु व्याकुलता हो,
लिपिबद्ध हेतु अकुलता हो,
जब होती है भावों की जीत ।
बन जाती कविता मनमीत।
मजबूर करें कर लेखन को अंतर्मन प्रतिलिपि देखन को,
मनभावन के राग समाहित ,
तेज चले उच्छवास प्रवाहित,
जब होता लेखन अभिजीत।
बन जाती कविता मनमीत।
अलि गुंजन गान सुनाई दे ,
फूलों के गिर्द दिखाई दे ,
कलियों का अलि से संवाद,
रसपान हेतु मन में उन्माद,
जबअंतर मन में बाजे गीत ।
बन जाती कविता मनमीत।
मृगतृष्णा की परछाई हो,
यादें जब दृग भर लाई हो,
छलिया की छवि हृदय विराजे,
सरस राग अंतर धुन बाजे,
होती जब दर्पण से प्रीत।
बन जाती कविता मनमीत।



प्रवीणा पाण्डेय, रीवा



### राष्ट्र एकता

है राष्ट्र एकता प्रथम अहम।
वयम पंचाधिकम शतम।
खत्म करो आतंकिस्तान।
बहुत हुआ अब पाकिस्तान।
जो नहीं आते आदत से बाज।
कब्र खुदेगी उन सबकी आज ।
लाहौर कराची तक भरपूर।
जारी है मिशन सिंदूर।
चुन-चुनकर सब करो तबाह।
मत करना कोइ परवाह।
मारे थे जो धरम पूछकर।
उनको मारो ढूंढ ढूंढकर।
न कोई जिंदा बचे बटेर।
कर देना एक-एक को ढेर।
आतंकवाद से नहीं रहम।
वयम पंचाधिकम शतम।



ललित पांडे 'विंध्य पुत्र', रीवा



### विसर्जन

छीन सिंदूर पाक ने, किया घिनौना काम,
करो विसर्जन पाप का, होगा नष्ट तमाम।
माँग सिंदूर सोहता, हर नारी के माथ ,
प्रेम आत्मा जोड़ती, कटुक विसर्जन साथ।
करें विसर्जन क्रोध का, बैर, कपट,मद, लोभ,
करते इनका त्याग जो, होता
कभी न क्षोभ।
ओम भगवान का करें, मिलकर
पूजन जाप,
दु:ख हरें विघ्नेश जी, करें विसर्जन पाप।
विनय करूँ श्री राम से, मंगल कीजे आप ,
कलुष जाति के भेद का, करो नाश है पाप।
करें समय विसर्जन जो, धरती के भगवान
रोगी की सेवा करें, वो चिकित्सक महान ।



रश्मि शुक्ला, पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा




### झूठ की दुनिया

सच के कान खड़े हो गये,
जब झूठ ने बोला सच,
आँखों ने सहमति जताई,
दिल ने कहा, एक बारी,
टटोल कर देख तो लो,
क्या मालूम निकले भ्रम,
तीनों ने जब विमर्श किया,
एक ही बात निकल कर,
सामने आई, झूठ ने लिया है,
विस्तारित आकार,
जब झूठ से दुनिया भर जायेगी,
सारे झूठे तर जाएंगे,
सच वाले तू रहे किनारे,
पिंड दान कर दे... झूठों को तर्पण।



धर्मेंद्र मिश्रा

बघेली

### बोल बघेली बोल

हिमालय से ज्वालामुखी फूट के निकर परी,
सह पइहे आंच तै न हिन्दुस्तानी वीर के।
वा दारी त दुर्गा रहीं य दारी हें महाकाल,
भुट्टो अस होइ हाल तोरव त अखीर के॥
रे ढीठ नीच मान बात कर न तै उत्पात,
भारतीय भूंगोल मांही सरहद तीर के।
जब तक सुरिज औ चन्दा हें अकास मांही,
धरती मां लहरइ तिरंगा कश्मीर के ॥



हेमराज 'हंस' मैहर

# 20 रक्तवीर योद्धा हुये सम्मानित




**जागरण, सतना।** एमराल्ड ग्रीन सोसाइटी मे विगत दिवस सिन्धु विकास समिति एवं जायंट्स ग्रुपऑफस्मार्ट सिटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमे मातृशक्ति सहित 20 रक्तवीरो ने रक्तदान किया । समिति परिवार ने 18 मई रविवार सोसाइटी परिसर में डॉ एस के श्रीवास्तव,डॉ नवीन कालरा, डॉ सारिका कालरा डॉ मनीषा सोई डॉ रेखा पांडे,वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर लाल भोजवानी संरक्षक मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी, महामंत्री घनश्याम मंघरानी अजय सुखरामनी जेठानंद वाधवानी,की गरिमामय उपस्तिथि में रक्तवीरो को रक्त योद्धा सम्मान एवं सोसाइटी अध्यक्ष अजय सुखरामानी को शाल श्री फल एवं स्मृति प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया। निरंतर रक्तदान कर रहे समाजसेवी जेठानंद वाधवानी को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**इनका हुआ सम्मान :** समीर सुखरामानी,शेफाली सुखरामनी,सीमा दुदानी रविंद्र दुदानी डॉरू दीपक सोई,मनीष सदानी,शंकर धनवानी,राहुल आरतनी,शनि कुमार सूर्यवंशी, आकाश बनर्जी,मनोहर डिगवानी, भरत गेलानी,दीक्षा गेलानी,मोहित कापड़ी,जैकी छाबड़िया को रक्तवीर के रूप मे सम्मानित किया गया। सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी निरंतर युवाओं एवं मातृशक्ति के साथ साथ 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के युवाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहते हैं आज उसी का परिणाम है कि अनेक युवा एवं मातृशक्ति कई शुभ कार्यों को रक्तदान करके मनाते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोहर आरतानी एवं आभार महामंत्री घनश्याम मँघरानी ने किया। सम्मान के अवसर पर गुरुप्रसाद तिवारी, मुकुल जैन, लक्ष्मण थदानी, संरक्षक मनोहर डिगवानी संस्थाध्यक्ष विनोद गेलानी मनोहर भोजवानी मनोहर आरतनी घनश्याम मंघरानी संजय वाधवानी दीपक वाधवानी रूपचंद छुट्टानी मनीष सदानी पंकज आहूजा आकाश बनर्जी अंतू गुप्ता शंकर धनवानी रविंद्र दुदानी समीर सुखरामनी अमित आहूजा मातृशक्ति सीमा दुदानी शेफ़ाली सुखरामानी काजोल धनवानी,एवं अनेक समाजसेवीगण एवं मातृशक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# डॉक्टर रश्मि सिंह की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का किया पुतला दहन



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पौड़ी चौकी पास कांग्रेसजनो ने डॉक्टर रश्मि की विशेष उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा भारतीय सेना के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए पुतला दहन किया। इसके बाद भी प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व इन नेताओं पर सख्त कार्रवाई का कोई श्चाबुकश् नहीं चला रहा है जिससे मप्र और देश की छवि खराब हो रही है। डॉ रश्मि ने कहा कि पहलगाम में हमारे देश के 26 निर्दोष लोगों को मारने वाले कायर पाकिस्तानी आतंकियों को सांसद जी द्वारा श्अपनाश् तथा श्हमारेश् आतंकवादी कहना सेना का घोर अपमान है। मप्र भाजपा से इन नेताओं द्वारा ऐसी लज्जित भाषा का उपयोग करना संगठन के कथित अनुशासन की पोल खोलता है।कोई सामान्य व्यक्ति यदि मंत्री मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री जी के लिए कोई अमर्यादित बात कहता तो अभी तक तो उसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई हो जातीए लेकिन देश की कर्नल बेटी पर गलत बोलने दोनों मंत्री जी को हाथी की सवारी कराई जा रही है। तत्काल सभी को पार्टी से बर्खास्त करे। प्रमुख रूप से कांग्रेसजन रामबिहारी पराँहा, बलिराम सिंह, चंद्रभान सिंह, अनुराग सिंह, अमित विश्वकर्मा,सुदामा कुशवाहा, रामबली जायसवाल, पुष्पांजलि यादव, पूनम जायसवाल, बेबी सिंह,महेंद्र सिंह, सौरव सेन, अनीश बंसल, गोलू तिवारी, आशीष पांडेय, अमरजीत वर्मा, रामसुरेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर जश्न-ए-तिरंगा 22 को




**रीवा।** पहलगाम में हुये आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर हिन्दू धर्म परिषद युवा शाखा एवं रिदम् म्यूजिकल ग्रुप परिवार द्वारा आगामी 22 मई को सायं 06:00 बजे से स्थानीय हेमू कालाणी चौक स्वागत भवन के सामने जश्न-ए-तिरंगा का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें ढोल-नगाड़ों के साथ देशभक्ति के गीतों से अपनी देश भक्ति भावना का प्रदर्शन करने नगर के गणमान्य देशभक्त और धर्म प्रेरक नागरिक शामिल होंगे। हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई एवं वरिष्ठ संरक्षक डी.पी.सिंह परिहार व अविराज के मार्गदर्शन में होने वाले इस कार्यक्रम को युवा शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और रिदम परिवार के अध्यक्ष डॉ.विनोद तिवारी के नेतृत्व में संचालित किया जायेगा। परिषद के संयोजक सुमित माँजवानी ने बताया कि ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता हिन्दू और सनातन धर्म के गौरव को बढ़ाने वाली है जिसे निरंतर जारी रखने और सेना का धन्यध्वाद करने यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीरचंद दुबे, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, युवा अध्यक्ष विकास सेन आर्यन ने नगरवासियों से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है। कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है।

# सर्व समाज ने जताया आभार



**जागरण, सतना।** देश की आन बान और शान का प्रतीक बनकर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के अवसर पर जन.जन के हृदय में उमड़े उत्साह और उमंग को अभिव्यक्त करने हेतु आयोजित तिरंगा यात्रा की अभूतपूर्व सफलता के लिए आयोजन समिति के संयोजक महापौर योगेश ताम्रकार ने समस्त सहभागीगणों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया किया है। इस आयोजन को गौरवशाली बनाने में राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, हिन्दू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, विभिन्न धर्मों के श्रद्धालुजन, मुस्लिम समुदाय के भाई.बहनें, समस्त जाति.बिरादरी, सामाजिक व धार्मिक संगठनों, विंध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं उससे जुड़े सभी व्यापारिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों तथा युवा संगठनों की सहभागिता सराहनीय रही। यात्रा के मार्ग में व्यापारी बंधुओं, सामाजिक संस्थाओं एवं सतना नगर के नागरिकों ने जिस भव्यता और श्रद्धा से तिरंगा यात्रा का स्वागत कियाए वह न केवल अभिनंदनीय है बल्कि राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल भी है। साथ हीसह संयोजक विजय तिवारी रामबाबू त्रिपाठी प्रचार प्रसार प्रमुख श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने समस्त प्रचार माध्यमकृप्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जिला प्रशासन नगरीय प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगर निगम प्रबंधन द्वारा जो सहयोग प्रदान किया गयाए वह सराहनीय एवं प्रेरणादायी है।

# दीन सहायक संस्था कोठी में शिशु चिकित्सा शिविर के साथ खोला गया प्याऊ




**जागरण, सतना।** आज दीन सहायक संस्था परिसर कोठी में सतना मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर योगेश शुक्ला जी के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए निशुल्क शिशु चिकित्सा कैंप की शुरुआत की शुरुआत की गई जिसमें डॉक्टर की टीम के द्वारा शिशु रोगियों का निशुल्क परीक्षण किया गया एवं दवाइयां बांटी गई तथा इसके साथ.साथ संस्था परिसर के द्वार पर निशुल्क प्याऊ खोला गया आमजन एवं राहगीर को बढ़ती गर्मी में प्यास से राहत मिले इसके लिए संस्था द्वारा निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया संस्था के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्रौलिया ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया ए इस दौरान मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष पंडित दयाशंकर मिश्रौलिया ए प्रमोद अग्रवाल एकृष्ण पाल सिंहए पंकज मिश्रौलिया एशिवजीत सिंह एशिवमोहन प्रसाद सोनीए सतीश गुप्ता एऋषि सोनीए संजय सोनी एवं डॉ योगेश शुक्ला जी की संपूर्ण टीम उपस्थित रही ।

# अहिल्या बाई होलकर की जयंती को लेकर भाजपा कार्यालय में हुई कार्यशाला

## राज्यमंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद

**जागरण, सतना।** 26 मई को भाजपा जिला कार्यालय में शाम 4 बजे रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म जयंती है। उनके जीवन एवं उनके राष्ट्र तथा भारतीय समाज एवं सनातन पंथ के लिए किये गये पुण्य प्रयासों को जन जन तक चरितार्थ करने के लिये भारतीय जनता पार्टी कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला आयोजित कर रही है। ये समस्त कार्यक्रम 21 से 30 मई तक आयोजित होंगे। शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले मे भी इन कार्यक्रमों की पूरी श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सतना मे इस संदर्भ मे विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सतना में 'भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता' में आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यशाला में राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सांसद गणेश सिंह विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित रामदास मिश्रा नरेंद्र त्रिपाठी जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी ऊषा चौधरी पूर्व महापौर ममता पांडेय विनोद तिवारी विनोद यादव चंद्रकमल त्रिपाठी की गरिमामय उपस्थित रही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि 21 मई से 30 मई के कार्यक्रम के ोयजक जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा सिंह सह संयोजक रामसहाय गौतम और सदस्य सीमा सिंह आशा शुक्ला अतुल सिंह परिहार होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष गवती प्रसाद पाण्डेय ने रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती पर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ मे संक्षेप मे उल्लेख किया तथा पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर के कृतित्व का वर्णन किया ।

**रानी अहिल्याबाई होलकर किरदार अविस्मरणीय: प्रतिमा बागरी :** राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व को सामान्य शब्दों मे समाहित नहीं किया जा सकता। महाराष्ट्र के सामान्य परिवार मे जन्म लेकर रिसासत की महारानी तक का उनका किरदार अविस्मरणीय है। भारत वर्ष के इतिहास मे पुण्य श्लोक की उपाधि धर्मराज युधिष्ठिर राजा नंद के बाद लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को ही मिली है। उस समय मालवा के पेशवा मल्हार राव होलकर ने बाल्य रूप में अहिल्याबाई को देखा था और उनको अपनी बहू बनाकर मालवा ले आये थे। प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य मे रानी अहिल्याबाई होलकर की सम्पूर्ण जीवनी और उनके किये पुण्य प्रयासों को विस्तार पूर्वक बताया तथा एक सशक्त नारी शक्ति के रूप मे भारत और सनातन को दिए योगदान पर विस्तृत जानकारी दी।

**मातृशक्ति को वापस दिलाया सम्मान :** गणेश सिंह सांसद गणेश सिंह ने कहा की हम रानी अहिल्याबाई हेलकर की 300वीं जयंती मना रहे हैं। अपने पति और पुत्र के निधन के बाद उन्होंने राज्य की बागडोर अपने हांथों में ली तथा मराठा साम्राज्य की राजधानी इंदौर को बनाया। वो राज्य का हर निर्णय भगवान शिव को साक्षी मानकर लेती थीं तथा राज्य और लोक कल्याण के लिए अनेकों सामाजिक कुरीतियों को बदला। उन्होंने विधवा विवाह, नारी शिक्षा, दहेज प्रथा विरोधी, बाल विवाह विरोधी कानून बनाये तथा मातृ शक्ति को उसका सम्मान वापस किया। ऐसी शिव भक्तिनी रानी अहिल्याबाई हेलकर ने भारत वर्ष भर मे आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट देवालयों तथा सप्त पुरियों का पुनर्निर्माण कराया तथा तीर्थ स्थलों की भव्यता स्थापित की। भारत वर्ष के इतिहस मे उनके जैसा शासक नहीं हुआ और न होगा। हमारी पार्टी उस दिव्यात्मा के सिद्धांतों को आत्मसात करना चाहती है तथा उनके द्वारा लोक कल्याणकारी शासन व्यवस्था को लागू करना चाहती है तथा उनके देवीय कृत्यों को जन.जन तक पहुंचाना चाहती है। इसलिए आप सभी इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तन्मयता से लगें। इस तैयारी बैठक का सफल संचालन कार्यक्रम की संयोजक जिला उपाध्यक्ष सुधा सिंह ने किया तथा आभार आशा शुक्ला ने किया।

# प्रकरणों को पेंडिंग रखने व मनमाना आदेश पारित करने का आरोप

## सिरमौर एसडभ्एम की प्रमुख सचिव राजस्व विभाग से की शिकायत

**जागरण, रीवा।** सेमरिया क्षेत्र के एडवोकेट महेन्द्र पिता मधुसूदन मिश्रा ने प्रमुख सचिव राजस्व विभाग / मंत्रालय को आवेदन देकर अनुभाग सिरमौर के अनुविभागीय अधिकारी राजेश सिन्हा पर अनियमितता, भ्रष्ट आचरण एवं दलाली प्रथा संचालित करने के साथ ही आर्थिक लाभ के लिए प्रकरणों को पेंडिंग रखने तथा प्रकरणों में विधि की मंशा से बाहर जाकर मनमानी पूर्वक आदेश पारित करने का आरोप लगाया।

**निजी व्यक्ति को बना रखा एजेन्ट :** शिकायत में महेन्द्र मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनके पिता मधुसूदन के नाम के स्थान पर ददन प्रसाद दर्ज हो गया था, जिसे सुधारने उनके द्वारा वर्ष 2022-23 खसरा सुधार का आवेदन पत्र पेश किया गया था जो प्रकरण क्रमांक 33/अ-6/22-23 महेन्द्र मिश्रा विरुद्ध शासन मप्र पटवारी हल्का बुसौल कलेक्टर रीवा से अभिमत मिल जाने के बाद भी 6 माह से आर्थिक लाभ पाने पेंडिंग में रखा गया है जो गंभीर चिन्ता का विषय है। आवेदक मिश्रा ने ये भी आरोप लगाया है कि विगत एक वर्ष से सिरमौर में सेवारत अनुविभागीय अधिकारी सिन्हा दलाली प्रथा संचालित कर राजस्व विभाग की पवित्रता को दागदार करने वाले राजस्व अधिकारी हैं। इनके द्वारा विधि विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए तत्पर रहने वाले निजी व्यक्ति अभय द्विवेदी को आर्थिक लाभ लेने के लिए बतौर एजेन्ट अपने विभागीय वाहन में साथ लेकर अनुभाग सिरमौर कार्यालय एवं तहसील सेमरिया कार्यालय में सांठगांठ के लिए रखे हुए हैं।

## वैद्य वासुदेव त्रिपाठी का निधन



**सतना।** जिले के प्रख्यात वैद्य वासुदेव त्रिपाठी बरेठिया का 84 वर्ष की आयु में बीते 16 मई को दुखद निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। कई दिनों तक बिरला में इलाज चला। उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर ले जाया जा रहा था सिहोरा के पास अचानक तबियत बिगड़ी और देहावसान हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव बरेठिया में किया गया। जहां बड़े बेटे वाल्मीकि त्रिपाठी ने मुखाग्नि दी। वैद्य जी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## विधि को दी गई विधि की उपाधि



**रीवा।** एकेएस विवि सतना में विधि विभाग में कार्यरत विधि शम्भरकर को बरकतुल्लाह विवि से विधि में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। विधि शम्भरकर के शोध का विषय 'जेंडर आईडेंटिटी इश्यू ऑफ ट्रांसजेंडर इन द प्रेजेंट लीगल सिनारियो इन इंडिया ह्यूमन राइट्स परस्पेक्टिव' था। श्रीमती विधि ने डॉ बीके चौरसिया, असोसिएट प्रोफेसर स्टेट लॉ कॉलेज भोपाल के मार्गदर्शन मे अपना शोध कार्य पूर्ण किया। विधि शम्भरकर तीन बार यूजीसी नेट की परीक्षा भी विधि विषय से उत्तीर्ण कर चुकी हैं। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने गाइड डॉ बीके चौरसिया एवं अपने परिजनों को दिया है। श्रीमती विधि शम्भरकर अभिषेक बिहारी की पत्नी हैं। अभिषेक बिहारी शासकीय श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा में कार्यरत हैं।

# लॉ कॉलेज में 85 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मचारी निभा रहे दैवेभो का दायित्व

### दैनिक वेतन पर नियोजित व्यक्तियों से काम लेने की अधिकतम आयु सीमा निर्धारण का नहीं पालन

**जागरण, रीवा।** शहर के लॉ कॉलेज में 85 वर्षीय सेवानिवृत्त बाबू दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत हैं। शासन के नियमानुसार स्थाई कर्मचारियों के साथ ही दैवेभो की भी सेवानिवृत्ति की आयु सीमा निर्धारित की गई है, किन्तु लॉ कॉलेज में उक्त आदेश के पालन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। 85 वर्षीय बुजुर्ग अपनी मनमानी का राज चला रहे हैं। परन्तु रीवा लॉ कॉलेज ने ये कारनामा कर दिखाया।

### पेंशन के लिए जिन्दा होने का दिया था प्रमाण-पत्र

15 दिसंबर 1941 में जन्में सेवानिवृत्त बाबू रामसजीवन शुक्ल रीवा के लॉ कॉलेज में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं, और अपने जीवित होने का प्रमाण-पत्र भी दे रहे हैं। पेंशन के लिए उनके द्वारा 2 नवंबर 2024 को पंजाब नेशनल बैंक सैनिक स्कूल रीवा में पास पोर्ट फोटो, पीपीओ की प्रति, मोबाइल नंबर व आधार कार्ड की प्रति जमा कर खुद के जिन्दा होने का प्रमाण पत्र भी दिया है। जिसके आधार पर उनकी उम्र 85 वर्ष हो रही है।



### 62 वर्ष निर्धारित है उम्र

नवंबर 2012 में मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग उप सचिव आरके गजभिये द्वारा आदेश क्रमांक सी 5-1/2012/1/3 के माध्यम से शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष राजस्व मण्डल, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त संभागायुक्त, समस्त जिला कलेक्टर व समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को पत्र जारी कर दैनिक वेतन पर नियोजित व्यक्तियों से काम लेने की अधिकतम आयु सीमा का निर्धारण किया गया था।

## गोंड स्थापत्य कला पर छायाचित्र प्रदर्शनी 18 से 24 मई तक

**रीवा।** विश्व संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में 18 से 24 मई तक गोंड स्थापत्य कला विषय पर छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 18 मई को सुबह 11 बजे होगा। इस संबंध में संग्रहाध्यक्ष केएल डाभी ने बताया कि संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश भोपाल के तत्वाधान में कार्यालय संग्रहाध्यक्ष जिला पुरातत्व संग्रहालय व्यंकट भवन रीवा द्वारा 18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस पर छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर प्राचीन मूर्तिकला विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

वर्ष 72 अंक 230 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 19 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

समय और परिस्थितियां इतनी तेजी से बदलती हैं कि हमें अपना लक्ष्य निरंतर भविष्य पर केंद्रित रखना चाहिए।
- वॉल्ट डिज्नी

## ऑफ बीट

### सिगरेट छुड़ाने के लिए पिंजरे में बंद किया मुंह



*कई लोग सिगरेट और शराब की लत चाहकर भी नहीं छोड़ पाते हैं। तुर्की के एक शख्स को भी ऐसी ही बुरी लत लगी थी। वह करीब 12 साल से सिगरेट और शराब छोड़ना चाह रहा था। इसके बाद शख्स की पत्नी ने जो किया, उसे जानकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। दरअसल, पत्नी ने अपने पति के चेहरे को पिंजरे में बंद कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि इस पिंजरे में उसने लॉक भी लगा दिया। अब उसकी पत्नी सिर्फ खाना और पानी के लिए ही पिंजरे को खोलती है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं शख्स के सिर पर हेलमेट के आकार का एक पिंजरा लगा हुआ है। शख्स का नाम इब्राहिम यूसेल बताया जा रहा है। इन तस्वीरों को एक यूजर ने इंटरनेट पर अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है।*

### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**हैदराबाद बनाम लखनऊ**
**समय : शाम 7.30 बजे से**
**प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर**
**परिणामः पंजाब ने राजस्थान को 10 रन से हराया।**

### उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# जाति प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में नहीं है तो आरक्षण का लाभ भी नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी भी भर्ती विज्ञापन के तहत आवेदन करने के लिए जाति प्रमाणपत्र उसी विशेष प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जैसा कि विज्ञापन में निर्धारित किया गया है। केवल किसी आरक्षित श्रेणी से संबंधित होने के आधार पर कोई कैंडिडेट इस व्यवस्था से छूट का दावा नहीं कर सकता।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने यह टिप्पणी उस मामले में की जिसमें एक उम्मीदवार ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन के तहत आवेदन किया था। कैंडिडेट ने ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) प्रमाणपत्र केंद्र सरकार के लिए मान्य प्रारूप में प्रस्तुत किया था, जबकि विज्ञापन में स्पष्ट रूप से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र की मांग की गई थी। निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने पर उम्मीदवार को अनारक्षित श्रेणी में माना जाना था। जब इस आधार पर कैंडिडेट को भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया तो उसने पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट से राहत न मिलने पर वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि भर्ती विज्ञापन की शर्तों का पालन करना प्रत्येक कैंडिडेट का कर्तव्य है।

### प्रमाणपत्र के तय फॉर्मेट की अनदेखी पर भर्ती में छूट नहीं



न्यायमूर्ति दत्ता द्वारा लिखे गए फैसले में 2013 के एक अन्य मामले रजिस्टार जनरल कलकत्ता हाईकोर्ट बनाम श्रीनिवास प्रसाद शाह (2013) का हवाला देते हुए कहा गया कि यदि कोई प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप में न हो और वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा न जारी किया गया हो, तो उसका कैंडिडेट की पात्रता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि उम्मीदवार से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह प्रमाणपत्र के प्रारूप को लेकर असमंजस में रहे। यदि उसे संदेह था, तो वह संबंधित प्राधिकारी से सही प्रारूप में प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकता था। केवल इस आधार पर कि वह आरक्षित जाति से संबंधित है, वह गलत प्रारूप को तकनीकी त्रुटि कहकर छूट नहीं मांग सकता।

### बीपीएल छात्रों की सब्सिडी तक सीमित नहीं किया जा सकता एनआरआई छात्रों से लिया गया शुल्क

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्णय में स्पष्ट किया कि स्ववित्तपोषित (सेल्फ-फाइनेंसिंग) संस्थानों में एनआरआई (अनिवासी भारतीय) छात्रों से वसूला गया शुल्क केवल गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के छात्रों की फीस में सब्सिडी देने तक सीमित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि इस शुल्क का उपयोग संस्थानों की विभिन्न आवश्यकताओं और उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जिसमें बीपीएल छात्रों को छात्रवृत्ति देना भी एक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह एकमात्र उद्देश्य नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह फैसला दिया।

यह निर्णय केरल मेडिकल शिक्षा अधिनियम, 2017 के अंतर्गत गठित फीस विनियामक समिति द्वारा निर्धारित शुल्क को चुनौती देने वाले एक मामले में आया। यह समिति राज्य के स्ववित्तपोषित मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कोर्स की फीस तय करने के लिए अधिकृत है। समिति ने एनआरआई कोटा के अंतर्गत तय की गई फीस का एक हिस्सा बीपीएल छात्रों को छात्रवृत्ति या वित्तीय सहायता देने के लिए बनाए गए एक कोष में जमा कराने का निर्देश दिया था।

### कोर्ट ने खारिज किया एनआरआई का तर्क

सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न संविधान पीठ के निर्णयों का हवाला देते हुए एनआरआई छात्रों की दलील खारिज कर दी कि सरकार स्ववित्तपोषित संस्थानों के लिए कठोर या एकरूप फीस ढांचा निर्धारित नहीं कर सकती। कोर्ट ने कहा, 'इस्लामिक एकेडमी और मॉडर्न डेंटल कॉलेज मामलों में साफ कहा गया है कि स्ववित्तपोषित संस्थानों को अपनी वित्तीय आवश्यकताओं और छात्रों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए स्वतंत्र रूप से शुल्क निर्धारण की अनुमति होनी चाहिए।'

### पाकिस्तान पर आ सकता है बड़ा आर्थिक संकट

# कर्ज देकर आईएमएफ ने लगा दीं 11 नई शर्तें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान पर बड़ा संकट आ सकता है। उसे लोन की एक किस्त तो मिल गई है लेकिन दूसरी किस्त जारी करने से पहले इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ ने पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं। इसके साथ ही आईएमएफ ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि भारत के साथ तनाव से योजना के राजकोषीय, बाह्य और सुधार लक्ष्यों के लिए जोखिम बढ़ सकते हैं। पाकिस्तान पर लगाई गई नई शर्तों में 17,600 अरब पाकिस्तानी रुपए के नए बजट को संसद की मंजूरी, बिजली बिलों पर लोन भुगतान अधिभार में वृद्धि और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध को हटाना शामिल है।

आईएमएफ ने कहा है कि दो सप्ताह में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ा है, लेकिन अबतक बाजार की प्रतिक्रिया मामूली रही है और शेयर बाजार ने अपने हाल के अधिकांश लाभ को बरकरार रखा है। आईएमएफ की रिपोर्ट में अगले वित्त वर्ष के लिए रक्षा बजट 2,414 अरब रुपए दिखाया है, जो पिछले बजट की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ के अनुमान की तुलना में सरकार ने इस महीने की शुरुआत में भारत के साथ टकराव बढ़ने के बाद रक्षा क्षेत्र के लिए 2,500 अरब अधिक आवंटित करने का संकेत दिया है। आईएमएफ ने कहा है कि पाकिस्तान को रक्षा बजट नहीं बढ़ाना चाहिए, बल्कि भारत से तनाव कम करना चाहिए।




### पाक पर अब तक लग चुकी हैं 50 शर्तें

आईएमएफ ने पाकिस्तान पर अब 11 और शर्तें लगाई हैं। इस तरह पाकिस्तान पर अब तक 50 शर्तें लगाई जा चुकी हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान का कुल बजट आकार 17,600 अरब रुपए का है। इसमें से 1,0700 अरब रुपए विकास कार्यों के लिए होंगे। प्रांतों पर भी एक नई शर्त लगाई गई है। इसमें चार संघीय इकाइयां एक व्यापक योजना के माध्यम से नए कृषि आयकर कानूनों को लागू करेंगी, जिसमें रिटर्न प्रसंस्करण, करदाता पहचान और पंजीकरण, संचार अभियान और अनुपालन सुधार योजना के लिए एक परिचालन मंच की स्थापना शामिल है। एक और नई शर्त यह है कि सरकार आईएमएफ के संचालन में सुधार के आकलन की सिफारिशों के आधार पर कामकाज के संचालन की कार्रवाई योजना प्रकाशित करेगी। इसके अलावा एक और शर्त यह है कि सरकार 2027 के बाद की वित्तीय क्षेत्र की रणनीति की रूपरेखा तैयार करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जुर्माना माफ कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंची वोडाफोन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की तीसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने सरकार द्वारा 5 अरब डॉलर (लगभग 41,000 करोड़) से अधिक के बकाया पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की याचिका खारिज किए जाने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कंपनी ने अपनी याचिका में कहा है कि कंपनी का अस्तित्व खतरे में है और यदि सरकार राहत नहीं देती है तो यह न केवल कंपनी के लिए, बल्कि भारत के संपूर्ण दूरसंचार क्षेत्र और वैश्विक निवेशकों की नजर में देश की साख के लिए भी बड़ा झटका साबित होगा। कंपनी ने अपनी अपील में यह भी उल्लेख किया कि अगर तत्काल राहत नहीं मिली तो कंपनी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बाद अपना संचालन जारी नहीं रख पाएगी।

### ईओएस-09 सैटेलाइट की लॉन्चिंग विफल



**बेंगलुरू, जेएनएन।** इसरो ने रविवार को 101वें मिशन के तहत ईओएस-09 सैटेलाइट को पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी61) के जरिए लॉन्च किया, लेकिन यह कुछ ही मिनटों में असफल हो गया। पीएसएलवी-सी61 रॉकेट 44.5 मीटर ऊंचा और 321 टन वजनी था। यह सुबह 5.59 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से रवाना हुआ। रॉकेट के पहले और दूसरे चरण ने सामान्य रूप से काम किया, लेकिन तीसरे चरण में खामी देखी गई।

# आरएसएस मुख्यालय पर हमले का आरोपी अबू सैफुल्लाह ढेर

### पाकिस्तान के सिंध में अज्ञात हमलावरों ने मारी गोली

**कराची, जेएनएन।** लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह मारा गया है। सैफुल्लाह 2006 में नागपुर के आरएसएस मुख्यालय पर हुए हमले में शामिल था। इसके अलावा 2008 में उत्तर प्रदेश के रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हुए आतंकी हमले और 2005 आईआईएससी बेंगलुरु पर हमले की साजिश का भी मास्टरमाइंड था। उसे पाकिस्तान के सिंध में मतली फलकारा चौक के पास अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। सैफुल्लाह को कब गोली मारी गई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। सैफुल्लाह नेपाल में लश्कर के मॉड्यूल पर काम कर रहा था। वह नेपाल में विनोद कुमार के नाम से काम करता था। उसने नेपाली महिला नगमा बानू से शादी की थी। सैफुल्लाह भारत में आतंकियों की घुसपैठ और आर्थिक मदद जुटाने जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहा था।



बता दें कि इससे पहले लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल 15 मार्च की रात पाकिस्तान में मारा गया था।

# मुख्यमंत्री की घोषणा : अब कर्मचारियों को दिया जाएगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 9 साल से कर्मचारियों का एचआर लटका था, जिसमें मैं काफी दुःखी था, मेरा मानना है कि जिनके हक की चीज है, उन्हें वह समय पर देनी चाहिए। इस मौके पर उन्होंने कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने की घोषणा की।

सीएम रविवार को रवींद्र भवन में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अभिनन्दन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी सरकार और जनता के बीच नल और नील की तरह सेतु बनाने का कार्य कर रहे हैं। उनकी कर्तव्य निष्ठा से ही हमारा प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।



भोपाल के रविंद्र भवन में अभिनंदन समारोह को संबोधित करते डॉ. मोहन यादव।

रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विशेष अभियान संचालित हैं। पुलिस में सभी पद भरे गए हैं। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राच्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने केंद्र सरकार का अनुसरण करते हुए प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र के समान करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही 9 वर्षों से लंबित हाउस रेंट अलाउंस की मांग को भी पूरा किया गया है।

### मायावती के भतीजे बने बसपा के मुख्य संयोजक



**लखनऊ, जेएनएन।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी दी है। आकाश को चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया है। यह नंबर-2 की पोजिशन है। यानी, मायावती के बाद पार्टी में आकाश का दूसरा स्थान होगा। पार्टी ने पहली बार चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर का पद बनाया है। इससे पहले आकाश नेशनल को-ऑडिनेटर थे। बता दें कि बसपा तीन हिस्सों उत्तर भारत, पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में बंटी है।

# टीकमगढ़: दलित दूल्हे को घोड़ी पर बैठने के लिए बुलानी पड़ी पुलिस

### गांव के दबंग कर रहे थे राछ निकालने का विरोध, वीडियो वायरल

**जागरण, टीकमगढ़।** आजादी के 77 साल बाद आज भी बुंदेलखंड के कई क्षेत्र जातिवाद और छुआछूत से बाहर नहीं निकल सके हैं। कई गांवों में आज भी छोटी जातियों के लोगों को खुलकर जीने का भी अधिकार नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही मामला कुडीला गांव में आया, जब दलित जाति के एक दूल्हे को घोड़ी पर चढ़ने के पहले पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस आने के बाद ही गांव में वह घोड़ी पर बैठकर अपनी राछ निकाल सका। गांव के दबंग परिवार घोड़ी पर बैठकर राछ निकालने का विरोध कर रहे थे।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसने मामले को संभाला। बताया जाता है कि कुडीला थाना क्षेत्र के सरकर गांव में रहने वाले प्रकाश अहिरवार पिता मथुरा अहिरवार की बारात शनिवार को हरपालपुर जाना थी। बारात के पहले गांव में राछ निकाली जाना थी, इसमें डीजे के साथ दूल्हे को घोड़ी पर बैठना था। राछ छोटी बारात समान होती है। मगर घोड़ी पर बैठाकर दलित दूल्हे का राछ निकालते समय लोधी समाज के लोगों ने विरोध कर दिया। उसे पैदल ही राछ निकालने का दबाव बनाया जा रहा था। विवाद की जानकारी लगते ही भीम आर्मी के सदस्य गांव पहुंच गए और दबंगों का विरोध शुरू कर दिया। इसी बीच पुलिस भी आ गई। पुलिस ने मोर्चा संभालते ही अपनी मौजूदगी में दूल्हे को घोड़ी पर बैठाकर शांतिपूर्वक राछ निकलवाई। इसके बाद दूल्हा पक्ष के परिवारवाले हरपालपुर बारात लेकर रवाना हुए।



### अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर खान गिरफ्तार

**सोनीपत, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर पर कमेंट करने वाले अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोनीपत पुलिस ने दिल्ली के ग्रेटर कैलाश से गिरफ्तार कर लिया है। उन पर कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है।



प्रोफेसर अली खान के खिलाफ राई थाना में 2 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पहली एफआईआर जठेडी गांव के सरपंच की शिकायत पर हुई है। दूसरी एफआईआर महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया की शिकायत पर दर्ज की गई। दरअसल, रेणु भाटिया ने प्रोफेसर को समन जारी करते हुए 14 मई 2025 को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था।


## प्रवेश सूचना

### राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली

प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार की सी.टी.एस. योजना में अगस्त, 2025 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ट्रेड, प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए हैं :

| क्र. स. | ट्रेड का नाम | सीटें | प्रशिक्षण की अवधि | प्रवेश योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर | 108 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 2. | फिजियोथेरपी तकनीशियन | 60 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 3. | डेंटल लैब तकनीशियन | 24 | 2 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 4. | रेडियोलॉजी तकनीशियन | 20 | 2 वर्ष | बारहवीं कक्षा परीक्षा (विज्ञान वर्ग) उत्तीर्ण हो। |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखें।**

1. **प्रमाण पत्र :** पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद, सफल प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT), भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो कि केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/पीएसयू के अधीन अधीनस्थ पदों और सेवाओं की भर्ती के लिए मान्यता प्राप्त योग्यता है।
2. **चयन प्रक्रिया :** सभी सीटों पर दाखिले 'पहले आओ तथा पहले पाओ' के आधार पर किए जाएंगे।
3. **आयु :** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त 2025 को कम से कम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करें :** उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट **www.nitcindia.com** से प्रवेश पत्र ऑनलाइन भरकर ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विवरणिका को रुपये 200/- का नकद भुगतान करके संस्थान से भौतिक रूप से भी लिया जा सकता है।
   **नोट :** फॉर्म भरते समय रुपये 500/- का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क भी देय होगा ।
5. **छात्रवृत्ति :** प्रवेश के पश्चात् आय प्रमाण पत्र रखने वाले आरक्षित वर्ग के छात्र भारत सरकार की ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति की छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।
6. **बस–पास सुविधा :** सरकार छात्रों को 100 रुपये प्रति माह की दर से रियायती बस–पास सुविधा प्रदान करती है, यह दिल्ली में चलने वाली सभी एसी और गैर–एसी बसों में मान्य है।
7. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट **www.nitcindia.com** पर लॉग ऑन करें।
8. **प्रवेश की अंतिम तिथि : 30 जून, 2025**

**निदेशक**

**राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली**
30–34, सेवक पार्क, द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन, पिलर नं.–771 के सामने,
मेन नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली – 110059
व्हाट्स ऐप हेल्पलाइन : 9315138815, 011–42828067 (सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)

वि.स.: रा./औ./25


**तकनीकी आत्मनिर्भरता** | 29 यूनिट्स का उत्पादन कर भारत की घरेलू क्षमताओं को किया जाएगा साबित

# 2025 के आखिर तक तैयार होगा पहला भारतीय जीपीयू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने हाल ही में अपनी पहली सेमीकंडक्टर यूनिट उत्तर प्रदेश के जेवर में लगाने का फैसला किया है। इसके साथ ही अब सेमीकंडक्टर क्षेत्र में में एक और बड़ी उपलब्धि की खबर है। 2025 के अंत तक देश का पहला स्वदेशी जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) प्रोटोटाइप के रूप में सामने आ जाएगा। यह कदम भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर रेस में आगे लाएगा जहां अब तक अमेरिका, चीन, ताइवान और कोरिया जैसे देशों का दबदबा रहा है।

भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, इस जीपीयू का तकनीकी प्रदर्शन इस वर्ष तैयार होगा, जिसकी शुरुआत में 29 यूनिट्स का उत्पादन किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत की घरेलू जीपीयू डिजाइन क्षमता को साबित करना और भविष्य के लिए एक ठोस नींव तैयार करना है।


इस परियोजना की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत आने वाले सी-डेक (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग) को दी गई है। सी-डेक सुपरकंप्यूटिंग मिशनों में पहले से ही भारत की अगुआई कर रहा है। अब यह जीपीयू जैसी जटिल तकनीक को स्वदेशी रूप देने जा रहा है।

प्रस्तावित जीपीयू की कोर आर्किटेक्चर '1 गुणा के' नामक डिजाइन पर आधारित होगी, जिसे पूरी तरह भारत में ही विकसित किया जा रहा है। इससे भारत विदेशी तकनीकों और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पर निर्भर नहीं रहेगा।

अधिकारी ने स्पष्ट किया, 'अब हम केवल असेंबल नहीं कर रहे, हम अपनी ढ्ढक्क बना रहे हैं। इसका मतलब है कि भविष्य में किसी विदेशी संकट या व्यापारिक प्रतिबंध के समय हमारी तकनीक रोकी नहीं जा सकेगी।'

इस वर्ष जीपीयू के सफल प्रदर्शन के बाद सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक इन प्रोटोटाइप्स को पूरी तरह स्केलेबल और व्यावसायिक उत्पादों में बदला जाए। इसके लिए आवश्यक है कि भारत का सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर (फैब्स) तैयार हो जाए। सरकार को उम्मीद है कि दशक के अंत तक भारत में बड़े पैमाने पर जीपीयू निर्माण शुरू हो सकेगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जीपीयू के निर्माण के लिए जरूरी कई सहायक आईपी ब्लॉक्स (जैसे यूएसबी, मेमोरी कंट्रोलर, पेरीफेरल इंटरफेस आदि) बहुत जटिल और महंगे होते हैं। इसलिए इनके लिए वैश्विक कंपनियों जैसे एएमडी और एनविडिया से साझेदारी हो सकती है।

### तकनीक के साथ मिलेगी सैन्य और आर्थिक मजबूती



जीपीयू जैसे प्रोसेसर का उपयोग आज के युग में डेटा सेंटर्स, गेमिंग, रक्षा, एआई आधारित हथियार प्रणालियां और विज्ञान व अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में होता है। एक मजबूत जीपीयू इकोसिस्टम भारत को ना केवल तकनीकी बल्कि सैन्य और आर्थिक स्तर पर भी सशक्त बनाएगा।

**जटिल प्रक्रियाः** जीपीयू डिजाइन अत्यंत जटिल प्रक्रिया है, जिसमें हार्डवेयर डिजाइन के साथ-साथ सॉफ्टवेयर ऑप्टिमाइजेशन, कंपाइलर डेवलपमेंट, थर्मल प्रबंधन, और इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग शामिल होते हैं। भारत के लिए यह एक नई चुनौती जरूर है, लेकिन सुपरकंप्यूटिंग में पहले से उपलब्ध अनुभव इसे संभव बनाने में मदद करेगा।

**इस्तेमालः** जीपीयू पहले केवल इमेज रेंडरिंग के लिए इस्तेमाल होते थे, अब जनरल पर्पज कंप्यूटेशन (जीपीजीपूयू) के लिए भी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, और साइंटिफिक सिम्युलेशन में भी प्रयोग में आते हैं।

# महापौर एवं क्षेत्रीय वार्डवासियों की मौजूदगी में किया गया भूमिपूजन

## वीर सावरकर वार्ड में 32 लाख रुपए से होंगे सीसी नाली एवं पुलिया निर्माण के विकास कार्य

जागरण, कटनी



वर्षा ऋतु के दौरान नगर के वार्डो में जलप्लावन की समस्या का सामना न करना पड़े इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा अभी से तैयारियां प्रारंभ की जाकर नगर के छोटे और बड़े नालों की सफाई के साथ ही जलप्लावन वाले संभावित स्थलों में जल निकासी की सुगम व्यवस्था हेतु विकास कार्य कराए जा रहे है। इसी तारतम्य में नगर विकास कार्य को गति प्रदान करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा रविवार को वीर सावरकर वार्ड के नागरिकों की मौजूदगी में लगभग 32 लाख की लागत से वार्ड के विभिन्न स्थलों पर कराए जाने वाले नाली निर्माण कार्य एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण करते हुए क्षेत्रीय नागरिकों को महत्वपूर्ण सौगात दी। भूमिपूजन आचार्य अरुण कुमार भट्ट द्वारा विधिवत पूजन अर्चन किया जाकर संपन्न कराया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, जय नारायण निषाद, श्रीमती बीना बैनर्जी सहित वार्ड पार्षद राजेश भास्कर, पार्षद शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक, समाजसेवी अजय सरावगी सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन सहित पार्टी के वरिष्ठ जनों के सहयोग से नगर में विकास कार्य का सिलसिला अनवरत जारी है। जिसके तहत आज वार्ड स्थित श्रीमती ममता अग्रवाल, नवीन भसीन सहित अन्य विभिन्न स्थलों में लगभग 27.98 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण सहित संत रविदास नगर में 4 लाख रुपये की लागत से पुलिया एवं नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर यातायात सहित जल निकासी की सुगम व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। नगर विकास का यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर द्वारा वार्डवासियों की सुविधा हेतु प्रदान की गई इस सुविधा के लिए महापौर एवं निगम प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तो वहीं वार्डवासियों द्वारा भी विकास कार्यों को स्वीकृत कराए जानें के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं वार्ड पार्षद राजेश भास्कर का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक रघुनाथ गौर, जयराम छाबड़ा, सुषमा भट्ट, शारदा जैन सहित निगम के उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की मौजूदगी रही।

## पन्ना टाइगर रिजर्व में मादा तेंदुआ शावक की मौत

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में परिक्षेत्र पन्ना बफर की झिन्ना बीट के कक्ष क्रमांक पी 282-283 की सीमा पर वन मार्ग में एक मादा तेंदुआ शावक का शव मिला है। मादा तेंदुआ शावक की आयु लगभग 4 माह बताई जा रही है। चिकित्स्कों द्वारा ऐसी आशंका जताई गई है कि मादा तेंदुआ शावक की मौत किसी अज्ञात बीमारी के कारण हुई है। क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व कार्यालय से घटना के पांचवे दिन आज शुक्रवार को मिली जानकारी के मुताबिक विगत 12 मई को मृत तेंदुआ शावक का शव ग्रामीणों द्वारा देखा गया था, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पार्क प्रबंधन को दी गई थी। सूचना पाकर परिक्षेत्र अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पूरे क्षेत्र की सर्चिंग कराई गई। क्षेत्रीय वन मंडल सतना के श्वान दल के द्वारा भी मौके की सर्चिंग की गई। सर्चिंग उपरांत क्षेत्र संचालक एवं अन्य अमले की उपस्थिति में 13 मई को वन्य प्राणी चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता एवं अजयगढ़ के पशु चिकित्सक डॉक्टर मोतीलाल प्रजापति के द्वारा मादा तेंदुए शावक का शव परीक्षण किया जाकर समस्त अंगों को जलाकर विनष्टीकरण किया गया। प्रथम दृष्टया चिकित्सकों का मानना है कि तेंदुए शावक की मृत्यु किसी बीमारी से होना प्रतीत हो रही है। शावक के अंगों के सैंपल जांच हेतु शोध संस्थान में भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत ही तेंदुआ शावक के मौत की असल वजह का खुलासा हो सकेगा।

**मृत मादा तेंदुआ शावक जिसका शव परिक्षेत्र पन्ना बफर की झिन्ना बीट में मिला है**

## प्रेमी जोड़े ने रचाई शादी, थाने में हुआ बवाल

### लड़के के परिजनों ने पुलिस पर लगाए पक्षपात के आरोप

**छतरपुर।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र में एक प्रेमी जोड़ी द्वारा कोर्ट मैरिज किए जाने के बाद युवक और युवती के परिजनों के बीच विवाद होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले को शांत कर युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया, जिस पर युवक पक्ष ने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए युवती के बयान लिए बिना उसे सौंपने की शिकायत की है। इस मामले में युवक पक्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लड़की के बयान दर्ज कराए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के अजनर थाना क्षेत्र की 19 वर्षीय सुनीता अनुरागी और छतरपुर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम देरी निवासी 21 वर्षीय अनिल अहिरवार की दो साल पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। 15 मई 2025 को दोनों ने छतरपुर न्यायालय में कोर्ट मैरिज की और जटाशंकर मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी रचाई। शुक्रवार की सुबह सुनीता के परिजन अनिल के घर पहुंचे, जहां विवाद शुरू हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद ओरछा रोड पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थाना प्रभारी दीपक यादव ने पूछताछ के बाद सुनीता को उसके परिजनों को सौंप दिया, लेकिन इस दौरान अनिल के परिजनों ने थाने में हंगामा किया। उनका कहना है कि सुनीता अपने परिजनों के साथ जाना नहीं चाहती थी, और पुलिस ने बिना उसका बयान लिए उसे सौंप दिया। अनिल को कुछ समय के लिए हिरासत में रखा गया, लेकिन मामला शांत होने के बाद उसे छोड़ दिया गया। अनिल के परिजनों ने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों बालिग हैं और उनकी शादी वैध है। उन्होंने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर दोनों पक्षों के बयान दर्ज कराने और न्याय की मांग की है।

## आबकारी विभाग ने जब्त की 122 लीटर अवैध शराब



**छतरपुर।** आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के संग्रहण और परिवहन के खिलाफ नौगांव थाना क्षेत्र के बनगांय गांव में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 122 लीटर अवैध देशी शराब जब्त कर संबंधित तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सहायक आबकारी आयुक्त भीमराव वैद्य के मार्गदर्शन में की गई उक्त कार्रवाई के तहत बनगांय गांव के प्रेमनारायण मिश्रा उर्फ कुलदीप के मकान पर छापेमारी की गई थी, जहां से टीम को 14 पेटियों में रखी 122.94 लीटर अवैध देशी शराब मिली। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 51,000 रुपये है। आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) और 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि कई दिनों से गांव में अवैध शराब तस्करी की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद मुखबिर की जानकारी पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगी, ताकि अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## डिप्टी सीएम के बयान पर केंद्रीय मंत्री ने दी प्रतिक्रिया

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के जबलपुर में दिए गए बयान, देश की सेना और सैनिक प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक हैं, ने सियासी विवाद खड़ा कर दिया है। इस बयान पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने शनिवार को छतरपुर में प्रतिक्रिया देते हुए सेना के सम्मान को सर्वोपरि बताया और डिप्टी सीएम को नपे-तुले शब्दों का उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि उन्हें मीडिया के माध्यम से इस बयान की जानकारी मिली और वे इसे विस्तार से देखेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेना पूरे देश के लिए सम्मान का प्रतीक है और इसका अपमान अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, मैं भारतीय सेना का सम्मान करता हूं। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा को नपे-तुले शब्दों का उपयोग करना चाहिए था। यदि उन्होंने ऐसा कहा है, तो यह गलत है। सेना देश की सीमाओं पर रक्षा करती है, जिसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति भी सेना के सम्मान में गर्व के साथ बात करते हैं।

## पूर्वी और आदित्य को मिली एलएलबी में सफलता





**कटनी।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा आयोजित एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम विगत दिवस घोषित किये गए। जिसमे कटनी आर्ट्स एण्ड कामर्स ऑटोनॉमस कॉलेज चड्ढा ऑटोनॉमस कॉलेज की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा पूर्वी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाते हुए कटनी शहर का नाम रोशन करते किया। इसी तरह आदित्य जैन ने 65 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। पूर्वी जैन एवं आदित्य जैन नई बस्ती सावरकर वार्ड निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का के पुत्र एवं पुत्रवधु हैं। पूर्वी और आदित्य जैन ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों एवं कॉलेज के प्राध्यापकों को दिया है। शुभचिंतकों एवं स्नेहीजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## बागेश्वर महाराज की दूसरी सनातन हिंदू जोड़ो पदयात्रा 7 नवंबर से

### हरियाणा की कथा में महाराज ने दी जानकारी तीन प्रदेशों से होकर गुजरेगी 131 किमी लम्बी यात्रा



**छतरपुर।** समूचे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लगातार प्रयास कर रहे हैं। देश के सभी हिंदुओं को एकजुट करने के लिए उन्होंने गत वर्ष 160 किमी लम्बी सनातन हिंदू जोड़ो एकता पदयात्रा भी की थी। महाराज श्री अपने इसी संकल्प को लेकर फिर से नवंबर में पदयात्रा करने जा रहे हैं। यह पदयात्रा दिल्ली से शुरू होकर वृंदावन में समाप्त होगी। हरियाणा की कथा में महाराज श्री ने अपनी पदयात्रा की जानकारी दी। हरियाणा के पानीपत में चल रही श्री हनुमंत कथा के पहले दिन बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराज श्री ने अपनी दूसरी पदयात्रा की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 7 नवंबर से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए फिर से पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा 10 दिनों की होगी। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा दिल्ली से शुरू होगी और वृंदावन तक जाएगी। तीन राज्यों से होकर गुजरने वाली 131 किमी लम्बी यह पदयात्रा प्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास करेगी। हालांकि इस पदयात्रा के माध्यम से देश के कोने कोने में फिर से सनातन हिंदुओं को जगाने का संदेश पहुंचाया जाएगा।

## कुटिया पंचायत में तालाब निर्माण में अनियमितता

### मजदूरों की जगह चल रही मशीनें

**छतरपुर।** राजनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कुटिया में हरिराम अहिरवार पुत्र सल्ला अहिरवार के खेत पर तालाब निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। तालाब निर्माण के लिए शासन द्वारा मनरेगा योजना के तहत 4 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें मजदूरों से कार्य कराया जाना आवश्यक है। परंतु जमीनी हकीकत इससे विपरीत है। स्थानीय लोगों के अनुसार तालाब खुदाई में मजदूरों की बजाय जेसीबी मशीन का प्रयोग किया जा रहा है, जो मनरेगा के नियमों के साफ तौर पर उल्लंघन है। मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन इस कार्य में न तो स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिल रहा है और न ही योजना का उद्देश्य पूरा हो रहा है। ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा इस कार्य की निगरानी की जानी चाहिए, परंतु उनका रवैया भी लापरवाही भरा नजर आ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले की गंभीरता से जांच कर संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि योजना की पारदर्शिता बनी रहे और ग्रामीणों को उनका हक मिल सके। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस कार्य की जांच कर मशीनों से हो रहे कार्य को तुरंत बंद कर मजदूरों को रोजगार दिया जाए।

हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। हमें सिर्फ मजदूरी का भुगतान करना है। मशीन का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।
**संजय सिंह, सचिव**
**ग्राम पंचायत कुटिया**

**OFFICE OF THE PRINCIPAL DISTRICT & SESSION JUDGE, UMARIA (M.P.)**

**NOTICE INVITING TENDER**

No. 1134/II-12-15/2024 Umaria, Date- 14/05/2025

Tenders are invited through Government Online Tender portal https://mptenders.gov.in from Reputed/Authorized Vendors/ Agencies for Mechanized Cleaning Services, Maintenance of Garden, District Court Building, Service Building, Pocso Court Building, Family Court Building, ADR Building in Campus of District Court Umaria, Madhya Pradesh. The last date of tender submission is **18/06/2025 at 5:00 P.M.** The tender shall be opened on **19/06/2025 at 05:00 P.M.** The detailed tender document along with terms and conditions is available on the official website of the High Court i.e. https://mphc.gov.in & Government Tender portal https://mptenders.gov.in & official website of the District Court i.e. https://umaria.dcourts.gov.in.

PRINCIPAL DISTRICT & SESSIONS JUDGE
UMARIA (M.P.)

G- 13004/25

## पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम



**कटनी।** पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर ने समाज को एक नई दिशा दी। जीर्णोद्धार कर धार्मिक स्थानों को नवीन स्वरूप दे कर इस माध्यम से समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य देवी अहिल्याबाई होल्कर ने किया महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से उन्हें स्वावलंबी बनाने की उनकी पहल आज भी प्रासंगिक है। भाजपा जिला कार्यालय में देवी अहिल्याबाई जी की 300 वीं जन्म जयंती मनाने को लेकर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते यह विचार भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की जिला संयोजक अंकिता तिवारी ने 21 मई से 31 मई तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा रखी। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन ने देवी अहिल्याबाई की सम्पूर्ण जीवन की प्रमुख बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई हमारे देश मे नारी शक्ति की वह मिशाल थीं जिनका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायी है। कार्यशाला का संचालन करते महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन सोगानी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाने जा रहे हैं। अहिल्याबाई होल्कर ने समाज खास तौर पर महिलाओं के सशक्तिकरण तथा धार्मिक स्थलों कुएं बावड़ी अन्न क्षेत्र धर्मशाला बनाने का जो पुण्यकार्य किया वह युगों तक अहिल्याबाई होल्कर को जीवित रखकर समाज के लिए प्रेरणादायी बनेगा। जयंती के तहत महिला सम्मेलन, धार्मिक स्थलों में कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, विचार संगोष्ठि, काव्य गोष्ठि तथा जन्मदिवस पर 31 मई को अहिल्याबाई जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीताम्बर टोपनानी, अलका जैन, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी मंचासीन रहे।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक–1 रीवा
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 10/ब.ले.लि./निविदा/2025–2026 रीवा, दिनांक 13/05/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र–अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1– अमानत राशि 2– निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1– निविदा आमंत्रण क्र. 2– कार्यावधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 422869 | उपसंभाग मऊगंज अन्तर्गत हनुमना स्थिति न्यायालय में सर्वर रूम का मरम्मत कार्य | 2.93 | 1- 5860.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 422871 | उपसंभाग क्रमांक–3 के अन्तर्गत सिरमौर स्थिति न्यायालय में सर्वर रूम का मरम्मत कार्य | 1.12 | 1- 2240.00 2- 1000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 422872 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत मानस भवन का रेनोवेशन का कार्य | 4.23 | 1- 8460.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 422873 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत शासकीय आवास क्रमांक न्यू एफ–1 सिलि लाईन रीवा का मरम्मत कार्य | 4.23 | 1- 8460.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 422874 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड बिछिया में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत ओल्ड एच टाईप क्वार्टर नं. एच–1 चिरहुला कालोनी रीवा का मरम्मत कार्य | 3.00 | 1- 6000.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 422875 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड बिछिया में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत शासकीय आवास क्रमांक जी–2 (कन्टेनजेंसी क्वार्टर) विटनरी ऑफिस बिछिया रीवा का मरम्मत कार्य | 3.38 | 1- 6760.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | PWDRB 422876 | उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत रेस्ट हाउस एवं न्यायालयीन भवनों का मरम्मत कार्य | 16.94 | 1- 33880.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | PWDRB 422878 | उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य | 16.94 | 1- 33880.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | PWDRB 422879 | उपसंभाग मऊगंज अन्तर्गत उपखण्ड हनुमना के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 69.72 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 04/06/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ./स.)
संभाग क्रमांक–1 रीवा

G- 13006/25

**प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट (PNST) एण्ड जनरल नर्सिंग एवं मिडवाईफरी ट्रेनिंग सिलेक्शन टेस्ट (GNMTST) 2025 हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं**

आवेदन पत्र भरने की तिथि 19.05.2025 से 02.06.2025 तक
ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी
आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 19.05.2025 से 07.06.2025 तक

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 24 जून 2025 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 08:30 से प्रात: 09:30 बजे तक | प्रात: 10:30 से प्रात: 12:30 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | दोपहर 03:00 से दोपहर 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर-** भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सतना, सागर, रीवा एवं रतलाम
4. **प्रवेश परीक्षा शुल्क***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु. 400/- |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु. 200/- |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुक्ल | रु. 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

**विशेष निर्देश**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक है वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगीइसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट - मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 57/2025 संचालक

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
Madhya Pradesh Employees Selection Board (MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
Fax : +91-0755-2550498, website : www.esb.mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/120137/2025

सीधी जागरण

दैनिक जागरण रीवा 19 मई 2025 www.dainikjagranmpcg.com

11 राज्य 31 संस्करण

सूर्य उदय - अस्त 06.40 अस्त : आज 05.17 उदय : कल

शहर का तापमान 42.0 ⁰ अधिकतम 26.0 ⁰ न्यूनतम

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



# मंदिर के सामने विधवा पर प्राणघातक हमला

**जागरण हमला**

## पैतृक सम्पति के लिए जेठ ने किराये के गुण्डा बुलाकर करायी मारपीट

## कई दिनों से विधवा महिला को किया जा रहा था प्रताड़ित

जागरण, सीधी

जिले के थाना रामपुर नैकिन अन्तर्गत ग्राम कपुरी कोठार में विधवा महिला पर प्राण घातक हमला होने से गंभीर रूप से घायल हो गई। विधवा महिला पर उसी के जेठ हनुमान प्रसाद मिश्र ने किराये से गुण्डा बुलाकर हनुमान मंदिर के सामने दिनांक 17 मई की रात लगभग 8 बजे हमला कराया। घटना के बाद महिला को उपचार के पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में भर्ती कराया। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए पीड़िता अर्चना मिश्र ने बताया कि मेरे जेठ हनुमान प्रसाद मिश्र यह नहीं चाहते कि मैं अपने पैतृक मकान और गांव में रहूं। मैं विगत एक हफ्ते पूर्व अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर अपने गांव कपुरी कोठार आई थी। मेरे घर आते ही हमारे जेठ हनुमान प्रसाद मिश्र ने पहले मेरे घर की लाइट काट दी। जब मैं खंभे से बिजली सप्लाई शुरू कराई तो वह बिजली विभाग से शिकायत कर मेरी लाइट कटवा दी और शासकीय हैण्ड पंप से पीने का पानी नहीं लेने देते। मुझे काफी प्रताड़ित किया जाता रहा ताकि मै गांव छोड़ कर चली जाऊं। प्रताड़ना के बाद भी जब मैं नहीं गई तो 17 मई को रात्रि 8 बजे हनुमान मंदिर के सामने किराये के 5-6 गुण्डो से मेरे ऊपर प्राण घातक हमला किया गया। मैं अकेली विधवा महिला किसी तरह बचते हुए पुलिस को फोन किया तब जाकर हमलावरों ने मुझे छोड़ा और मेरी जान बच पाई। पीड़िता ने बताया कि मेरे द्वारा रामबिहारी पाण्डेय, अनुरूद्ध मिश्रा एवं अन्य के खिलाफ शिकायत की गई है।






### संदिग्ध है पुलिस चौकी पिपरांव की भूमिका

पीड़िता अर्चना मिश्र ने बताया कि पिपरांव चौकी की पुलिस मेरे जेठ हनुमान प्रसाद मिश्र को खुला संरक्षण दे रही है। मेरे द्वारा तीन माह पूर्व भी लिखित शिकायत की गई थी किन्तु उसमें आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं की गई और दिनांक 17 मई को हमने जिन जिन लोगों के खिलाफ शिकायत की थी उसमें से कुछ लोगों नाम छोड़ दिया गया। किन्तु मैं चुप बैठने वाली नहीं हूं। यदि पुलिस चौकी पिपरांव से हमें न्याय नहीं मिला तो मैं पुलिस अधीक्षक और आईजी के पास भी जाऊंगी। मैं एक-एक हमलावरों पर कार्रवाई करा कर दम लूंगी।

### असमाजिक तत्वों का अड्डा बना है हनुमान मंदिर

पीड़िता बेवा अर्चना मिश्र ने बताया कि विगत कई माहों से हनुमान मंदिर कपुरी कोठार असमाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। रात्रि 8 बजे के बाद आस-पास के गजेड़ी, नसेड़ी एवं असमाजिक तत्व आकर यहां देर रात्रि तक बैठते हैं और बीड़ी, तम्बाकू, गांजा का सेवन करते हैं। मेरे द्वारा कई दिन मंदिर के सामने ना बैठने और यहां नशा पत्ती करने से मना किया गया तो मेरे साथ असमाजिक तत्वों के द्वारा गाली-गलौज तक की गई। मेरे जेठ हनुमान प्रसाद मिश्र स्वयं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को संरक्षण देते हैं और मंदिर के अंदर बैठाते हैं। पीड़िता ने बताया कि हनुमान मंदिर एवं पार्क वाटिका की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। जिसे हनुमान प्रसाद मिश्र के द्वारा बंद कर दिया गया। ताकि उनके अपराधिक कृत्य छिपे रहे,लोगों के सामने ना आ पाये।

> बेवा अर्चना मिश्र पति स्वर्गीय रामप्रसाद मिश्र निवासी कपुरी कोठार के द्वारा मारपीट की शिकायत की गई है जिसकी जांच की जा रही है। मारपीट करने वाले के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना की जा रही है।
>
> **शेषमणि मिश्रा, चौकी प्रभारी पुलिस चौकी पिपरांव**

# ड्राइवर की मौत पर आक्रोशित परिजनों ने किया चक्काजाम



## बस मालिक पर लगाये गंभीर आरोप

## पुलिस अधिकारियों की समझाइस पर खत्म हुआ चक्काजाम

> मृतक के परिजनों को आश्वस्त किया गया है कि उनके आरोपों एवं मांग की जांच होगी। उसमें जो तथ्य सामने आयेंगे उस पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
>
> **श्रीमती गायत्री तिवारी डीएसपी मुख्यालय सीधी**

जागरण, सीधी

बस ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में आज मौत होने पर आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल तिराहा में शव को रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया। आक्रोशित परिजन बस मालिक के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध करने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस अधिकारियों की समझाइस के बाद करीब एक घंटे में चक्काजाम समाप्त हुआ। मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत सोनतीर पटेहरा निवासी भारत कुमार शुक्ला पिता रामपाल शुक्ला उम्र 28 वर्ष सीधी से चितरंगी चलने वाली बस शिवम ट्रेवल्स में ड्राइवर का कार्य करता था। आज दोपहर बस मालिक हनुमान द्विवेदी एवं ड्राइवर भारत शुक्ला के बीच कुछ बातों को लेकर कहासुनी हुई। उसके कुछ समय बाद ही ड्राइवर भारत शुक्ला की तबियत बिगड़ गयी। जिसके बाद बस मालिक द्वारा गंभीर बेहोशी हालत में भारत शुक्ला को जिला अस्पताल पहुंचा कर परिजनों को मोबाइल से कॉल कर सूचना दी गयी। आनन-फानन में जब परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो उनका कहना था कि बिना इलाज के ही भारत शुक्ला बेहोशी हालत में जिला अस्पताल के बरामदे में पड़े थे। इसके बाद उनके द्वारा दौड़धूप कर डॉक्टर को दिखाया गया, जिसे मृत घोषित कर दिया गया। चक्काजाम कर रहे परिजनों का आरोप था कि बस मालिक अपने कब्जे में ही मृतक की मोबाइल को रखा है। यदि उसके द्वारा तत्परतापूर्वक उपचार कराया जाता तो भारत शुक्ला की जान बच सकती थी।

## राजेंद्र राजन के उपन्यास जीवन समर का लोकार्पण संपन्न



**जागरण, सीधी।** प्रगतिशील लेखक संघ के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र राजन के चौथे उपन्यास जीवन समर का लोकार्पण गत दिवस बेहट, बेगूसराय में उनके 78 वें जन्मदिन के अवसर पर समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रगतिशील लेखक संघ के बिहार राज्य महासचिव प्रो. रविंद्र नाथ राय रहे। अध्यक्षता बेगूसराय प्रदेश अध्यक्ष प्रो. सीताराम प्रभंजन ने की। परिचर्चा के मुख्य वक्ता दरभंगा विश्वविद्यालय के प्रो. चंद्रभानु सिंह थे। जीवन समर उपन्यास के कथानक की समीक्षा करते हुए विद्वानों ने कहा कि विचारों के बिना बदलाव की राजनीति भटकाव में फंस जाती है। आमूलगामी बदलाव की लड़ाई जनता को चेतना बद्ध किए बगैर असंभव है। शंका करने सवाल उठाने और सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संघर्षों को विकसित करने के लिए सिद्धांतों को सर्वोपरि स्थान देना अनिवार्य है। नायक बसंत के संघर्षशील आदर्श जीवन को आत्मसात कर जनशक्ति को तैयार किया जाना चाहिए। साम्प्रदायिकता, जातीयता ओर व्यक्तिवादिता से उत्पन्न कट्टरता के विरुद्ध उपन्यास में वर्णित कथाओं से सबक लिया जाना चाहिए। नायिका सीमा को विचलन से आक्रांत दिखाना अनुचित है। उसके प्रारंभिक संघर्षरत जीवन से उत्प्रेरित कर आधी आवादी को बदलाव के लिए तैयार किया जाना चाहिए। पुस्तक की खासियतों पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने आगे कहा शताब्दी वर्ष के निमित्त भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन के निर्माण की प्रेरक गाथा को जानने के लिए इसे पढा जाना लाभप्रद है। स्वतंत्रता आंदोलन की उपलब्धियां और कमजोरियों पर विहंगम दृष्टि डालने से वर्तमान केलिए सबक लिया जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन प्रगतिशील लेखक संघ बेगूसराय के द्वारा किया गया था। जिसमें सचिव कुंदन कुमारी, संयुक्त सचिव राज किशोर सिंह तथा अनेक लेखक, कवि, साहित्यकार संगठन और पार्टी के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर राजेंद्र राजन की नतिनी डॉ. भारती के विवाहोपलक्ष्य में आशीर्वचन स्वरूप सहभोज का भी आयोजन किया गया था। प्रगतिशील लेखक संघ इकाई सीधी के अध्यक्ष सोमेश्वर सिंह नें उपन्यास जीवन समर के प्रकाशन तथा लोकार्पण पर लेखक राजेंद्र राजन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बधाई दी है।

## पुलिस की कांबिंग गस्त में 40 आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** साप्ताहिक कॉम्बिग गश्त में सीधी पुलिस नें 40 आरोपियों को गिरफ्तार कर 28 गुण्डा बदमाश व 19 निगरानी बदमाशों को चेक कर चेताया, भविष्य मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना/चौकी के थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 17-18 मई 2025 के दरम्यानी रात जिले भर में विशेष अभियान चलाकर सीधी पुलिस नें 6 स्थाई वारंट एवं 34 गिरफ्तारी वारंट कुल 40 वारंट तामील कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। साथ ही गस्त के दौरान 25 गुण्डा बदमाश एवं 14 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। कॉम्बिग गश्त में थाना कोतवाली ने 2 स्थाई वारंट एवं 6 गिरफ्तारी वारंट, थाना जमोड़ी ने 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना चुरहट ने 1 स्थाई एवं 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना रामपुर नैकिन ने 1 स्थाई वारंट एवं 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना कमर्जी ने 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना अमिलिया ने 1 स्थाई तथा 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना बहरी ने 1 स्थाई व 1 गिरफ्तारी, थाना मझौली ने 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना मड़वास नें 1 गिरफ्तारी एवं थाना सेमरिया नें 1 गिरफ्तारी वारंट तामील करते हुए आरोपियों को गिरफ्त मे लिया है। सीधी पुलिस द्वारा सप्ताह में कम से कम एक बार फरार आरोपियों के धर पकड़ एवं गुंडा-निगरानी बदमाश के तलाशी हेतु कॉम्बिग गश्त अभियान चलाया जाता है, जिसमे विभिन्न अपराधों जैसे हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि जैसे अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई/गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इसी क्रम में अभियान स्तर पर कार्रवाई करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 40 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

## गौ संवर्धन योजना से डेयरी व्यवसाय का सुनहरा अवसर

**जागरण, सीधी।** पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। इस योजना में 75 प्रतिशत राशि बैंक ऋण के माध्यम से दी जाती है। शेष 25 प्रतिशत राशि हितग्राही को अंशदान के रूप में देनी होती है। योजना में 7 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति अनुदान का भी लाभ दिया जाता है। योजना के लिए पशुपालक के पास कम से कम 5 पशु और एक एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। पशुओं की संख्या में वृद्धि होने पर उसी के अनुपात में कृषि भूमि का निर्धारण किया जाता है। योजना की एक इकाई में 5 भैंस होने पर 4 लाख 25 हजार रुपए तथा 5 शंकर नस्ल की गाय होने पर 3 लाख 82 हजार रुपए एवं देशी गाय होने पर 2 लाख 43 हजार 750 रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। 10 दुधारू पशुओं के होने पर 10 भैंसों में 8 लाख 40 हजार, शंकर गाय के लिए 7 लाख 51 हजार रुपए तथा 10 देशी गाय के लिए 4 लाख 75 हजार रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। इस योजना में सामान्य वर्ग के पशुपालक को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपए मार्जिन मनी सहायता के रूप में दिया जाता है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम 2 लाख रुपए मार्जिन मनी के रूप में दिया जाता है। पशुपालन विभाग के माध्यम से प्रकरण बैंकों में भेजे जाते हैं। बैंक से प्रकरण स्वीकृत होने के बाद हितग्राही को इकाई लागत की राशि प्रदान की जाती है। इस योजना में इकाई लागत की 75 प्रतिशत राशि पर बैंक की कुल ऋण राशि में 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान दिया जाता है। इसकी राशि अधिकतम 25 हजार रुपए प्रतिवर्ष निर्धारित है।

## युवा संगम- रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला कल

**जागरण, सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय ने जानकारी देकर बताया कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई. एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 20 मई 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सीधी के परिसर में समय 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय युवा संगम संयुक्त रूप से रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है।

## निःशुल्क राशन हेतु ई-केवाईसी 31 तक

**जागरण, सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाले निःशुल्क राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों को ई-केवाईसी कराने शासन द्वारा 31 मई 2025 तक अंतिम अवसर दिया गया है। इधर अधिकारियों को भी विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सीधी पुलिस ने तीन किशोरियों को किया दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** गुम बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सीधी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 किशोरियों को ढूंढ़कर परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुमशुदा बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र प्रताप मिश्रा व थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में सीधी पुलिस ने 3 गुमशुदा नाबालिक किशोरियों को ढूंढ़कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। जिसमें थाना कोतवाली मे दो फरियादियों ने क्रमशः दिनांक 12 मई 2025 को रिपोर्ट किया था कि उनकी नाबालिक बेटी घर से लापता हो गई हैं। आस-पड़ोस एवं नात रिश्तेदारी मे तलाश करने पर कोई पता नही चला। रिपोर्ट पर पृथक पृथक मामले कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए किशोरियों के पता तलाश हेतु पुलिस की 2 टीमों रवाना की गई, जो दोनों पुलिस टीम लापता किशोरियों को ढूंढ़कर दस्तयाब करते हुए थाना लाई जिन्हे वैधानिक कार्रवाई के पश्चात परिजनों को सुपुर्द किया गया है। समस्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेन्द्र प्रताप मिश्रा, उनि राजमणि अहिरवार, सउनि राजमणि रजक, महिला प्रआर सुनीता यादव, महिला आरक्षक प्रिया तिवारी एवं सायबर सेल से आरक्षक कृष्णमुरारी द्विवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। थाना जमोड़ी में दिनांक 17 मई 2025 को फरियादिया रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी नाबालिक लड़की घर मे बिना बताये कहीं गई थी जो अभी तक वापस नहीं आई। मैंने आस पड़ोस एवं नात रिश्तेदारों से फोन के माध्यम से पता तलास किया जो लडकी का कोई पता नही चला। फरियादिया की उक्त रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया एवं थाना प्रभारी जमोड़ी द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का को लापता किशोरी के पता तलाश हेतु रवाना किया गया जो पुलिस टीम गुमशुदा किशोरी को महज 20 घंटों के भीतर ढूंढ़कर थाना लाई जिसे वैधानिक कार्रवाई पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया है। उक्त समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सउनि अच्छेलाल वर्मा, प्रआर अवनीश सिंह, महिला आरक्षक कृति त्रिपाठी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## इलाज के लिए अस्पताल में भटक रहे मरीजः पंकज



**जागरण, सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल के बाहर डाक्टरों के प्रेक्टिस के नाम पर चल रहे निजी क्लीनिक पर कब रोक लगेगी और कब जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ सेवाएं मिलेंगी ये सवाल ऐसा है कि इसका उत्तर 22 साल से सत्ता में विराजमान भाजपा सरकार और उनके जनप्रतिनिधि नहीं दे पाए। ये वही जनप्रतिनिधि हैं जिनके द्वारा पोस्टर, फ्लैक्स और आमंत्रण पत्र में अपना नाम और फोटो न होने पर प्रशासन की ईंट से ईंट बजा दी जाती है लेकिन जिला अस्पताल कि बुनियादी सुविधा के लिए सबके मुँह में दही जम जाती है। कोई सत्ताधारी नेता ना कोई जनप्रतिनिधि बोलने को तैयार नहीं है, अब हाल ये है कि बीमार जिला अस्पताल की स्वास्थ व्यवस्था चौपट है, जहां अस्पताल में मरीजों की भरमार है पर इनके ईलाज के लिए डाक्टर नहीं है। पंकज सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल में होने चाहिए 59 विशेषज्ञ डाक्टर पर वर्तमान स्थित में 14 डाक्टर हैं जो कि न के बराबर हैं, जो हैं भी वो भी खुद की क्लिनिक में प्रेक्टिस में व्यस्त हैं, अगर किसी मरीज के पास पैसे ना हों तो वो प्रायवेट क्लिनिक में कैसे इलाज करवाए। जहां 400 बेड का अस्पताल होने के बावजूद इस भीषण गर्मी में गंभीर मरीज का ईलाज के लिए अस्पताल में बने बरामदों में मरीज फर्श पर लेटकर बोतल और इंजेक्शन को लगवाने मजबूर हैं।

# पुलिस ने 9 ग्रामों में आयोजित किया जन चौपाल, दी समझाइस

## मोहनिया में चौपाल कार्यक्रम आयोजित

जागरण, सीधी

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन, रीवा के निर्देशन में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रान्तर्गत 9 ग्रामों में सीधी पुलिस का जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लोगो के बीच पुलिस की पहुच सुगम करने के उद्देश्य से चौकी मोहनिया अतर्गत ग्राम पंचायत मोहनिया मे जन चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा गौरव राजपूत के मंशानुरूप पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा चौकी प्रभारी सेमरिया सउनि सुनील पाण्डेय के नेतृत्व में दिनांक 17 मई 2025 को ग्राम पंचायत मोहनिया में जन चौपाल का आयोजन किया गया। एसडीओपी चुरहट द्वारा जन चौपाल में आये नागरिकों को सम्बोधित कर जन चौपाल मे वार्ता को प्रारम्भ किया और नशामुक्ति हेतु आमजन से अपील किया गया कि जो लोग किसी भी प्रकार का नशा का सेवन करते है, सर्वप्रथम स्वयं को नशा मुक्त करें। आज समाज में नशे के ही कारण नित नये अपराध हो रहे है जो आने वाले समय में और भी भयंकर हो जायेगा इसलिए इसके समूल नाश के लिए हम सब को मिलकर काम करना पड़ेगा जिसके लिए नशे का व्यापार करने वाले लोगो की गुप्त जानकारी देकर उन पर कार्यवाही करवाते हुए समाज कि गंदगी को साफ करने में पुलिस का सहयोगी बने। इसी क्रम में चौकी प्रभारी मोहनिया द्वारा साइबर अपराध के बारे में बताया गया कि किस प्रकार हमारे भौतिक जीवन के साथ एक अदृश्य साइबर जगत भी समानान्तर रूप से चल रहा है। इसलिए हमें आधुनिक तकनीक तथा मोबाइल एवं इंटरनेट का बड़ी सावधानी पूर्वक उपयोग करना है। साथ ही डिजिटल अरेस्ट व अन्य अपराधों से बचने हेतु जानकारी दिए कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता यदि आपके साथ कभी ऐसी स्थिति बनती है तो तुरंत नजदीकी चौकी थाने मे संपर्क कर पुलिस को अवगत कराएं। अपनी निजी जानकारियां जैसे बैंक खाता संबंधित गोपनीय जानकारी एवं ओटीपी किसी को न बतायें। सावधान रहें सुरक्षित रहें तथा महिला एवं बालक/बालिकाओं पर घटित होने वाले अपराधों व घरेलू हिंसा के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं अपराधों के रोकथाम हेतु अपनाये जाने वाले तरीकों ओर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं अन्य आवश्यक जानकारियों दी। इस अवसर पर नागरिकों ने भी अपनी समस्याये रखी जिनका यथा उचित निराकरण किया गया तथा अपने विचार एवं प्रश्न रखे, जिनका समाधान अधिकारियों द्वारा तत्परता से किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में मोहनिया पुलिस ने आवश्यकता होने पर आमजन को पुलिस से संपर्क स्थापित करने हेतु पुलिस कण्ट्रोल रूम सीधी तथा थाना चुरहट एवं चौकी मोहनिया के मोबाइल नंबर दिए एवं आमजन से कुशलक्षेम जानकर सभा का विसर्जन किया गया। जन चौपाल में एसडीओपी चुरहट, चौकी प्रभारी मोहनिया मय स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## अशासकीय शालाओं में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

**जागरण, सीधी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने जानकारी देकर बताया कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1) (ग) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2025-26 की कार्यवाही दिनांक 7 मई 2025 से प्रारंभ है। प्रवेश हेतु पात्र इच्छुक आवेदक अपने ग्राम/वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु अपने समग्र आई.डी. एवं आधार सत्यापन करके आनलाइन दिनांक 21 मई 2025 तक दर्ज कर सकेंगे। आवेदन के पश्चात दिनांक 23 मई 2025 तक निर्धारित सत्यापन केन्द्र (जिले के समस्त जन शिक्षा केन्द्रों) पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। सत्यापन उपरांत पात्र पाये गये आवेदकों को आनलाइन लॉटरी के माध्यम से अशासकीय स्कूल का आवंटन किया जायेगा। आवेदकों द्वारा निःशुल्क प्रवेश हेतु अपना आवेदन पत्र आर.टी.ई. पोर्टल पर दर्ज किया जा सकेगा।

# अतिक्रमण से दिनों दिन घटता जा रहा है वन भूमि का क्षेत्रफल

## सीमाकंन के नाम पर खिसक रही बेशकीमती वन भूमि

## मानचित्रकार एवं प्राइवेट सर्वेयर की मिली भगत से हो रहा खेल

जागरण, सीधी

जिले में वन भूमि का क्षेत्रफ्ल लगातार घटता जा रहा है। जिम्मेवार विभागों के अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते यह स्थित बन रही है। बताया गया है कि वन एवं राजस्व तथा निजी भूमि स्वामियों के बीच सीमा विवाद को लेकर आने वाले शिकायतों में वन विभाग के मानचित्रकार एवं प्राइवेट सर्वेयर द्वारा निजी भूमि स्वामियों से सांठगांठ कर वन भूमियों का बंदरबाट किया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार सीधी जिले में संचालित क्रेशर अधिकांश वन सीमा से लगें हुए हैं, जिसकी एनओसी में अड़चन न आए इसके लिए मानचित्रकार ज्ञानेंद्र पाण्डेय एवं प्राइवेट सर्वेयर रामसिया तिवारी उर्फ शिव तिवारी द्वारा क्रेशर संचालकों से मोटी रकम लेकर वन सीमा को दूर दिखा कर अच्छी खासी रकम ऐंठी जा रही है। इस पूरे खेल में राजस्व विभाग का मैदानी अमला भी शामिल रहता है। लेकिन इसका मास्टर माइंड मानचित्रकार ज्ञानेंद्र पाण्डेय एवं प्राइवेट सर्वेयर रामसिया तिवारी उर्फ शिव तिवारी को कहा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि इस पूरे मामले में होने वाली सौदेबाजी की राशि शहर में संचालित एक कंप्यूटर दुकान में आती हैं, जहां से लेनदेन किया जाता है।




> आपके द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मैं कल ही इसकी जांच करवाती हूं, और अगर ऐसा पाया जाता है तो दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। रही बात ज्ञानेंद्र पाण्डेय के तबादले की तो यह सही है कि उनका तबादला सिंगरौली के लिए हो चुका है, जल्द ही उन्हें रिलीव करने की कार्यवाही की जाएगी।
>
> **प्रीती अहिरवार, वन मंडलाधिकारी सीधी**

### सिंगरौली के लिए हो चुका है स्थानांतरण

बता दें कि वन मंडल कार्यालय सीधी में पदस्थ मानचित्रकार ज्ञानेंद्र पाण्डेय का प्रमोशन वन परिक्षेत्र अधिकारी के पद पर गत वर्ष हुआ थाए जिसके बाद उनका तबादला सीधी वन मंडल कार्यालय से सिंगरौली वन मंडल के लिए किया गया था लेकिन वन भूमि पर गिद्धी दृष्टि लगाए बैठें ज्ञानेंद्र पाण्डेय का सीधी से मोहभंग नहीं हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि अगर यह सीधी कार्यालय से मुक्त हो जाए तो वन भूमि की लूट थम सकती हैं। बताया जा रहा है कि सीधी में जबसे ज्ञानेंद्र पाण्डेय की पदस्थापना हुई है लगातार वन भूमि का क्षेत्रफल घटता जा रहा है, अगर इन्हें यहां से हटाया नहीं गया तो वन भूमि पर निजी स्वामियों का कब्जा बढ़ता जाएगा। कारण कि जिस प्राइवेट व्यक्ति को सर्वेयर बता कर रखा गया है वह सिर्फ दलाली का कार्य करता हैए जिसके माध्यम से वन भूमि एवं निजी भूमि स्वामियों के विवाद में अच्छी खासी रकम वसूली की जा रही है।

### काम में दम नहीं, संपत्ति करोड़ों की

मिली जानकारी अनुसार प्राइवेट सर्वेयर के रूप में कार्य कर रहे रामसिया तिवारी उर्फ शिव तिवारी को वन विभाग द्वारा सीमाकंन कार्य के अनुसार एक निश्चित राशि दी जाती है जिससे परिवार का सिर्फ गुजर वसर हो सकता है लेकिन इनकी वास्तविक संपत्ति की बात की जाए तो करोड़ों में पहुंच गई है। जिसके पीछे असल वजह यह बताई जा रही है कि क्रेशर संचालकों एवं निजी भूमि स्वामियों जिनका विवाद वन भूमि पर कब्जा का है उनसे मोटी रकम लेकर वन भूमि को निजी भूमि स्वामियों के अधिपत्य में कर दिया जाता है, जिसके बदले लाखों रुपए बसूला जाता है। इस कार्य में वन विभाग के मानचित्रकार ज्ञानेंद्र पाण्डेय की अहम भूमिका रहती हैं।

# सीमाओं पर नहीं, मानवीय संबंधों के पुल पर टिकी है मानवता


● लेफ्टि. जन. एसएस मेहता ( अ.प्रा. ) ●


> भले ही मनुष्यों की परंपराएं और रीति-रिवाज भिन्न होते हैं, लेकिन पूरी मानवता का सार तो एक ही है। मानवता हमारे द्वारा खींची गयी रेखाओं पर नहीं, बल्कि मानवीय संबंधों के पुलों पर टिकी है। धर्म-संस्कृति का चोला उतारकर देखा जाये, तो हम सब मानव एक ही प्रजाति के हैं, जिनमें गरिमा की चाह, सुरक्षा और अपने अस्तित्व की सार्थकता के मामले में आकांक्षाएं एक समान हैं।



कोविड-19 महामारी द्वारा कहर बरपाये जाने के बाद, और जलवायु परिवर्तन एवं भू-राजनीतिक टकरावों के कारण बनी उथल-पुथल वाले वैश्विक परिदृश्य के बीच, साल 2023 में भारत की मेजबानी में आयोजित किये गये जी-20 शिखर सम्मेलन में आपसी समन्वय बनाने का एक पवित्र आह्वान उभरा था =‘एक पृथ्वी। एक परिवार। एक भविष्य’। इस पवित्र आह्वान की गूंज दुनिया भर में हुई। तब ऐसा लग रहा था कि अब तो रार पैदा करने वाले ‘उपदेश’ किसी अलग ही किस्म के प्राणी का काम होगा। जैसा कि अब हमने देख लिया है, एक जनरल असीम मुनीर नामक शख्स के रूप में उसे सामने आने में ज्यादा वक्त नहीं लगा।

और फिर भी, पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने बीते वक्त की बातों को याद दिलाते हुए, निश्चित तौर पर ठीक यही काम किया है। जिसके तहत संघर्ष के दौरान अत्यंत निश्चितता के साथ, उन्होंने दावा किया कि ‘हमारी महत्वाकांक्षाएं, परंपराएं, रीति-रिवाज हिंदुओं से अलग हैं’ और इस अंतर को आने वाली पीढ़ियों को पक्के तौर पर अपने दिमाग में गहरे तक समा कर रखना चाहिये। जो बात वे समझने में असफल रहे या शायद वे इस बात को स्वीकार करने से डरते भी हैं वो यह है कि भले ही मनुष्यों की परंपराएं और रीति-रिवाज भिन्न होते हैं, लेकिन पूरी मानवता का सार तो एक ही है। धर्म का चोला, संस्कृति का घूंघट और ताकत की वर्दी उतारकर देखा जाये, तो सामने आयेगा कि हम सब मानव एक ही प्रजाति के हैं, जिसके भीतर गरिमा की चाह , सुरक्षा की भावना और अपने अस्तित्व की सार्थकता के मामले में आकांक्षाएं निस्संदेह एक समान हैं।

यहां यह बात समीचीन ही कही जाएगी कि जब कोई व्यक्ति एक प्रकार से अपने ही निहित पूर्वाग्रहों का बंधक बन जाता है, तो इसका स्वाभाविक परिणाम होता है कि वह एक नेता नहीं, बल्कि एक कैदी होता है किसी भी प्रकार के तर्क का नहीं, बल्कि अपने खून में रच चुके मिथक का। जनरल मुनीर अपने वतन के लोगों का मार्गदर्शन कर उन्हें किसी बेहतर तरह के भविष्य में लेकर नहीं जा रहे वरन वे उन्हें इतिहास के सबसे अंधेरे कोने में धकेल रहे हैं, जहां पहचान का अहसास हथियारबंद होने से कराया गया और आपसी भिन्नता को घातकता में ढाला गया है। यदि इसमें किसी को जरा सा भी संदेह लगे, तो बस केवल हाल ही में पहलगाम में जो हुआ उसे याद कर लें, जो निस्संदेह अपने आप में बहुत बड़ी दरिंदगी है, लेकिन यह घटनाक्रम और करतूत पवित्र पुस्तक में दी गई हरेक मूल्यवान सीख की पूरी तरह से अवहेलना है। इतिहास के सबसे हिंसक किरदारों ने मानवता को भिन्नता के आधार पर विभाजित करने वाली रेखाएं आत्मा के सबसे बड़े इस सत्य को अस्वीकार करके खींची हैं, वह यह है कि हमारा जन्म राष्ट्रों के आधार पर नहीं होता, न ही हमारा जन्म आस्था के आधार पर होता है बल्कि हम महज मनुष्यों के रूप में ही पैदा होते हैं। दरअसल, हमें स्पष्ट होना चाहिए यह किसी की विरासत में निहित आस्था, संस्कृति या गौरव की आलोचना नहीं है। यह गहराई से व्यक्तिगत है, जो आम तौर पर मोहक, मानव पहचान के पहलू हैं। लेकिन वर्दीधारी जब इनको हांककर, आपस में बांटकर, एक-दूसरे पर स्थाई तौर पर शक करने या ‘हमारा-तुम्हारा’ वाली अपनी मनमानी लकीरों को न्यायोचित बना देते हैं तब वे परंपरा के वाहक न होकर, जुल्म ढहाने के औजार बन जाते हैं। ऐसा करवाने वाले शख्स के वर्दी, ब्यानबाजी, पूर्वाभ्यासित दर्प को उतारकर देखें तो आप एक वह व्यक्ति पाएंगे, जिसे अपने खुद के भ्रम से मुक्त होने से डर लगता है। इस उपमहाद्वीप ने विगत में इस तरह के भ्रमों की कीमत बहुत अधिक खून बहाकर चुकाई है। देश के विभाजन ने परिवार, दोस्ती और सदियों से कायम रहे साझा अस्तित्व के टुकड़े ही कर दिए। साल 2025 में किसी शख्स के द्वारा ऐसे ‘तर्क’ को हवा देना न केवल बेहद गैर-जिम्मेवाराना है बल्कि खतरनाक भी है। जनरल मुनीर के बोल महज पुराने युग के नहीं हैं, वे तो उस तरक्की को मटियामेट करने वाले हैं, जिसके वास्ते लाखों लोगों ने संघर्ष किया जब तक कि यह एक और विभाजन करवाने के इरादे से न हो। पहला 1947 में, फिर 1971 में याह्या खान और पूर्वी पाकिस्तान वाला, और अब 2025 में? ईश्वर ही जानता है कि उन्हें अपने मन में किस लक्ष्य पर यकीन है, जिसकी वह कल्पना कर रहे हैं कहीं वह विभाजन की हैट-ट्रिक बन जाए। उन्हें यकीन है कि वे सही राह पर हैं।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पहलगाम का जिक्र करते हुए एक लोकोक्ति या रूपक का इस्तेमाल किया ‘यह चौंकाने वाला था, लेकिन इसने आपको केवल यही दर्शाया है कि ‘भले ही आप सुअर को लिपस्टिक लगाकर सज़ा दें, लेकिन रहेगा सुअर का सुअर ही। यह भी कि कोई नाटक कर सकता है कि पाकिस्तान आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करता, लेकिन वह आतंकवाद को प्रायोजित करता रहेगा, चाहे हम उसके साथ संबंध कितने भी सामान्य बनाने की कोशिश क्यूं न करें’। दक्षिण एशिया के लोग मौजूदा सूरत-ए-हाल से कहीं अधिक बेहतर के हकदार हैं। उन्हें ऐसे नेता मिलने चाहिए जो विरासत में मिली नफरत को ढोने से परे देखने की हिम्मत रखते हों। ऐसे नेता जिन्हें इस चीज़ की शिनाख्त हो कि आपसी भिन्नता कोई खतरा नहीं, बल्कि ताकत है। और यह भी कि शांति अलगाव से नहीं, बल्कि आपसी समझ से बनती है। अगर किसी नेता के पास कोई योजना है, तो उसे सड़कों पर इकट्ठा होकर दुहाई डालने वाले लाखों लोगों की आवाज़ सुननी चाहिए, जिन्हें जनकल्याण पर धन लगाए जाने की बजाय उसे हथियार खरीदने और बंदूक वालों की मौज बनाने की एवज में भुगतनी पड़ रही है।

इस घड़ी को पाकिस्तान के लोगों के लिए एक आईना बनने दीजिए। हर वह नेता, हर नागरिक जिसको यह भ्रम है कि विभाजन से सुख रहेगा, उसे सनद रहे कि मानवता हमारे द्वारा खींची गई रेखाओं पर नहीं, बल्कि हमारे द्वारा बनाए गए पुलों पर टिकी है। साथ ही, बकौल एक पूर्व सैन्य अधिकारी, मेरा एक संदेश है ‘अतुल्य भारत, अजेय भारत’ है।


**लेखक पुणे इंटरनेशनल सेंटर के संस्थापक ट्रस्टी हैं।**


# भारतीय वैज्ञानिक ने खोजा ब्रह्मांड में जीवन की मौजूदगी वाला एक और ग्रह


● डॉ. शशांक द्विवेदी ●




> दूसरे ग्रहों पर जीवन की मौजूदगी का पता लगाने में वैज्ञानिक जुटे हैं। भारतीय वैज्ञानिक डॉ. निक्कू मधुसूदन की खोज इस दिशा में काफी अहम है। जिन्होंने टेलीस्कोप से 120 प्रकाश वर्ष दूर सौरमंडल के बाहर के ग्रह के2-18बी को देखने पर पाया कि यह ग्रह हाइसीन वर्ल्ड है- यानी जहां प्रचुर पानी और हाइड्रोजन भरा वातावरण जीवन के लिए अनुकूल हो।

काफी समय से यह सवाल उठता रहा है कि क्या पृथ्वी के अलावा ब्रह्मांड के किसी दूसरे ग्रह पर जीवन मौजूद है? क्या किसी ग्रह पर एलियंस की मौजूदगी है-एलियंस का घर है? इन सवालों का जवाब जानने और नए-नए ग्रहों की खोज करने में हजारों वैज्ञानिक दिन-रात जुटे हुए हैं। मगर अब एक भारतीय वैज्ञानिक को अपनी खोज में ऐसी सफलता हाथ लगी है, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। भारतीय वैज्ञानिक डॉ. निक्कू मधुसूदन ने एक ऐसी खोज की है, जिससे दुनिया आश्चर्यचकित है। आईआईटी -बीएचयू और एमआईटी से पढ़े इस वैज्ञानिक ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में अपनी टीम के साथ जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से 120 प्रकाश वर्ष दूर एक खास ग्रह के2-18बी (च2-18इ) को देखा-परखा।

डॉ. मधुसूदन की खोज में इस ग्रह पर जीवन के पुख्ता संकेत मिले हैं। इनमें डाइमिथाइल सल्फाइड (डीएमएस) नाम का एक खास अणु मिला है जो पृथ्वी पर सिर्फ जीव बनाते हैं- जैसे समुद्री पौधे। वहां मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसें भी हैं, जो बताती हैं कि ग्रह हाइसीन वर्ल्ड है- यानी ऐसा ग्रह, जहां ढेर सारा पानी और हाइड्रोजन भरा वातावरण हो, जो जीवन के लिए उपयुक्त हो सकता है।

डॉ. मधुसूदन ने ही सबसे पहले हाइसीन ग्रहों की बात दुनिया को बताई थी। उनकी खोज ‘द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल’ में छपी है और इसे अब तक का सबसे बड़ा जीवन का सबूत माना जा रहा है। यह खोज उस सवाल को भी हवा देती है कि अगर ब्रह्मांड में जीवन है, तो हमने अब तक एलियंस क्यों नहीं देखे? डॉ. मधुसूदन का जवाब है कि अगर इस ग्रह पर जीवन मिला, तो शायद हमारी आकाशगंगा में जीवन हर जगह हो!

डॉ. निक्कू मधुसूदन ने पहले के2-18बी ग्रह को खोजा , फिर रिसर्च में पता किया है कि इस ग्रह के वायुमंडल में हाइड्रोजन मौजूद है। इस ग्रह के वायुमंडल में भारी हाइड्रोजन पायी जाती है। रिसर्च के दौरान ये भी पता चला है कि इस ग्रह पर महासागर है। ऐसे में यहां जीवन की संभावना काफी है। बता दें कि यह ग्रह पृथ्वी से 120 लाइट इयर दूर यानी 1.13 ट्रिलियन किलोमीटर दूर है। तारा के2-18 हमारे सूरज की तुलना में छोटा और नया है। इसकी मोटाई सूरज की 45 फीसदी और आयु लगभग पौने तीन अरब साल है। ध्यान रहे, हमारे सूरज की उम्र का हिसाब पांच अरब साल के आसपास लगाया गया है। के2-18 की सतह का तापमान भी सूरज के आधे से थोड़ा ही ज्यादा है। इसका तकनीकी नाम ब्राउन ड्वार्फ है लेकिन अभी हम ‘लाल तारा’ ही चलाते हैं।


इस तारे के इर्दगिर्द घूमने वाला भीतर से दूसरा ग्रह के2-18बी पृथ्वी से काफी बड़ा है। इसकी त्रिज्या पृथ्वी की ढाई-तीन गुनी है। इस हिसाब से इसका वजन पृथ्वी का 20-25 गुना होना चाहिए था, बशर्ते इसकी बनावट पृथ्वी जैसी ही होती। लेकिन वजन में यह पृथ्वी का साढ़े आठ से दस गुना ही है। इससे एक बात साफ है कि इसका घनत्व पृथ्वी से काफी कम है। ऐसा वहां लोहा कम होने के चलते भी हो सकता है और ग्रह में द्रव-गैस ज्यादा होने से भी।

एक अच्छी बात इस ग्रह के साथ यह है कि यह अपने तारे के गोल्डिलॉक जोन में पड़ता है। यानी पानी वहां द्रव अवस्था में मौजूद हो सकता है। ग्रह का औसत तापमान 23 डिग्री से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच होने का अनुमान लगाया गया है। यह खुद में एक आश्चर्यजनक बात ही है क्योंकि अपने तारे के इर्दगिर्द इसकी कक्षा हमारे सौरमंडल में बुध ग्रह की तुलना में आधी से भी छोटी है। डॉ़ मधुसूदन के अनुसार समुद्र की सबसे आम वनस्पति और समुद्री खाद्य श्रृंखला की बुनियाद समझे जाने वाले फाइटोप्लैंक्टन द्वारा उत्सर्जित कुछ गैसें पृथ्वी के वातावरण में जिस अनुपात में पाई जाती है, के2-18बी पर इनकी उपस्थिति उसकी कम से कम हजार गुना प्रेक्षित की गई है। तो क्या एक सुदूर तारे के इर्दगिर्द घूम रही इस दुनिया में समुद्रों की भरमार है, जहां समुद्री जीवन की नींव के रूप में फाइटोप्लैंक्टन की फसलें लहलहा रही हैं।

भारत में 1980 में जन्मे, डॉ. मधुसूदन ने वाराणसी स्थित आईआईटी, बीएचयू से बीटेक की डिग्री हासिल की। साल 2009 में उनकी पीएचडी थीसिस सौर मंडल के ग्रहों के वायुमंडल के बारे में थी, जिन्हें एक्स्ट्रासोलर ग्रह कहा जाता है। कुल मिलाकर अब वैज्ञानिकों की नजर इस ग्रह पर आ टिकी है। इस ग्रह पर गहरा शोध किया जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में जैसे-जैसे इस ग्रह के रहस्य से पर्दा उठेगा, कई हैरान कर देने वाले खुलासे वैज्ञानिक कर सकते हैं।

# दाऊ जी का मंदिर- कहा जाता है औरंगजेब की सेना ने यहां टेक दिए थे घुटने

> दाऊजी को ‘ब्रज का राजा’ कहा जाता है। उनका यह ऐसा मंदिर है, जहां तक पहुंचने के लिए औरंगजेब की सेना को घुटने टेकने पड़े थे। मथुरा से लगभग बीस कि.मी. दूर यह स्थान पुराणों में विद्रुमवन के नाम से जाना जाता है।




● अमित मुद्गल ●


पुराणों के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र वज्रनाभ ने अपने पूर्वजों की स्मृति में चार देव विग्रह स्थापित कराए थे। इनमें से एक दाऊजी मंदिर भी है। इस मंदिर के बारे में तमाम किंवदंतियां हैं, लेकिन अचंभित करने वाला एक किस्सा न केवल दस्तावेजों में दर्ज है, बल्कि सरकारी तौर पर आज भी इसका पालन हो रहा है। दाऊजी मंदिर को तोड़ने के लिए औरंगजेब की सेना ने कूच किया था। पर औरंगजेब की सेना को मंदिर पहुंचने से पहले ही घुटने टेकने पड़े।

इतिहास के पन्ने आज भी मथुरा में बलदेव स्थित दाऊजी मंदिर की मान्यता की गवाही दे रहे हैं। दाऊजी को ‘ब्रज का राजा’ कहा जाता है। उनका यह ऐसा मंदिर है, जहां तक पहुंचने के लिए औरंगजेब की सेना को घुटने टेकने पड़े थे। मथुरा से लगभग बीस कि.मी. दूर यह स्थान पुराणों में विद्रुमवन के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम की विशाल मूर्ति तथा उनकी धर्मपत्नी रेवतीजी का विग्रह स्थापित है।




पुराणों के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र वज्रनाभ ने अपने पूर्वजों की स्मृति में चार देव विग्रह स्थापित कराए थे। इनमें से एक यह भी है, जो द्वापर युग के बाद भूमिस्थ हो गया था। बाद में मध्यकाल में इसका प्रकटीकरण हुआ, जिसके बारे में कई मत हैं। मंदिर के चारों ओर सर्प की कुंडली जैसा परिक्रमा मार्ग है। मंदिर के चार दरवाजे हैं, जिन्हें मुख्य दरवाजा, सिंहपौर, ड्योढी एवं गोशाला द्वार के नाम से जाना जाता है। पीछे की ओर ही एक विशाल कुंड है, जिसे बलभद्र कुंड कहते हैं। इस मंदिर के बारे में तमाम किंवदंतियां हैं, लेकिन अचंभित करने वाला एक किस्सा न केवल दस्तावेजों में दर्ज है, बल्कि सरकारी तौर पर आज भी इसका पालन हो रहा है। कहते हैं कि वर्ष 1668 में इस मंदिर को तोड़ने के लिए औरंगजेब की सेना ने इस तरफ कूच किया था। भारी-भरकम फौज कई दिन चलती रही। शाम होने पर पड़ाव डालती और लोगों से पूछती कि मंदिर कितनी दूर है। जवाब आता-तीन कोस। सेना सुबह फिर आगे बढ़ती, लेकिन मंदिर तीन कोस दूर ही बताया जाता।

कई दिनों तक यही क्रम चला। इसी दौरान अचानक फौज पर मधमुक्खियों और ततैयों ने हमला बोल दिया, जिसमें सैनिक और घोड़े बुरी तरह से हताहत हो गए। आखिरकार औरंगजेब ने घुटने टेक दिए। उसने दाऊजी से माफी मांगी और शाही फरमान जारी किया कि मंदिर को पांच गांव का मालिकाना हक दिया जाता है। बाद में औरंगजेब के नाती शाह आलम ने इस फरमान में ढाई गांव और बढ़ा दिए। नूरपुर, चौथाई, खड़ेरा, छबरऊ, अरतौनी इन पांच गांवों के अलावा बलरामपुर, रीढ़ा के साथ खड़ेरा और पीपरी के बीच का आधा गांव भी शामिल किया गया। शाह ने चैत्र 3 संवत 1840 को अपनी मुहर एवं हस्ताक्षर से आदेश जारी किया। बाद में इस क्षेत्र पर सिंधिया राजवंश का अधिकार हुआ। उन्होंने भी इस पर अमल जारी रखा और आज भी साढ़े सात गांवों की मालगुजारी की 32 हजार रुपये की ग्रांट हर वर्ष दाऊजी को दी जाती है। इसे देवालय सरदेही टैक्स कहा जाता था। इससे दाऊजी के लिए माखन-मिश्री की व्यवस्था होती है एवं यहां काम करने वालों का मेहनताना दिया जाता है। माना जाता है कि यहां का विग्रह ब्रज क्षेत्र के सबसे पुरातन विग्रहों में शामिल है।

# आसान नहीं था रोमांटिक हीरो से सूरमा भोपाली तक का सफर


● जावेद जाफ़री ●

> मशहूर कॉमेडियन रहे जगदीप को साउथ के एवीएम प्रोडक्शन ने एज़ ए हीरो लॉन्च किया था। लेकिन उन्हें पहचान मिली कॉमेडियन के रूप में। जगदीप के बॉलीवुड में संघर्षों के बारे में उनके बेटे जावेद जाफ़री ने कुछ यादें शेयर कीं हैं....

एवीएम प्रोडक्शन के साथ मेरे पिता का पांच साल का कॉन्ट्रैक्ट हुआ था। उन्होंने अच्छी सैलेरी और मद्रास में एक घर दिया था मेरे पिता को। भाभी फिल्म से उन्हें एज़ ए रोमांटिक लीड लॉन्च किया गया था। मुख्य हीरो तो बलराज साहनी साहब थे। मेरे पिता ने उनके छोटे भाई का किरदार निभाया था। उनके अपोजिट नंदा थी जो छोटी उम्र में विधवा हो जाती हैं। और आखिर में मेरे पिता से उनकी शादी हो जाती है। इस फ़िल्म का एक गीत बहुत हिट हुआ था। वो मेरे पिताजी पर ही फिल्माया गया था। गीत था चली चली रे पतंग मेरी चली रे ....। बहुत अच्छा गीत था।

भाभी के बाद उन्होंने नंदा जी के साथ बरखा नामक एक और फिल्म में काम किया। उस फिल्म में नंदा जी और मेरे पिता जी भाई-बहन बने थे। बरखा का एक गीत मुझे बहुत पसंद है जो मेरे पिता जी पर पिक्चराइज़्ड हुआ था और रफ़ी साहब ने गाया था। उस गीत के बोल हैं छोड़ भी दे मझधार। चित्रगुप्त जी ने संगीत दिया था उस फिल्म का। लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ जो अच्छा नहीं था।

मेरे पिता को बहुत सारी फिल्मों के ऑफ़र्स आ रहे थे। मगर वो एवीएम के साथ कॉन्ट्रैक्ट में थे तो किसी फिल्म में काम नहीं कर सके। दूसरे बैनर्स की फिल्मों में काम करने के बदले एवीएम वालों ने उनसे पैसों की डिमांड कर दी। मेरे पिता जी का बड़ा नुकसान हुआ। उन्हें काम मिलना कम होने लगा। उन्हें जंगली फिल्म में काम करने को कहा गया था। मगर एवीएम के कॉन्ट्रैक्ट की वजह से वो जंगली में काम नहीं कर सके।

वो फ्रस्ट्रेट रहने लगे। उन्होंने शराब पीना शुरू कर दिया। वो हीरो बनना चाहते थे। मगर उन्हें सैकेंड लीड के रोल्स मिलने लगे। उन्हें उन लोगों के सामने सैकेंड लीड बनना पड़ा जो उनके बाद फिल्म इंडस्ट्री में आए थे। उनकी फ्रस्ट्रेशन और ज़्यादा बढ़ने लगी। जब एवीएम वालों के साथ उनका प्रोडक्शन खत्म हुआ तो उन्होंने पी एल संतोषी जी की रूप रुपैया, अज़रा जी की बैंड मास्टर व सलीम साब की लुटेरा में काम किया। अमीता आंटी के साथ उन्होंने पुनर्मिलन नामक एक फिल्म में काम किया था। उस फिल्म का गीत- पास बैठो तबियत बहल जाएगी... बड़ा हिट हुआ था। लेकिन करियर उनका कुछ खास नहीं चल रहा था।




जब पिता जी की शादी हो गई तो वो मद्रास छोड़कर बॉम्बे वापस आ गए। फिर 1962 में मेरा जन्म हुआ। 1968 में उन्होंने ब्रह्मचारी फिल्म में एक कॉमिक रोल किया। और वहीं से एज़ ए कॉमेडियन उनका सफ़र शुरू हो गया। पिताजी को अच्छा तो नहीं लगता था कि उन्हें कॉमेडियन के तौर पर टाइपकास्ट कर दिया गया है। लेकिन वो काम करते रहे। हालांकि दिल के किसी कोने में उन्हें दुख ज़रूर होता था। कभी जो कलाकार उनके बाद फिल्म इंडस्ट्री में आए थे, जो उन्हें देखकर खड़े हो जाते थे, उनके लिए दरवाज़ा खोलते थे। वो उनसे आगे निकल गए। हालांकि उनमें से कुछ हमेशा उनके दोस्त रहे।


मेरे पिता जी एक सीरियस एक्टर थे। इसलिए उनके लिए कॉमेडी करना, जो कई दफ़ा फिज़ूल भी होती थी, मुश्किल होता था। कई दफ़ा ऐसा होता था जब स्क्रिप्ट्स बहुत खराब होती थी। तब उन्हें अपने फ़ेशियल एक्सप्रेशन्स के ज़रिए कॉमेडी करनी पड़ती थी। मैं 13 साल का था जब शोले रिलीज़ हुई थी। मुझे याद है शुरुआत में लोग शोले के बारे में कहते थे कि शोले का छोले हो गया। खोदा पहाड़ निकली चुहिया, वगैरह वगैरह। लेकिन एक सप्ताह बाद, जब मिनर्वा थिएटर में शोले की स्टीरियोफोनिक स्क्रीनिंग हुई तो सबकुछ बदल गया। शोले सबको पसंद आने लगी। कल्ट क्लासिक बन गई शोले। शोले का हर कैरेक्टर लोगों को याद है।

मेरे पिता बहुत बिज़ी रहते थे। तो उनके साथ बहुत ज़्यादा बाहर जाना हमारा हुआ नहीं। कभी-कभी हम उनके साथ फिल्म देखने चले जाते थे। जब लोग उन्हें पहचान जाते थे तो ऑटोग्राफ़ के लिए भीड़ लगा लेते थे। अक्सर गर्मियों की छुट्टियों में पिताजी कहीं ना कहीं आउटडोर शूटिंग पर होते थे। तब वो हमें भी साथ ले जाते थे। उन दिनों अधिकतर बड़ी फ़िल्में कश्मीर में शूट होती थी। तो गर्मियों की छुट्टियों में हम भी अपने पिता के साथ कश्मीर खूब जाते थे। मेरे पिताजी बहुत कूल थे। लेकिन मां बहुत स्ट्रिक्ट थी। पिताजी ने हमें हर वो चीज़ दी जो उन्हें उनके बचपन में नहीं मिल सकी थी। उनका बचपन बिल्कुल भी अच्छा नहीं रहा था। लेकिन हमारे बचपन को अच्छा बनाने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं कभी-कभी उनके नाम का मज़ाक बनाता था। मैं कहता था कि इनका जग बहुत डीप है।

जब हमारी दादी का निधन हुआ था तब वो बहुत रोए थे। वो हमेशा अपनी मां के साथ ही रहे थे। वो कभी कब्रिस्तान नहीं जाते थे। शायद बचपन में उन्हें कोई बुरा तजुर्बा हुआ हो। मगर जब उनकी मां की मौत हुई तो वो कब्रिस्तान गए थे। वो उनके लिए बहुत मुश्किल था। वो बहुत ज़्यादा रो रहे थे। जब उनका निधन हुआ तो हमने उन्हें उसी कब्र में दफ़नाया जिसमें उनकी मां को दफ़नाया गया था। मैं जानता हूं कि उन्हें अच्छा लगा होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ''ट्वीट ऑफ द डे''



राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष लोकसभा

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए। हमले से पहले सरकार ने पाकिस्तान को क्यों सूचना दी? इसके कारण हमें कितने लड़ाकू जहाज का नुकसान हुआ? हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था, विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। इसे किसने अधिकृत किया? इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए? ऑपरेशन की शुरुआत में हमने पाकिस्तान को संदेश भेजा था कि हम आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहे हैं। हम मिलिट्री पर हमला नहीं कर रहे हैं।

# 30 हजार पुलिसकर्मियों ने अपडेट नहीं कराए बैंक अकाउंट

## क्लेम लेने में हो सकती है परेशानी, पुलिस सैलरी पैकेज में एक करोड़ का दुर्घटना बीमा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) को विगत एक माह में तीन ऐसे आवेदन मिले हैं जिनमें पुलिस कर्मियों की मृत्यु के बाद उनके परिजनों को बीमा की रकम बेहद कम मिली है। परिजनों ने शिकायत की है कि नियम के अनुसार पुलिसकर्मी को दुर्घटना बीमा के लिए 50 लाख या इससे ज्यादा की रकम मिलनी चाहिए लेकिन उन्हें महज 15 लाख का भुगतान ही किया गया। पीएचक्यू ने जब बैंक के शीर्ष प्रबंधन से सवाल किया तो जवाब मिला कि गलती उनकी तरफ से नहीं हुई, लिहाजा अधिक रकम नहीं दी जा सकती। इसकी जांच कराई तो सामने आया कि पुलिसकर्मियों ने अपने बैंक में जाकर अकाउंट अपडेट ही नहीं कराया था। पीएचक्यू ने जब सभी यूनिटों के पुलिसकर्मियों से अकाउंट अपडेट कराने संबंधी जानकारी मांगी तो सामने आया कि एक लाख 6 हजार पुलिसकर्मियों में से लगभग एक तिहाई ने अपने खाते पुलिस सैलरी पैकेज में अपडेट ही नहीं कराए। ऐसे में उन्हें नए प्लान का लाभ नहीं मिल पाएगा। जिन पुलिस कर्मियों के खाते अपडेट नहीं हुए हैं वे स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के तहत खोले गए हैं, जिसमें बीमा और अन्य सुविधाएं पुलिस के मुकाबले बेहद कम हैं।



### पुलिस और स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज में अंतर

प्रदेश में पुलिस महकमे की नौकरी खतरों भरी है और वेतन भी सीमित है। ऐसे में पीएचक्यू की वेलफेयर (कल्याण) ब्रांच ने प्रदेश में 1 लाख 6 हजार पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रयास शुरू किए। इसके लिए बैंकों से टाई-अप कर पुलिस के सैलरी अकाउंट में ही फ्री जनरल इंश्योरेंस, एक्सीडेंटल बीमा, पर्सनल इंश्योरेंस, लॉकर की सुविधा दिलाने के प्रयास शुरू किए। चूंकि पुलिस के खातों की संख्या एक लाख से अधिक है लिहाजा बैंकों ने भी पुलिस सैलरी पैकेज में ही कई अन्य सुविधाएं देने के लिए पुलिस के साथ एग्रीमेंट कर लिया। इस नए एग्रीमेंट को पुलिस सैलरी पैकेज (पीएसपी) कहा जाता है, जबकि प्रदेश में इससे पहले पुलिस के सभी बैंक खाते स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज (एसजीएसपी) के तहत खोले गए थे जिसमें नाम-मात्र की सुविधा ही मिलती हैं। इन नई सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंकों में जाकर पुलिस के स्टाफ को अपने खाते का प्रकार (टाइप) एसजीएसपी से पीएसपी में परिवर्तित कराना होगा।

#### पुलिस सैलरी पैकेज के प्लान में शामिल ये सुविधाएं भीं (लेटेस्ट)

- सामान्य मृत्यु होने पर- 10 लाख तक
- व्यक्तिगत दुर्घटना (एक्सीडेंटल)- 1 करोड़ तक
- व्यक्तिगत दुर्घटना (दिव्यांगता)- 1 करोड़ तक
- आश्रितों को सहायता (पुत्र-पुत्री)- 6 से 15 लाख तक (आयु एवं बैंक की शर्त के अनुसार)

### वेलफेयर ब्रांच ने यूनिटों को निर्देश किए जारी

अब पुलिस की वेलफेयर ब्रांच ने प्रदेश की सभी 119 यूनिटों के इंचार्ज को निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहां पदस्थ सभी पुलिस स्टाफ को पुलिस सैलरी पैकेज की जानकारी दें और स्टाफ को तत्काल इसे अपडेट कराने को कहें। इसके साथ ही पुलिस स्टाफ को बैंकों के साथ हुए टाई-अप की जानकारी भी देने को कहा गया है ताकि पुलिसकर्मी मनपसंद बैंक में जाकर पीएसपी प्लान के तहत नया खाता खोल सके। अक्टूबर 2024 तक पुलिस सैलरी पैकेज में एक्सीडेंटल बीमा की रकम लगभग 50 लाख थी। इसके बाद एसबीआई ने सबसे पहले एमओयू करते हुए बीमा की रकम बढ़ाकर एक करोड़ करने के साथ अन्य प्लान भी सैलरी पैकेज में ही फ्री देने का अनुबंध किया था। इसके बाद बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक ने भी फ्री एक्सीडेंटल इंश्योरेंस जैसी निशुल्क सुविधाएं पुलिस स्टाफ के खाताधारकों को देने का अनुबंध किया है। इसके लिए पुलिसकर्मी को खुद बैंक की ब्रांच में जाकर अपने अकाउंट को अपडेट कराना होगा।

"हर पुलिसकर्मी जागरूक होकर ड्यूटी के साथ परिवार को भी प्राथमिकता दे। सबसे पहले अपने बैंक अकाउंट को जाकर पीएसपी प्लान में अपडेट कराएं। परिवार के सदस्यों को भी अपने बैंक खातों और पीएसपी प्लान की जानकारी दें।

■ **डॉ. अंशुमन अग्रवाल**, एआईजी, पुलिस कल्याण, पीएचक्यू

## कामायनी में बम की सूचना से यात्रियों में मचा हड़कंप



**जागरण, खंडवा।** शनिवार दोपहर को रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। रेलवे प्रशासन को शनिवार दोपहर में कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन (11072) में बम होने की सूचना मिली थी, जो चार कंट्रोल रूम से होती हुई खंडवा जंक्शन पहुंची, जहां ट्रेन रोककर स्निफर डॉग की मदद से तलाशी अभियान चलाया। सभी 22 बोगियों की जांच में कुछ नहीं मिला। इसके बाद 56 मिनट देरी से ट्रेन आगे रवाना हुई। भुसावल कंट्रोल रूम से खंडवा जीआरपी को बम की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीमें सक्रिय हो गई थी। ट्रेन को एक बजे खंडवा स्टेशन पर रोका, जहां स्निफर डॉग की मदद से हर बोगी की जांच की गई। टीम ने यात्रियों के सामान की जांच के साथ उनसे पूछताछ की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के दायरे में आने वालीं बड़ी पंचायतें नगर परिषद में होंगी तब्दील

## सीएम ने मेट्रोपॉलिटन एरिया गठन से संबंधित बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश दो बड़े नगर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के दायरे में आने वालीं बड़ी ग्राम पंचायतें नगर परिषद में परिवर्तित होंगी। इस संबंध में शनिवार को मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री अपने निवास स्थित समत्व भवन में प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन एरिया गठन से संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि सभी नगरीय निकायों को आर्थिक तौर पर सक्षम बनने की दिशा में प्रयास करने होंगे। प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों का तेजी से विस्तार हो रहा है। जनसामान्य को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगरीय क्षेत्रों के व्यवस्थित नियोजन को समय रहते सही दिशा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंदौर-उज्जैन-देवास-धार और भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर प्रदेश में दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के नगरीय निकायों और विकास प्राधिकरणों के प्रबंधन को सशक्त करते हुए संस्थाओं की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। प्रस्तावित क्षेत्रों में वर्तमान में पर्याप्त औद्योगिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। मेट्रोपॉलिटन के रूप में विकास से यहां निवेश और औद्योगिक विकास की प्रक्रिया तेज होगी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में परस्पर कनैक्टिविटी बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए बसाहटों, यातायात, सार्वनिक परिवहन, अधोसंरचना, जल आपूर्ति, सीवरेज, विद्युत आपूर्ति, और प्रकाश व्यवस्था आदि की समन्वित रूप से कार्ययोजना बना कर गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इन वृहद क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता, कृषि योग्य भूमि के संरक्षण, वन प्रबंधन, जल ग्रहण और पर्यटन की संभावनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संवेदनशीलता के साथ नीतियां निर्धारित की जाएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की पंचायतों को आवश्यकतानुसार नगर परिषद के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और तामिलनाडु में मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन के लिए विद्यमान व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।



### मुख्यमंत्री ने रामभद्राचार्य को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जगद्गुरु तुलसीपीठाधीश्वर रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023 से सम्मानित होने पर बधाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए स्वामी श्री रामभद्राचार्य को यह सम्मान प्रदान किया गया है।

## 6 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप हुई महिला अकाउंटेंट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सीहोर जिले के सरकारी सिविल अस्पताल में पदस्थ ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) और प्रभारी अकाउंटेंट निशा अचले को लोकायुक्त पुलिस की भोपाल यूनिट ने शुक्रवार को 6 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सीहोर जिले में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर नर्मदी अश्वारे की शिकायत पर ये कार्रवाई की गई। उन्होंने लोकायुक्त एसपी भोपाल दुर्गेश राठौर को बताया था कि उप स्वास्थ्य केंद्रों को हर साल 50 हजार रुपए का वार्षिक आवंटन और 5 हजार रुपए की राशि वेलनेस एक्टिविटी के लिए मिलती है। भैरूंदा ब्लॉक में कुल 27 उप स्वास्थ्य केंद्र हैं, इनकी राशि जारी करने के बदले में बीपीएम और प्रभारी लेखपाल निशा अचले हर उप स्वास्थ्य केंद्र से 2 हजार के हिसाब से कुल 54 हजार की रिश्वत मांग रही थीं। लोकायुक्त पुलिस ने इस शिकायत का सत्यापन कराया तो यह सही पाई गई। इसके बाद निशा को रंगे हाथ पकड़ने का प्लान बनाया गया। बीपीएम निशा अचले ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 6 हजार की रकम लेकर शुक्रवार को नर्मदी को अपने घर बुलाया। निशा अचले ने जैसे ही अपने घर के बाहर स्थित सड़क पर घूस के रुपए लिए, वैसे ही उन्हें पास खड़ी लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया।

## आयुष्मान कार्ड का बेलेंस जान सकेंगे उपयोगकर्ता 1 जून से मिलेगी सुविधा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** आयुष्मान योजना के लाभार्थी अब अपने कार्ड का बचा हुआ बेलेंस चैक कर सकेंगे। एक जून से मप्र में यह सुविधा शुरू होने जा रही है। मप्र देश का पहला राज्य होगा, जो यह सुविधा आयुष्मानकार्डधारकों को देने जा रहा है। जानकारी अनुसार अब मरीज इलाज के दौरान होने वाले खर्च की जांच भी कर सकेंगे। यही नहीं इलाज के बाद बचा बैलेंस भी मरीज चैक कर सकता है। यह सुविधा आयुष्मान निरायम भारत द्वारा तय किए गए चैट बॉट से मिलेगी। यह सुविधा एक जून से शुरू होगी और इसे व्हाट्सअप की तरह उपयोग किया जा सकेगा। बता दें कि मप्र आयुष्मान भारत यह नवाचार करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इस चैटबॉट के माध्यम से लाभार्थी योजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, जैसे योजना के बेनेफिट्स, फीचर्स, ई-कार्ड बनाने की प्रक्रिया और करीबी अस्पतालों का पता लगा सकेंगे।

### ऐसे करेगा काम

आस्क आयुष्मान नामक यह एआई इनेबल्ड चैटबॉट मोबाइल में डाउनलोड किया जाएगा। इसके बाद इसके जरिए इलाज से जुड़ी सारी जानकारी मरीज को मिल सकेगी। इसके साथ ही उसके आसपास के आयुष्मान अस्पतालों की जानकारी भी मिलेगी। बीमारी की लिमिट, खर्च और इलाज के बाद बैलेंस भी बताएगा। इलाज की स्थिति का ट्रैक रियल-टाइम में कर सकेंगे।

"हम इस नवाचार पर बहुत पहले से काम कर रहे हैं, जल्द ही इसकी शुरुआत की जाएगी। इस सुविधा से लोगों को आयुष्मान के बारे में अधिक जानकारी मिल सकेगी।

■ **डॉ. योगेश भरसट**, सीईओ, आयुष्मान भारत योजना मप्र

### पूर्व सैनिकों ने बयान पर जताया विरोध, सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी

# सेना और सैनिकों के पराक्रम का अपमान करने वाले मंत्रियों को बर्खास्त करे सरकार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पूर्व सैनिकों ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकी की बहन कहने और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा द्वारा भारतीय सेना को पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक बताने वाले बयानों पर गहरा आक्रोश जताया है। उन्होंने इसे पूरी सेना का अपमान बताया और दोनों मंत्रियों को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। शनिवार को ये मांग पीसीसी में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में पूर्व सैनिकों ने उठाई। इस प्रेस वार्ता में मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर कमांडर अरुण पांडे, कैप्टन सोढ़ी, सूबेदार मेजर वाईडी सिंघा, सूबेदार मेजर खान, पूर्व वायु सेना अधिकारी रमेश यादव समेत अन्य सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी मौजूद थे।



### सेना व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, देश के लिए करती है काम

पूर्व सैनिकों ने इस वार्ता में कहा कि सेना देश की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति के प्रति निष्ठावान है और किसी व्यक्ति विशेष के बजाय चुनी हुई सरकार के लिए काम करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन मंत्रियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो देशभर के पूर्व सैनिक सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने सरकार से इस स्थिति से बचने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह भी किया। इसके अलावा पूर्व सैन्य अफसरों ने कहा कि देश की सेना की वीरता को लज्जित करने वालों को संरक्षण देने के बजाय उन पर सख्त कार्रवाई के जरिए ही देश और सैनिकों का मनोबल बढ़ाया जा सकता है।

## एनएसयूआई ने देवडा और शाह का फूंका पुतला

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने रविवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और कैबिनेट मंत्री विजय शाह के खिलाफ पुतला दहन किया। यह विरोध उनके द्वारा सेना और देश के प्रति दिए गए बयानों के खिलाफ था। कुछ दिन पहले कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान को लेकर देशभर में विवाद खड़ा हो गया है। विपक्षी दलों, पूर्व सैनिकों और सामाजिक संगठनों ने इसे सेना की गरिमा और उसकी निष्पक्षता का अपमान बताया है। एमसीयू में हुए प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के प्रदेश सह सचिव अमन पठान और विश्वविद्यालय प्रभारी तनय शर्मा ने किया। सह सचिव पठान ने कहाकि हम न केवल इन नेताओं के इस्तीफे की मांग करते हैं, बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन से भी मांग करते हैं कि वह छात्रों की अभिव्यक्ति की आजादी सुनिश्चित करे और किसी भी तरह की राजनीतिक दबाव को न झेलते हुए जगदीश देवड़ा को विवि महापरिषद सूची से बाहर करें।

# प्रा. और मा. शिक्षक भर्ती की नियुक्तियां याचिका के अधीन

## हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग से मांगा जवाब

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा के तहत होने वाली नियुक्तियों को इस याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। इस अंतरिम आदेश के साथ जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण, आयुक्त आदिवासी विभाग व कर्मचारी चयन आयोग के संचालक को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। सतना निवासी प्रदीप कुमार पांडे की ओर से आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षक (संस्कृत) पद हेतु भर्ती प्रक्रिया में पात्रता नियमों में अचानक संशोधन कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने वर्ष 2023 में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में सफलता प्राप्त की और आवश्यक योग्यताएं भी पूरी की थीं। लेकिन राज्य सरकार ने वर्ष 2024 में नया परीक्षा संचालन मैनुअल जारी किया, जिसमें माध्यमिक शिक्षक (संस्कृत) पद के लिए पात्रता शर्तों में संशोधन कर दिया गया। करीब 10 हजार पदों पर नियुक्तियां होना है। वर्ष 2018 के नियमों के अनुसारए माध्यमिक शिक्षक (संस्कृत) पद के लिए शास्त्री उपाधि संस्कृत साहित्य-व्याकरण के साथ अनिवार्य थी। इसी आधार पर याचिकाकर्ता ने 2023 में आयोजित पात्रता परीक्षा में भाग लिया व उसे उत्तीर्ण किया। वर्ष 2024 में जारी नए पात्रता मानदंड को संशोधित करते हुए संस्कृत साहित्य को ही मुख्य विषय के रूप में तीन वर्ष अध्ययन करने की अनिवार्यता लागू कर दी गई। इस बदलाव के कारण याचिकाकर्ता व अन्य समान योग्यता वाले उम्मीदवार अचानक अयोग्य हो गये। दलील दी गई कि पात्रता में बदलाव करना न केवल अनुचित है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद-14 का भी स्पष्ट उल्लंघन है।



## निलंबित आरटीओ को आरोपी बनाने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** बाणगंगा बस हादसे में पालक संघ ने निलंबित क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेन्द्र शर्मा को सह आरोपी बनाने की मांग की है। पालक संघ ने मामले में परिवहन आयुक्त को पत्र लिखकर मामले में निलंबित आरटीओ जितेन्द्र शर्मा को भी आरोपी बनाने की मांग की है। संघ का कहना है कि यह बच्चों की जान से जुड़ा मामला है। अगर उस बस में बच्चे होते तो शायद उनके साथ भी अनहोनी हो सकती थी। सड़क पर अगर कंडम बस चल रही है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी आरटीओ की होती है। इस आधार पर आरटीओ पर भी कार्रवाई होना चाहिए। संघ के महासचिव प्रबोध पंड्या ने बताया कि बीते साल गुना में एक बस हादसा हुआ था। इस हादसें में 13 लोगों की जान चली गई थी। मौके पर पहुंचे सीएम मोहन यादव ने तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिये थे। इसके बाद बस ड्रायवर के साथ आरटीओ को भी आरोपी बनाया गया था।

**प्रवेश** | उच्च शिक्षा विभाग और प्रदेश के विश्वविद्यालय में तालमेल के अभाव से बनी स्थिति

# विवि ने विषय बदलने वाले छात्रों के लिए नहीं बनाई स्कीम

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के निजी और सरकारी कालेजों में प्रवेश देने आनलाइन काउंसलिंग शुरू कर दी गई है। विभाग ने सत्र 2025-26 में यूजी से पीजी में प्रवेश लेने विषय बदलने की व्यवस्था भी शुरू कर दी है। इसके लिए विद्यार्थी को संबंधित विश्वविद्यालय की परीक्षा में शामिल होकर उसे तय प्राप्तांक से पास करना होगा। यह व्यवस्था सार्थक होने में मुश्किल दिखाई दे रही है। प्रवेश के एक भी विवि ने परीक्षा को लेकर स्कीम तैयार तक नहीं की है। आधा दर्जन कुलगुरु से चर्चा के दौरान सामने आया कि उन्हें विभाग की उक्त स्कीम के संबंध में ज्यादा जानकारी ही नहीं है। विभाग यूजी से पीजी में विषय बदलकर छात्र का प्रवेश करा देता है और संबंधित विश्वविद्यालय एकल परीक्षा आयोजित नहीं करते हैं, तो विद्यार्थी के प्रवेश अवैध हो जाएंगे। इसलिए विद्यार्थियों के प्रवेश को बैध बनाए रखने के लिए विवि को यह परीक्षा कराना अनिवार्य है। वहीं राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के लिए राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। इसमें विद्यार्थी का आवेदन करने के साथ परीक्षा में शामिल होकर पास होना अनिवार्य है। इसके अभाव में उनकी प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।



### सभी विद्यार्थियों को तीन साल में अर्जित करनी होगी 136 क्रेडिट

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 14 (2) अधिनियम के तहत यूजी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी प्रथम वर्ष में प्रवेश के दौरान दो-दो मेजर सब्जेक्ट ले सकेंगे। दोनों में विद्यार्थी को 68-68 क्रेडिट हासिल करना होगी। इसमें विद्यार्थी को माइनर नहीं दिया जाएगा। वे सिर्फ मल्टी/इंटर डिसप्लनेरी ले सकेंगे। उन्हें एबिलिटी एहांसमेंट कोर्स पढ़ना अनिवार्य होगा। प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को हर साल 48 क्रेडिट हासिल करना जरूरी है। तीन साल की डिग्री में विद्यार्थी के पास 136 क्रेडिट हासिल करना होगी। विद्यार्थी को प्रवेश लेते समय एक मेजर, एक मानइर, मल्टी/इंटर डिसप्लनेरी और एबिलिटी एंहांसमेंट कोर्स लेना जरुरी होता है। विद्यार्थी प्रथम वर्ष में मेजर लेते समय दूसरे विषय में भी मेजर का चयन करता है, तो उन्हें माइनर नहीं लेना होगा। उसे दोनों मेजर में 68-68 क्रेडिट हासिल करना जरुरी हो जाएगा। हरेक साल में उसकी मेजर की क्रेडिट भी डबल हो जाएगी, जो विद्यार्थी को हासिल करना होगी। इसके अलावा उन्हें मल्टी/इंटर डिसप्लनेरी और एबिलिटी एंहांसमेंट कोर्स में भी क्रेडिट हासिल करना होगी।

## यूजी-पीजी में प्रवेश: अब तक 16 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के निजी, सरकारी और अल्पसंख्यक कालेजों में प्रवेश देने के काउंसलिंग शुरू कर दी है। तीन राउंड की काउंसलिंग में से प्रथम राउंड की काउंसलिंग में करीब 16 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन करा लिए हैं। वहीं सात हजार विद्यार्थियों का सत्यापन हो सका है। विद्यार्थियों के पास तीस मई तक पंजीयन और 31 मई तक सत्यापन करने का समय है। करीब 13 हजार विद्यार्थियों के यूजी और तीन हजार विद्यार्थियों के पंजीयन पीजी में कराए गए हैं। वहीं सत्यापन की संख्या करीब सात हजार तक ही पहुंच सकी है। इसमें यूजी का सत्यापन छह हजार और पीजी में सत्यापित विद्यार्थियों की संख्या करीब एक हजार दर्ज की गई है। विभाग पांच जून को सुबह 11 बजे पंजीयन और सत्यापित विद्यार्थियों को सीटों का आवंटन करेगा। आवंन हासिल करने वाले विद्यार्थी पांच से 12 जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। विद्यार्थी उक्त तिथि में फीस जमा नहीं करेंगे। फीस का भुगतान नहीं होने की दशा में उनके प्रवेश मान्य नहीं होंगे।

### एनसीटीई कोर्स में एक हजार पंजीयन

एनसीटीई के कोर्स बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड, बीएडएमएड, आईटीईपी, बीएलएड, अंशकालीन बीएड और राज्य शिक्षा केंद्र का बीएड में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी प्रथम चरण में एक हजार पंजीयन हो चुके हैं। इसमें सत्यापन की स्थिति अच्छी नहीं है। विद्यार्थी तीस मई तक पंजीयन और 31 मई तक सत्यापन कर सकेंगे। विभाग एक जून को मेरिट जारी करेगा। विभाग पांच जून को प्रवेश आवंटित करेगा। पांच से 11 जून तक मूल दस्तावेज, टीसी माईग्रेशन का भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होकर लिंग इनिशिएट कराएंगे।

# राजधानी में लगातार गिरते वाटर लेवल ने बढ़ाया तापमान

**ग्रीन एंड सस्टेनेबल अर्बन डेवलपमेंट पर हुआ सेमिनार**



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एआई, मशीन लर्निंग टूल्स और डिजिटल ट्विन तकनीक की मदद से शहरों का वर्चुअल मॉडल तैयार किया जा सकता है। तकनीक की मदद से रियल टाइम डेटा का विश्लेषण कर पब्लिक ट्रांसपोर्ट, वाटर मैनेजमेंट, ठोस कचरा निपटान आदि में बेहतर निर्णय लिए जा सकते हैं। इससे भविष्य की समस्याओं जैसे बाढ़, गर्मी, जल संकट आदि का पूर्वानुमान लगाना आसान हो जाता है। इससे न केवल बेहतर शहरी योजना बनाई जा सकती है, बल्कि संसाधनों का भी कुशल प्रबंधन हो सकता है। साथ ही हम ग्रीन सिटीज को बढ़ावा दे सकते हैं। यह बातें मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के प्रोफेसर कृष्ण कुमार धोटे ने प्रमोटिंग ग्रीन एंड सस्टेनेबल सिटीज सेमिनार में कही। कार्यक्रम का आयोजन एमपी हाउसिंग बोर्ड ने किया था। स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट की प्रोफेसर डॉ रामा पांडे ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में वाटर सेंट्रिक प्लानिंग, ग्रीन ट्रांसपोर्ट व ऊर्जा दक्ष भवन जैसे मॉडल अपनाकर शहरों को अधिक पर्यावरण अनुकूल बना सकते हैं। सेमिनार को क्रेडाई के अध्यक्ष मनोक सिंह मिक, ग्रिन बिल्डिंग रेटिंग देने वाली संस्था ग्रिहा के ट्रेनर व आर्किटेक्ट यतीन चौधरी, अर्बन प्लानर ज्योतिका निगम और टाउन प्लानिंग एक्सपर्ट मयंक जगवानी ने भी संबोधित किया। सेमिनार में पूरे प्रदेश से अर्बन प्लानर, पर्यावरण विशेषज्ञ, आर्किटेक्ट व पॉलिसी मेकर ने भाग लिया। भोपाल के जियोलॉजिस्ट डॉ अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि पहले भोपाल का तापमान कभी 35 डिग्री से ऊपर नहीं जाता था। गिरते वाटर लेवल ने भोपाल का तापमान बढ़ा दिया है। अगर हम सिर्फ 30 प्रतिशत वर्षा जल का संरक्षण कर लें तो हम अपने पर्यावरण और प्रकृति को बचा सकते हैं। शहरों में भूमिगत जल का संरक्षण और प्रबंधन बेहद आवश्यक है।

# आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उमड़ा जनसैलाब



**जागरण मंडला।** आतंकवाद के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं के अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और साहस के प्रदर्शन की सफलता के उपलक्ष्य में मंडला में शनिवार को एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिकों के आह्वान पर आयोजित इस यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया, जिनके हाथों में तिरंगा और जुंबा पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारे गूंज रहे थे। बताया गया कि शनिवार शाम 5 बजे लालीपुर चौक से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में सर्व समाज के नागरिक, देशभक्त, गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति, बुद्धिजीवी, भूतपूर्व सैनिक, स्काउट गाइड, सीआरपीएफ की 148वीं बटालियन, एनसीसी कैडेट्स, खिलाड़ी और समाजसेवी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। बैंड की धुन, आतिशबाजी और मनमोहक झांकियों के साथ पैदल मार्च करते हुए लोगों ने अपनी देशभक्ति का खुलकर प्रदर्शन किया।तिरंगा यात्रा के दौरान नगर के चौराहों में स्थापित प्रतिमाओं रानी अवंती बाई, पं. दीनदयाल एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के साथ शहीद उदय चंद की प्रतिमा पर फूल वर्षा की गई। सर्व समाज के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश की सेना का सम्मान और हौसला अफजाई रहा है।

आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं ने शौर्य पराक्रम और साहस का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है जिससे यह ऑपरेशन सिंदूर सफल हुआ है। इसके लिए देशभर में सैनिकों के सम्मान के साथ अभिवादन किया जा रहा है।यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। विशाल जनसमूह हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया, जिससे यह यात्रा अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बन गई। यात्रा का समापन स्थानीय उदय चौक पर सारे जहां से अच्छा और राष्ट्रगान जन गण मन के गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर तीनों सेनाओं के वीर जवानों के पराक्रम का अभिवादन किया गया।इस तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके भी शामिल हुई और उन्होंने पूरी यात्रा में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए लोगों का उत्साह वर्धन किया। वहीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री और जिले के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा के इस अद्भुत आयोजन में आप सभी की उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा मिली है। इस कार्यक्रम में संत समाज ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई है।

# फरारी काट रहे रोजगार सहायक राधेश्याम राजपूत की सेवा समाप्त

## जिला पंचायत सीईओ ने जारी किया आदेश

## रोजगार सहायक राधेश्याम राजपूत ने बाइक की नकली चाबी बनवा गाड़ी में गांजा रखकर फंसाया था जांच के बाद उल्टा पड़ा दांव

**जागरण डिंडौरी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत समनापुर के पत्र क्रमांक/मनरेगा/2025 समनापुर, दिनांक 13.05.2025 से लेख किया गया है कि कार्यालय थाना प्रभारी थाना समनापुर जिला डिण्डोरी के पत्र क्रमांक थाना समनापुर/611/2025 दिनांक 27.04.2025 से राधेश्याम राजपूत, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत चांदरानी जनपद पंचायत समनापुर, जिला डिण्डोरी के विरुद्ध थाना समनापुर में अपराध क्रमांक 420/24 धारा-8/20 एनडीपीएस-इत्यादि एवं 29 एनडीपीएस धारा 195, 196, 120 बी, 420, 467 आदि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत समनापुर द्वारा पत्र क्रमांक/मनरेगा/2025/212 समनापुर, दिनांक 01.05.2025 से राधेश्याम राजपूत के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक 4688/2025 दिनांक 13.05.2025 से राधेश्याम राजपूत, ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसका जवाब आज दिनांक तक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है।कार्यालय थाना प्रभारी समनापुर, जिला डिण्डोरी के पत्र क्रमांक/थाना/समनापुर/752/2025 दिनांक 10.05.2025 से लेख किया गया है कि थाना समनापुर में अपराध क्रमांक 40/2024 धारा 8/20, 29 एनडीपीएस एक्ट एवं 195, 196, 120 बी, 420, 467, 34 भादवि में राधेश्याम राजपूत, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत चांदरानी और रामू सिंह पिता केलू उर्फ बरोतिया राजपूत, निवासी ग्राम चांदरानी प्रकरण में आरोपी है तथा अपराध कारित करने के बाद घर से फरार हो गये हैं जिनकी भी गिरफ़्तारी किया जाना है। थाना प्रभारी समनापुर के द्वारा राधेश्याम राजपूत, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत चांदाटोला के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाना अभी शेष किया गया है।

# सहायक यंत्री पंकज सिंह परिहार पर दुष्कर्म का आरोप, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर कार में दुष्कर्म करने का आरोप

**जागरण डिंडोरी।** डिंडौरी जिले में पदस्थ पंचायत विभाग के सहायक यंत्री पंकज सिंह परिहार के खिलाफ जबलपुर जिले के कुंडम थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपी इंजीनियर पर आरोप है कि उसने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 35 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी देते हुए जबलपुर के दीनदयाल बस स्टैंड पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट कुंडम थाने में शनिवार की रात दर्ज की गई। रविवार दोपहर को पुलिस ने आरोपी को जबलपुर छोड़कर भागने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 64 (1), 296, 115, 351 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। सरकारी नौकरी का झांसा देकर ले गया साथ दर्ज एफआईआर के अनुसार बताया गया है कि जबलपुर के गढ़ा इलाके में रहने वाली महिला की कुछ समय पहले पंकज सिंह से दोस्ती हुई थी। उसके बाद से दोनों के बीच अक्सर फोन पर बात होने लगी। आरोपी ने महिला को सरकारीद्य नौकरी दिलाने का झांसा दिया और डिंडोरी जिले में पंचायत विभाग के रिक्त पदों पर नौकरी लगवाने का झांसा देने का आरोप लगा है। शनिवार की सुबह महिला एक्टिवा से दीनदयाल बस स्टैंड पहुंची, जहां से वह डिंडोरी रवाना हुई। आरोप है कि डिंडोरी पहुंचने पर आरोपी ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी अमरकंटक गए हैं, वहीं चलकर मिलना होगा। इसके बाद अमरकंटक ले गया, लेकिन वहां भी किसी अधिकारी से नहीं मिलवाया। शाम करीब 6 बजे आरोपी ने महिला से कहा कि वह जबलपुर जा रहा है और उसे छोड़ देगा। रास्ते में आरोपी ने शराब पी और कुंडम के पास कार में ही महिला से जबरन दुष्कर्म किया द्य जबलपुर से भागने से पहले ही आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# सेना का अपमान बर्दास्त नहीं : इंजी कमलेश टेकाम

**जागरण मंडला।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा के नेताओं द्वारा दिए गए अनर्गल बयानों के बाद गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बड़े नेता इंजीनियर कमलेश टेकाम के द्वारा इन अनर्गल प्रलापों को सत्ता नशा बताते हुए कड़ी निंदा की है साथ ही कहा कि ऐसे लोगों को आदिवासी समाज से बहिष्कृत किया जाना चाहिए जब ऐसे समय में पूरा देश सेना के शौर्य पराक्रम के साथ है तो भाजपा के दो बड़े आदिवासी नेता जो कि सेना पर विवादित टिप्पणी करते हुए पाए गए जिन पर समाज के हर वर्ग का गुस्सा फूटा हुआ है साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों आदिवासी नेता बहुत वरिष्ठ जिनसे ?सी अपेक्षा नहीं थी देखा जाये तो मंत्री विजय शाह का विवादित टिप्पणी से पुराना नाता रहा है लेकिन पूर्व राज्य मंत्री भारत सरकार और वर्तमान सांसद कुलस्ते जी का ऐसा कोई बयान नहीं हुआ जो विवादित रहा हों फिर भी इनके द्वारा दिए गए बयानों गोडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा घोर आपत्ति दर्ज कराई गई।

# मोहगांव में सिविल डिफेंस वोलेंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**जागरण मंडला।** उत्कृष्ट स्कूल मोहगांव में जन अभियान परिषद के 61 सिविल डिफेंस वोलेंटियरों को प्रशिक्षण दिया गया। भारत सरकार, राज्य शासन द्वारा प्रसारित आदेशों एवं महानिदेशक होमगार्ड्स तथा कंट्रोलर सिविल डिफेंस द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन में रविवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र चलाया गया। जिसमें वोलेंटियर को हवाई हमले के दौरान बचाव कार्य, रेड एवं ग्रीन सायरन की जानकारी, ब्लैकाउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी, घायलों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की विधि,आग की जानकारी एवं प्रथमोपचार, रक्त बहाव को रोकना आदि का प्रशिक्षण प्लाटून कमाण्डर हेमराज परस्ते के सहयोगी एसडीईआरएफ/ होमगार्ड टीम द्वारा दिया गया। उपस्थित सीडी वोलेंटियर्स को अधिक से अधिक नए वालेंटियर्स जोड़ने हेतु समझाइश दी गई।

# तमकेश्वर आश्रम के श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने सुना भगवान वामन अवतार प्रसंग



**जागरण डिंडोरी।** शहपुरा विकासखंड के ग्राम बरबसपुर स्थित पवित्र तमकेश्वर आश्रम में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में भगवान वामन अवतार का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक पंडित चंद्रभान शास्त्री ने भक्तों को वामन अवतार की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि भगवान विष्णु ने वामन रूप में अवतरित होकर बलिदानी राजा बलि को अहंकार और मोह के परित्याग का अमूल्य संदेश दिया। चंद्रभान शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आचरण में परिवर्तन लाने का साधन है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से न केवल जन्मों-जन्मों के पाप क्षीण होते हैं, बल्कि यह आत्मा को ईश्वर के प्रति समर्पण की ओर अग्रसर करता है। वामन अवतार प्रसंग में शास्त्रीजी ने बताया कि कैसे भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का समस्त अहंकार दूर कर दिया और परोपकार तथा विनम्रता का आदर्श स्थापित कियाकथा के दौरान श्रोताओं को जीवन में परोपकार, अहंकार त्याग, और ईश्वर भक्ति जैसे मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि धन-संपत्ति क्षणिक है, किंतु सेवा और विनम्रता से ही सच्ची भक्ति सिद्ध होती है। यदि जीवन में मोह, घृणा, ईर्ष्या और घमंड हावी हो जाए तो भक्ति मात्र एक दिखावा बनकर रह जाती है। इस अवसर पर वामन अवतार की भव्य झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसमें भगवान को राजा बलि से भिक्षा मांगते हुए और विराट रूप धारण करते हुए दिखाया गया। जैसे ही भजन 'तेरे द्वार खड़ा भगवान, भगत भर दे रे झोली' गूंजा, समूचा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा। श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और कई की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा का आयोजन आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें अन्य दिव्य प्रसंगों का भी वाचन किया जाएगा। पूरे ग्राम व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ ले रहे हैं।

# विश्व संग्रहालय दिवस पर विद्यार्थियों ने किया पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण

## विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

## सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**जागरण मंडला।** रविवार को विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर शासकीय पुरातत्व संग्रहालय का विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। संग्रहालय का अवलोकन कराते हुए संग्रहालय में रखे पुरातत्व अवशेषों के विषय में जानकारी दी गई। शैक्षणिक भ्रमण के इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट ने उपस्थित विद्यार्थियों, नागरिकों तथा पुरात्व संघ के सदस्यों को अवगत कराते हुए कहा कि हर व्यक्ति पुराने इतिहास को पहचान कर नए समाज की रचना करता है। उन्होंने संग्रहालय दिवस पर पुरानी विरासतों को संरक्षित करने का आह्वान किया। इंटेक संस्था की ओर से चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर आदर्श बाल ग्रह के छात्रों को भी पुरातत्व संग्रहालय एवं प्रदर्शनी दिखाई गई। सैकड़ों वर्ष पुरानी मुद्राओं की प्रदर्शनी बालमुकुंद चौकसे पुरातत्व सदस्य के द्वारा लगाई गई थी। कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला एवं पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर तथा रानी दुर्गावती महाविद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुरातत्व अधिकारी श्रीमती हेमंतिका शुक्ला के द्वारा मूर्तियों के महत्व को समझाया गया। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी श्री कपिल तिवारी, इंटेक संस्था के कन्वेयर श्री अरुण अग्रवाल, पुरातत्व संघ के समिति सदस्य श्री एनके यादव, विजय अग्रवाल, शक्ति पटेल, आशीष अग्रवाल, श्रीमती सुलोचना मरावी, बिंदु धुर्वे, मनीष चंद्रोल सहित पुरातत्व विभाग की कर्मचारी उपस्थित थे।

# टमस नदी पटेहरा पुल के पास बालू का हो रहा अवैध उत्खनन : आरोप

**जवा ब्यूरो।** संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तरायी आंचल जवा तहसील की जीवनी दायिनी टमस नदी में बालू माफियाओं के द्वारा जगह-जगह किए जा रहे बालू के अवैध उत्खनन के चलते एक ओर जहां टमस नदी का सीना छलनी हो रहा है तथा अपने अस्तित्व को बचाने का संघर्ष कर रही है। वहीं बिना रमन्ना टीपी के हो रहे बालू के अवैध उत्खनन से शासन को भी प्रति माह लाखों रूपये के राजस्व की हानि होती है। ज्ञात हो कि पुलिस थाना अतरैला रीवा डभौरा मार्ग टमस नदी के पटेहरा कशियारी घाट में बने पुल के आसपास खनिज माफियाओं द्वारा मशीनों के माध्यम से रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक भारी मात्रा में बालू का अवैध उत्खनन किया जा जाने के आरोप लगे हैं। जबकि शासन द्वारा पुलों के सुरक्षा की दृष्टि से पुल के आस पास बालू का उत्खनन प्रतिबंधित किया गया है। उसके बावजूद बड़ी बड़ी मशीनों के माध्यम से रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे बजे तक बालू का अवैध उत्खनन एवं जेसीबी हाईवां के माध्यम से रीवा शहर सहित यूपी तक में धड़ल्ले से लाखों रूपए मूल्य का बालू बिना टीपी रमन्ना के महंगे दामों में बेचा जा रहा है कि जांच का विषय है। आम ग्रामीणों ने पटेहरा पुल के पास मशीनों के माध्यम से हो रहे बालू के अवैध उत्खनन पर रोक लगावाये जाने की मांग जिला प्रशासन रीवा से की है।

# देश की सेना के पराक्रम पर मऊगंज में जश्न

## विधायक प्रदीप पटेल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**मऊगंज ब्यूरो।** देश की सेना ने एक बार फिर अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए न केवल सीमाओं की रक्षा की, बल्कि दुश्मन के मंसूबों को भी नाकाम किया है। इस वीरता और साहस के समर्थन में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। मऊगंज नगर के मुख्य मार्गों से निकली इस यात्रा में भारी संख्या में आमजन शामिल हुए। हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारों के साथ लोगों ने सेना को सलाम किया। विधायक प्रदीप पटेल ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सेना ने दुश्मन की जमीन में घुसकर आतंकवाद को पनाह देने वाले शिविरों को ध्वस्त किया है। यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता की रक्षा में दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। मऊगंज की जनता इस गौरवपूर्ण पल में सेना के साथ खड़ी है। तिरंगा यात्रा के समापन पर राष्ट्रगान गाया गया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस आयोजन ने मऊगंज में देशभक्ति की भावना को और प्रबल कर दिया।

# छिरेहटा पुल से जान जोखिम में डालकर सफर तय कर रहे लोग : प्रकाश यादव



**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** वर्षो से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहें छिरेहटा पुल की कोई भी सुध नही ले रहा हैं कहने को दर्जनों बार कागज में पुल का निमार्ण और मरम्मत कराई जा चुकी हैं लेकिन आज भी पुल की हालत काफी दायनीय हैं। उक्त बातें कहकर यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के पीआरओ प्रकाश यादव ने जारी विज्ञाप्ति के माध्यम से सरकार और जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुल निर्माण कराए जाने की मांग की हैं। श्री यादव ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के दौरान सैकड़ों वादे करके नेता जी भूल जाते हैं कि दोबारा भी उन्हे इन मतदाताओं की जरूरत पड़ेगी। श्री यादव ने बताया कि बरसात के दिनो में गड्ढ़ों में तब्दील यह पुल खोखला हो जाता हैं और रेलिंग विहीन इस पुल से तेज रफतार से पानी बहता हैं जिससे लोगो को जान का खतरा बना रहता हैं। श्री यादव ने बरसात से पूर्व छिरेहटा पुल निमार्ण कराए जाने की मांग की हैं।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर जिले भर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया

**जागरण, पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विधायक पन्ना बृजेंद्र प्रताप सिंह पार्टी जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा वरिष्ठ नेता सुशील त्रिपाठी ने रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में महापुरूषों को माल्यार्पण कर रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर चलाए जाने वाले 10 दिवसीय अभियान के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाले अभियान के दौरान हमें रानी अहिल्याबाई के कामों को स्थानीय उदाहरणों के माध्यम से जनता तक पहुंचाना है। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई द्वारा स्थापित आदर्शोंए उनके विचारोंए उनके जनहितैषी कामों को इस अभियान के दौरान जन.जन तक पहुंचाना है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील त्रिपाठी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर के सपनों को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती शशि परमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य सरकारें रानी अहिल्याबाई के विचारों को जमीन




पर उतार रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री श्रीमती मनीषा गोस्वामी ने ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने जीवन पर्यन्त साधना और संघर्ष कर महिलाए समाजए देशए संस्कृति और धर्म के सशक्तिकरण के लिए कार्य किया। उदाहरणों के माध्यम से रानी अहिल्याबाई के कामों को जनता तक पहुंचाएं. श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने सेना के आवागमन से होने वाले फसलों के नुकसान के लिए मुआवजे का प्रावधान किया। उन्होंने महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महेश्वर साड़ी उद्योग स्थापित किया। इस साड़ी को प्रमोट करने के लिए वे हर विदेशी अतिथि को यही साड़ी उपहार में देती थीं और स्वयं भी यही पहनती थीं। उनका जीवन त्यागपूर्ण था और अपने राज्य को भगवान शिव का राज्य मानकर धर्मनिष्ठ शासन करती थीं। उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेक कदम उठाए। हमें इस अभियान के दौरान उनके कामों के स्थानीय उदाहरण खोजकर जनता के सामने रखना है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को हमारे धर्म और संस्कृति की पर्याप्त जानकारी नहीं है। रानी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती के अवसर पर चलाए जाने वाले अभियान के दौरान हमें उन पर फोकस करना है और रानी अहिल्याबाई के उदाहरणों के माध्यम से युवाओंए युवतियोंए महिलाओंए बुद्धिजीवियों तथा समाज के अन्य वर्गों को यह जानकारी देना है।



**महाराज विक्रमादित्य सम्राट हर्षवर्धन की श्रृंखला की कड़ी थीं रानी अहिल्याबाई :** श्री सिंह ने कहा कि महाराज विक्रमादित्य और सम्राट हर्षवर्धन के शासनकाल में जिस तरह से सांस्कृतिक उत्थान का काम हुआए वैसा ही काम रानी अहिल्याबाई ने भी किया। आज वही काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी कर रहे हैं। इस अभियान के दौरान हमें इनके कामों को उदाहरणपूर्वक एक.दूसरे से जोड़ते हुए जनता के सामने रखना है। भारत के बारे में यह भ्रम फैलाया जाता है कि यहां महिलाओं को वेद पढ़ने की अनुमति नहीं थीए शिक्षा नहीं दी जाती थीए पर्दे में रहना पड़ता था। लेकिन ये देश भूल जाते हैं कि पश्चिमी देशों में जब महिलाओं से घृणा की जाती थीए तब भारत में रानी अहिल्याबाई के रूप में एक महिला शासन संभाल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता का ढिंढोरा पीटने वाले पश्चिमी देशों में तो महिलाओं को वोट देने का अधिकार भी आंदोलन के बाद मिला। न्यूजीलैंड में 1893ए इटली में 1945ए कनाडा में 1917ए जर्मनी में 1918ए इंग्लैंड में 1918 में सिर्फ 30 महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। इसी तरह आस्ट्रिया व नीदरलैंड में 1919 तथा अमेरिका में 1920 में मतदान का अधिकार मिला। लेकिन भारतवर्ष में इसके लिए महिलाओं को कोई संघर्ष नहीं करना पड़ाए हमारे संविधान में ही इसका प्रावधान है।

श्री बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि पश्चिमी देशों में तो महिलाओं को बराबरी के अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ाए लेकिन भारतवर्ष में महिलाओं के लिए यह संघर्ष भी पुरुषों ने ही किया। चाहे सती प्रथा का अंत हो या महिला शिक्षा का विषयए राजा राममोहन राय से लेकर महात्मा फुले जैसे समाज सुधारकों ने इसके लिए संघर्ष किया। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि लोकमाता रानी अहिल्याबाई की 300 वीं जन्मजयंती के अवसर पर चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान हमें उनके आदर्शोंए उनके कामोंए उनके विचारों को जन.जन तक पहुंचाना है। कठिन परिस्थितियों के बीच सुशासन कैसे चलाया जा सकता हैए इसका उदाहरण उन्होंने प्रस्तुत किया। उन्होंने पूरे समर्पण के साथ जनता की सेवा की और वे किसी से डरती नहीं थी। उनका व्यक्तित्वए मन और हृदय विशाल था। उन्होंने 300 साल पहले औद्योगीकरण और रोजगार के बारे में सोचा। सैनिकों और उनके परिवारों की भलाई के लिए कदम उठाए। उन्होंने अपने शासन में समावेशी सिद्धांत को पोषित कियाए इसलिए उनके शासन में हर व्यक्ति को अहसास रहता था कि महारानी उसकी चिंता करती हैं। उन्होंने अपने निर्णयों से यह साबित किया कि कानून के सामने सब बराबर हैं। उन्होंने अपनी नीतियों में मानव अधिकारों का संरक्षण किया और हर व्यक्ति को न्याय मिल सकेए इसके लिए न्यायालय स्थापित करने तथा न्यायाधीशों के प्रशिक्षण पर जोर दिया। न्यायालयों की मानीटरिंग की व्यवस्था की और वे नियमित समीक्षा भी करती थीं। उन्होंने खाद्य सुरक्षा नीति बनाई और यह स्थापित किया कि जहां धर्म हैए वहीं न्याय है। शासन और धर्म अलग नहीं है। उन्होंने अपने कामों से इतिहास में एक आदर्श स्थापित किया। अभियान के दौरान हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों को जनता तक पहुंचाना है।

## पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा द्वारा किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए : राजेश दीक्षित

**जागरण, पन्ना।** जिला प्रशासन द्वारा जहां एक ओर गरीबों के टपरा दुकान मकान तोड़कर उन्हें बेरोजगार किया जा रहा है साथ ही 100.100 वर्षों से रह रहे लोगों के मकानों को तोड़ने के नोटिस दिए गए हैं तथा लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है उक्त मामले को लेकर नगर की वरिष्ठता अधिवक्ता राजेश दीक्षित के नेतृत्व में अपर कलेक्टर को अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन दिया गया है उक्त ज्ञापन में बताया गया कि मंदिर एवं तालाब की भूमि पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा तथा उनके पिता सेवक लाल द्वारा अवैध अतिक्रमण करके विद्यालय एवं मैरिज गार्डन बना रखा है सबसे पहले उक्त सार्वजनिक जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जाए तथा मंदिर के लिए पार्किंग स्थल बनाने का कार्य किया जाए भेदभावपूर्ण तरीका से गरीबों के साथ अन्याय नहीं किया जाए उन्होंने कहा है कि श्री जुगल किशोर जी मंदिर में अधिकांश भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोग समिति के सदस्य हैं उनके द्वारा भी मंदिर तालाबों एवं शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जा कर रखा है सबसे पहले उन्हें समिति से हटाया जाए या फिर उनसे शपथ पत्र लिया जाए कि हमारे द्वारा कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है जिससे मंदिरों की समिति में पारदर्शिता बनी रहे उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि धार्मिक मंदिरों की समितियां में केवल सत्ताधारी दल के लोगों को शामिल न करके नगर के समाजसेवियों को शामिल किया जाए तथा उनके सुझाव लेकर मंदिरों का विकास किया जाए।

## जिला चिकित्सालय में भारी अवस्थाएं, गर्मी से मरीजों के हाल बेहाल पंखा कूलरों की नहीं है पर्याप्त व्यवस्था

**जागरण, पन्ना।** जिला चिकित्सालय पन्ना के हाल इन दोनों बहुत ही बदतर हैं भीषड़ गर्मी तथा मच्छरों मरीजों तथा परिजनों का जिला चिकित्सालय में रुकना मुश्किल हो रहा है पंखों की हालत भी बदतर है कूलर नाम मात्र के लगे हैं उनमें पानी ही नहीं डाला जाता है जिससे गर्म हवा के कारण कमरों के अंदर का तापमान और अधिक गर्म हो जाता सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष जिला चिकित्सालय की व्यवस्था सुधारने के लिए करोड़ों रुपए का बजट दिया जाता है लेकिन उक्त बजट जिम्मेवार जिला चिकित्सालय के अधीक्षक अन्य कार्यों में निपटा देते हैं वर्तमान समय में जिला चिकित्सालय में रिनोवेशन तोड़फोड़ का काम चल रहा है जिसमें करोड़ों का बजट ठिकाने लगाया जा रहा है साथ ही स्टील फर्नीचर के नाम पर भी




करोड़ों का बजट खर्च हो चुका है रोगी कल्याण समिति में भी विभिन्न संस्थान द्वारा दिए गए बजट का भी कोई हिसाब किताब नहीं है जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर भी जिला चिकित्सालय ड्यूटी करने के लिए औपचारिकता पूरी करते हैं तथा किसी प्रकार अपना समय पूरा करके घरों में बैठकर ?400 फीस लेकर मरीज का इलाज कर रहे हैं साथ ही सोनोग्राफी एवं अन्य चीजों में भी कमीशन ले रहे हैं बुनियादी सुविधाओं के अभाव में मैरिज तड़प रहे हैं। वार्डो में न कूलर हैंए न पंखे ठीक से चल रहे हैंए और मच्छरों की भरमार ने नींद हराम कर दी है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि यहां इलाज नहींए सजा मिल रही है। सरकार ने अस्पताल के उन्नयन के लिए भारी भरकम बजट दिया है। निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है कृ नई दीवारेंए भवन और परिसर बन रहे हैं। लेकिन जिस उद्देश्य से यह बजट आयाए यानी मरीजों को बेहतर सुविधा देनाए वह कहीं खो गया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल से जुड़े सभी स्तर के अधिकारी सिर्फनिर्माण से होने वाले लाभ और ठेकेदारी के गणित में उलझे हैं। इलाजए दवाए सफाई और मानवीय संवेदना जैसे विषय अब प्राथमिकता में नहीं हैं। वहीं मीडिया में कई बार इन बदहाल व्यवस्थाओं की खबरें आ चुकी हैंए लेकिन जिम्मेदारों की आंखों पर जैसे पट्टी बंधी है।

## भाजपा ने पवई मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की

**पवई, पन्ना ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पवई मंण्डल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में गठित इस कार्यकारिणी में कुल 61 पदाधिकारी और सदस्यों को शामिल किया गया है।पार्टी की इस घोषणा में सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि वॉइस ऑफ मीडिया संगठन से जुड़े तीन पत्रकारों को भी मंडल के महत्वपूर्ण पदों पर स्थान दिया गया है। पत्रकार अजित बढ़ोलिया को मंडल उपाध्यक्षए श्रीप्रकाश पाठक को मीडिया प्रभारीए तथा संदीप खरे को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।संगठनात्मक दृष्टि से यह नियुक्तियाँ मीडिया और जनसंपर्क के क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता को बढ़ावा देंगी। पार्टी सूत्रों के अनुसारए इन पत्रकारों की नियुक्ति से संगठन को जमीनी स्तर पर संवाद और प्रचार में मजबूती मिलेगी। कार्यकारिणी में वरिष्ठ पदाधिकारियों से लेकर युवा कार्यकर्ताओं तक को प्रतिनिधित्व दिया गया हैए जिससे क्षेत्रीय संतुलन और संगठनात्मक समरसता का संदेश भी स्पष्ट होता है।

## महाराजा छत्रसाल जयंती की पूर्व संध्या पर होगा कवि सम्मेलन का आयोजन

**पन्ना।** साहित्कार एवं कवि लक्ष्मी नारायण चिरोल्या ने बताया कि नरवीर बुंदेलखंड केसरी महान योद्धा महाराजा छत्रसाल ने अपने जीवन काल में 52 लड़ाइयां लड़ी इसके अतिरिक्त वह कवि भी थेए इस दिशा में उन्होंने कवि भूषण की पालकी में कांधा लगाकर उनका सम्मान किया थाए इस कड़ी में बीते लगभग चार दशक से छत्रसाल पार्क में उनकी जयंती पर साहित्य कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होते रहे हैं। मगर बीते कुछ वर्षों से यह परंपरा टूट गईए श्री चिरोल्या ने आगे बताया कि पन्ना में जबतक साहित्यकार हैं छत्रसाल जयंती पर उन्हें याद करते रहेंगेए इसी कड़ी में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन पन्ना के तत्वाधान में महान योद्धा नरवीर बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल जयंती की पूर्व संध्या पर 28 मई 2025 को सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक स्थान साईं मंदिर बड़ा बाजार पन्ना में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। हिंदी साहित्य सम्मेलन पन्ना के अध्यक्ष ने बताया कि नगर व जिले के समस्त साहित्यकार कवि पत्रकार साहित्य प्रेमी एवं श्रोतागण सादर आमंत्रित हैं।

## भाजपा नेता राजकुमार वर्मा को मातृशोक

**पन्ना ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा की माताजी प्रेम वर्मा का गति दिवस दुखन निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार दिनांक 15 मई को शमशान घाट में किया गया श्री बर्मा की माता जी के निधन पर भाजपा कार्यकर्ता पत्रकार साहित्यकार एवं समाजसेवियों ने गहन को दुख व्यक्त करते हुए शोकस कुल परिवार को ईश्वर से शक्ति प्रदान करने तथा मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना की है

## नाबालिग दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** मऊगंज जिले के ढढनी गांव अपने बुआ के घर आए आरोपी ने एक नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने मामले की शिकायत मऊगंज पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस ने पाक्सों एक्ट सहित बीएनएस की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ओम प्रकाश वाजपेयी पुत्र सुशील वाजपेयी 21 वर्ष निवासी औरवा थाना बंथरा जिला लखनऊ को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि आरोपी नाबालिग को मोतिहारी बिहार लेकर गया था जहां वह उससे मजदूरी कराने लगा जिसके बाद सायबर सेल की मदद से पुलिस आरोपी तक पहुंची और नाबालिग को दस्तयाब कर उसे परिजनों को सौप दिया वहीं पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।

## सूने आवास का चोरों ने चटकाया ताला, लाखों के आभूषण पार

**रीवा।** वैवाहिक सीजन में चोरी की बढ़ती घटनाओं ने हर आम और खास की टेंशन बढ़ा दी है। एक सप्ताह पूर्व गांव गए दो भाइयों के परिवार जब वापस लौटा तो घर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर देखा तो करीब 8 से 10 लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण गायब मिले। पीड़ित ने घटना की शिकायत बिछिया थाना में दर्ज करवाई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शहर के चिरहुला मंदिर के पीछे बसी कॉलोनी को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। बताया गया कि घर के लोग करीब एक सप्ताह पूर्व गांव गए हुए थे, परिजन जब आए तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पन्ना के द्वारा उपमुख्यमंत्री देवड़ा एवं मंत्री विजय शाह का पुतला दहन



**जागरण, पन्ना ।** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में ब्लॉक तथा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय जनता पार्टी सरकार में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह के पुतले फुंके जा रहे हैं क्योंकि उनके द्वारा सेना का अपमान किया गया है इसी कड़ी में पन्ना जिला मुख्यालय में जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह के निर्देशन में ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय तिवारी के नेतृत्व में उक्त दोनों मंत्रियों के पुतले फुंके गए तथा बेशर्मी की हद पार कर चुकी भाजपा की सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए पुतले फूंके केगए हैं मु जिला मुख्यालय में जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह के निर्देशन में ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय तिवारी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करते हुए पुतले फूंके गए। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से शिवजीत सिंह राजेश तिवारी मनीष मिश्रा पुरुषोत्तम जडिया शशीकांत दिक्षित शिव प्रकाश दीक्षित रेहान मोहम्मद अंकित शर्मा दीपक तिवारी अनीश खान वैभव थापक सौरभ पटैरिया भूपेंद्र परमार कदीर खान राजबहादुर पटेल रियासत खान अनीश पिंकू सिद्दीकी एजाज खान वेदांत मिश्रा अक्षय जैन धीरेंद्र पाठक जी रज्जन यादव एवं समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## स्कूली छात्रों को दी जा रही ट्रेनिंग

**पन्ना।** शासन द्वारा आधुनिक जरूरतों के दृष्टिगत शिक्षा नवाचारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय सीएम राइज विद्यालय शाहनगर में अध्यनरत सूचना प्रौद्योगिकी ट्रेड से छात्र. छात्राओं को 20 दिवसीय ऑन द जॉब प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आईटी वोकेशनल ट्रेनर आशीष मिश्रा और लोक सेवा केंद्र के समन्वयक रोहित बड़ेरिया ने बताया कि यहां के लोक सेवा केंद्र में 1 से 24 मई तक चल रही ट्रेनिंग के दौरान छात्रगण केंद्र की कार्यप्रणालीए ऑफिस प्रबंधन और मार्केटिंग से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिफ्ट में 40 से 50 छात्रों को ट्रेनिंग मिल रही है।

## बस तथा स्कॉर्पियो टकराई, बड़ा हादसा टला

**पन्ना।** जिले के शाहनगर थाना अंतर्गत बस स्टैंड के पास पन्ना से कटनी चलने वाली दादा ट्रेवल्स की बस आम नर्सरी के पास खड़ी हुई थी इस दौरान बारात लेकर आ रही स्कॉर्पियो कर बस से टकरा गई लेकिन गनीमत रही हो हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ सभी सुरक्षित बच गए हैं उक्त बारात बिसानी जा रही थी बताया जाता है कि चालक को नींद आने से खूब हादसा हुआ फिलहाल सभी सुरक्षित हैं।





## पुलिस की टीम द्वारा 02 असहायों की सहायता कर किया उत्कृष्ट कार्य

**जागरण, टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा सभी थानाध्चौकी प्रभारियों को श्सहारा अभियान श् अन्तर्गत अपने थाना क्षेत्र में असहाय बृद्धों की समस्याओं का समाधान करने एवं उनकी सहायता करने हेतु दैनिक रूप से निर्देशित किया जा रहा है । इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव की पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 18ध05ध25 को जिला अस्पताल टीकमगढ में एक असहाय वृद्ध पुरुष की सहायता की एजो जिला अस्पताल में कुछ खाने के लिये मांग रहे थेए बहुत परेशान थे । देहात पुलिस की टीम द्वारा असहाय वृद्ध से नाम पता पूछा जिन्होंने अपना नाम मन्ना रजक पिता प्यारे लाल रजक उम्र 64 साल निवासी पडवा मेहरोनी वर्तमान टीकमगढ का होना बताया । तबियत खराब होने के कारण इलाज हेतु जिला अस्पताल टीकमगढ आए थे भूख लगने से खाना पीना का सामान मांग रहे थे ।जिन्हें देहात थाना की पुलिस टीम द्वारा राशन खरीद कर दिया गया व खाना खिलाया गया साथ ही वृद्ध का इलाज कराया गया व परिजनों को फोन पर सूचना देकर देख रेख करने की हिदायत दी गई । इसी प्रकार एक वृद्ध असहाय महिला जो अस्पताल चौराहे के पास बैठी थी जिन्होंने नाम पता पूछने पर अपना नाम राम देवी निवासी टीकमगढ का बताया गया जिनको देहात पुलिस टीम द्वारा खाने पीने की सामाग्री प्रदान की गई एवं परिजनों के पास सकुशल पहुंचाया किया गया । पुलिस की उपरोक्त कार्यवाही की उपस्थित आमजन द्वारा सराहना की जा रही है ।

## बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही ग्राम पंचायत अजनौर की जनता



**टीकमगढ़ ।** जिले के ग्राम पंचायत अजनौर में जलापूर्ति के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं ठेकेदारों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्र की जनता बूंद.बूंद पानी के लिए तरस रही है। ग्राम पंचायत अजनौर गांव में पानी की समस्या देखने को मिली है। जल निगम द्वारा करोड़ो रुपए की लागत से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जलापूर्ति करने के लिए एक वर्ष से पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन आजतक विभागीय अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही के कारण टंकी का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। गांव के समाजसेवी अमर सिंह लोधीए विक्रम सिंह परमारएकरूं राजा एवं आकाश लोधी, हनुमत लोधी, वीरू लोधी, दीपक लोधी, सुरेश अहिरवार, पूरन अहिरवार, नंदू अहिरवार व बल्दीन लोधी, पंचम जमींदार, काशीराम अहिरवार, फूलचंद अहिरवार, मोहन अहिरवार, राकेश वंशकार, सुनील, अहिरवार हरलाल अहिरवार समेत कई लोगों ने बताया कि इस आधुनिक युग में भी उनको प्यास बुझाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में कई हैंडपंप हैं



लेकिन गर्मी आते ही सूख जाते व खराब हो जाते है पानी नहीं निकलता है और कुआं भी सूखे पड़े हैं फिर भी कोई जनप्रतिनिधि व अधिकारी कोई सकारात्मक पहल नहीं कर रहे हैं। बताया कि ठेकेदार कई दिनो से टंकी निर्माण का कार्य छोड़कर गायब है जिसके कारण काम रुका हुआ है। यही नहीं पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है!

# वन परिक्षेत्र जतारा में जब्ती की कार्यवाही जारी

## एक जेसीएम आयशर ट्रक और एक जेसीबी लोडर वाहन को किया गया जब्त

**जागरण, दिगौड़ा टीकमगढ़ ।** विदित हो कि दिनांक 18ध05ध2025 की बाद दोपहर वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ राजाराम परमार और उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ मनीषा बघाड़े को दिगोड़ा गांव से मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पीले रंग की जेसीबी लोडर मशीन से एक लाल रंग के 6 चका जेसीएम आयशर ट्रक में दिगौड़ा के बम्होरी गांव के पठार रोड बाली गली में कब्रिस्तान के पास राजस्व भूमि पर नीम प्रजाति और अन्य प्रजाति के वृक्षों की कटाई करके परिवहन कराया जा रहा हैए जिसके बाद मामला टीकमगढ़ रेंज का होने के कारण वन परिक्षेत्र अधिकारी टीकमगढ़ को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया लेकिन कार्यवाही होता न देख तत्काल डीएफओ राजाराम परमार और एसडीओ मनीषा बघाड़े ने देरी किए बगैर वन






परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को कार्यवाही किए जाने के निर्देश प्रसारित किए गए जिसके तुरन्त बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा देरी किए बगैर तत्काल दल का गठन कर मुखबिर और वरिष्ठ के बताए अनुसार दिगौड़ा के बम्होरी गांव में पठार रोड के पास वाली गली में कब्रिस्तान के पास पहुंचकर देखा तो 8.10 नीम प्रजाति और अन्य प्रजाति के वृक्ष कटे हुए थे और कुछ लट्ठे लाल रंग के आयशर ट्रक में जेसीबी की सहायता से भरे जा रहे थे और कुछ बड़े बड़े लट्ठे पहले से ही ट्रक में भरे हुए थे जिसके लिए वन अमले ने ड्राइवरों से पूछताछ करते हुए वृक्ष कटाई और लकड़ी परिवहन की अनुमति मांगी गई तो चालकों और मालिकों के द्वारा कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गएए जिसके बाद वन अमले ने सूचना मौके से डीएफओ साहब और एसडीओ साहब को दी गई ए जिसके बाद वरिष्ठ के निर्देशों का पालन करते हुए एक पीले रंग की जेसीबी मशीन और लाल रंग के जेसीएम आयशर ट्रक पंजीयन क्रमांक यूपी 23 ए टी 9275 की मय वनोपज के मौके से जप्ती करते हुए वाहन चालकों और वाहन मालिकों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत वन अपराध पंजीबद्ध करके जप्त दोनों वाहनों को कड़ी सुरक्षा में सुरक्षित जतारा लाया जाकर खड़ा कराया गया और प्रकरण को अग्रिम विवेचना में लिया गया। आज की वाहनों की जप्ती की कार्यवाही वन मंडल अधिकारी राजाराम परमार और एसडीओ मनीषा बघाड़े के निर्देशानुसार और मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व में की गई जिसमे वन परिक्षेत्र जतारा के वन अमले के रूप में ओमप्रकाश रैकवार कार्यवाहक उपवन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र सहायक जतारा रियाजउद्दीन काजी वनपाल परिक्षेत्र सहायक लिधौराए अमन प्रजापति वनरक्षक अशोक कुमार वर्मा वनरक्षक विवेक वंशकार वनरक्षकए शिवशंकर अहिरवार वन रक्षक दिनेश रजक वनरक्षक ए यासीन खान वनरक्षक लखन लाल कुशवाहा वनरक्षक जयराम अहिरवार वनरक्षक शुभम पटेल वनरक्षकए स्थाईकर्मी अनिल द्विवेदी स्थाईकर्मी आजाद खान और वाहन चालक शहीद खान इत्यादि सम्मिलित रहे।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में स्थानांतरण नीति के अनुक्रम में बैठक आयोजित



## तीन वर्ष से कार्यरत कर्मचारियों की सूची जिला अधिकारी दो दिवस के अंदर प्रस्तुत करें : प्रभारी मंत्री जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं के प्रति नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार लाने का दिए निर्देश

**सिंगरौली** । जिले में कार्यरत सभी विभागों के जिला प्रमुख अपने अपने विभागों में कार्यरत ऐसे कर्मचारी जो तीन वर्ष से एक ही स्थान पर पदस्त है तथा ऐसे कर्मचारी जो कार्य के प्रति उदासीनता बरत रहे है इनकी सूची तैयार कर दो दिवस के अंदर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त आशय का निर्देश जिले के प्रवास पर आए हुए जिले के पालक मंत्री एवं मध्य प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपत्तिया उइके के द्वारा उपस्थित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। विदित हो कि स्थानांतरण नीति के अनुक्रम में अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री श्रीमती संपत्तिया उइके के अध्यक्षता में एवं राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह पंचायत एवं ग्रामीण विकास ,सीधी सिंगरौली सांसद डॉ. श्री राजेश मिश्र , सिंगरौली विधायक श्री रामनिवास शाह, देवसर विधायक श्री राजेन्द्र मेश्राम, सिहावल विधायक श्री विश्वामित्र पाठक, धौहनी विधायक श्री कुंवर सिंह टेकाम, कलेक्टर श्री चंद्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री, वनमण्डल अधिकारी श्री अखिल बंसल , नगर निगम अध्यक्ष श्री दिवेश पांडे, प्राधिकरण अध्यक्ष श्री दिलीप शाह के गरिमामय उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से उनके विभागों में पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी एवं रिक्त पदों की जानकारी ली गई तथा निर्देश दिए गए कि ऐसे कर्मचारी जो 3 वर्ष या इससे अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं उनकी सूची एवं ऐसे कर्मचारी जो कार्य के प्रति उदासीनता बरते हैं एवं उनकी शिकायतें जनप्रतिनिधियों या जनता से लगातार प्राप्त हो रही हो सभी की सूची तैयार कर दो दिवस के अंदर दिया जाना सुनिश्चित करें ताकि स्थानांतरण नीति के अनुक्रम में कार्यवाही की जा सके। बैठक के दौरान उपस्थित सम्मानित विधायक गणों के द्वारा प्रभारी मंत्री को इस आशय से अवगत कराया गया कि अभी भी 63 विद्यालय शिक्षक विहीन है इसके बाद भी शिक्षकों का स्थानांतरण दूसरे जिले के लिए कर दिया गया है ऐसी स्थिति में जब तक शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्ति नहीं हो जाती है तब तक इन्हें भार मुक्त न किया जाए । इसके संबंध में प्रभारी मंत्री के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए की स्थानांत्रित शिक्षकों को भार मुक्त न किया जाए । वहीं जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्थाओं के साथ-साथ साफ सफाई सहित ओपीडी में सुचारू रूप से व्यवस्था नहीं किए जाने के साथ साथ आउटसोर्स से लगे हुए कर्मचारियों का मजदूरी भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में प्रभारी मंत्री को विधायक गण के द्वारा अवगत कराया गया। जिसके संबंध में प्रभारी मंत्री ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सीएमएचओ को कड़े निर्देश दिए की जिला चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार लावे यदि सिविल सर्जन व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित नहीं करवा पा रहे हैं तो उनके भी विरुद्ध प्रस्ताव तैयार करें। आउटसोर्सिंग से लगे कर्मचारियों का शीघ्र मजदूरी का भुगतान करें।

सामूहिक रूप से जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रभारी मंत्री को इस आशय से अवगत कराया गया कि विद्युत व्यवस्थाएं क्षेत्र में सही रूप से संचालित नहीं है जिससे आए दिन आम जनमानस को परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं इसके संबंध में प्रभारी मंत्री के द्वारा संबंधित विभाग के अधीक्षण यंत्री को कड़े निर्देश दिए गए कि नियम अनुसार विद्युत की सप्लाई किया जाए। बिगड़े हुए ट्रांसफॉर्मर केबल लाइन का सुधार करें एवं ऐसे मोहल्ले जो विद्युतविहीन हो उनकी सूची तैयार कर शीघ्र दिया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने इस आशय के भी जानकारी चाही गई की अभी तक ऐसे कितने विद्यालय हैं जो मरम्मत विहीन है उनकी सूची तैयार करें साथ ही विगत वर्ष में कितनों का मरम्मत किया गया है एवं वित्तीय वर्ष में कितने विद्यालयों का मरम्मत किया जाना है इसकी भी सूची पृथक पृथक दिया जाना सुनिश्चित करें । प्रभारी मंत्री ने यह भी निर्देश दिए की जिले में अभी तक कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन है इसकी भी सूची दिया जाए। वहीं जनप्रतिनिधियों के सुझाव अनुसार कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए गए की नए हैंडपंप खनन की शीघ्र कार्यवाही किया जाए ताकि बरसात के पूर्व हैंडपंपों का खनन पूर्ण हो सके वही बृहद जल प्रयोजन के प्रगति की संबंध में चर्चा उपरांत निर्देश दिए की जो भी पाइप सड़कों के किनारे पड़ी है ऐसे स्थलों पर पाइपलाइन लगाने का कार्य तीव्र गति से किया जाए ताकि बरसात के पूर्व पाइपलाइन बिछाने का कार्य ऐसे स्थलों पर पूर्ण किया जा सके एवं आवागमन में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न ना हो। प्रभारी मंत्री ने विधायकों से प्राप्त सुझाव के अनुसार आबकारी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए की विद्यालयों एवं मंदिरों के आसपास परिधि में जो भी शराब की दुकानें संचालित हो उन्हें शीघ्र दूसरे स्थान पर परिवर्तित किया जाए। वहीं आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त को इस आशय के निर्देश दिए गए की कन्या छात्रावासों में महिला अधीक्षक की ही पदस्थापना किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी को यह भी निर्देश दिए गए कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा जो भी सुझाव दिए जाते हैं उस पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री शुक्ल ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए की स्थानांतरण नीति के संबंध में जो भी जानकारियां चाहिए गई हैं अनिवार्य रूप से दो दिवस के अंदर दिया जाना सुनिश्चित करें एवं जनप्रतिनिधियों से बैठक के दौरान जो निर्देश दिए गए हैं उसे पर भी कार्यवाही कर अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पी के सेनगुप्ता, एडिशनल एसपी अभिषेक रंजन, संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे, एसडीएम सृजन वर्मा, राजेश शुक्ला, नगर निगम कमिश्नर डी के शर्मा, जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 25 पर श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन





**जागरण विन्ध्यनगर।** स्वच्छता ही सेवा 25 अभियान हर दिन नई गति पकड़ रहा है और इस मुहिम में एनटीपीसी विन्ध्याचल अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां चलाए जा रहे प्रभावशाली अभियानों ने न केवल समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया बल्कि नागरिक जिम्मेदारी को भी मजबूती से स्थापित किया है। इसी क्रम मे एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 25 के अवसर पर श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का नेतृत्व ई. सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विन्ध्याचल ने किया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण डी.के. अग्रवाल महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक मेंटेनेंस व एडीएम और राकेश अरोड़ा प्रमुख मानव संसाधन विन्ध्याचल उपस्थित रहे। साथ ही ज्ञान सिंह भाटी और भास्कर चौधरी सहायक कमांडेंट्स सीआईएसएफ एवं उनकी टीम की सक्रिय भागीदारी ने इस सामूहिक संकल्प को और भी मजबूती प्रदान की। एकजुटता और उद्देश्य की भावना के साथ कर्मचारियों उनके परिवारजनों सीआईएसएफ कर्मियों यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने अनुबंधित हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ मिलकर विंध्य चिकित्सालय परिसर की सफाई में श्रमदान किया। यह श्रमदान स्वच्छता के प्रति न केवल प्रत्यक्ष प्रतिबद्धता दर्शाता है बल्कि उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान भी व्यक्त करता है जो प्रतिदिन पर्दे के पीछे मेहनत करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने उनके समर्पण और सेवा की सराहना करते हुए उन्हें हाइजीन किट भेंट कर सम्मानित भी किया जो परियोजना की समावेशिता और आभार की संस्कृति को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत जिम्मेदारी के संदेश को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए एक सिग्नेचर अभियान भी आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने एक स्वच्छ और हरित भारत के लिए अपनी प्रतिबद्धता को हस्ताक्षर कर व्यक्त किया जो सामाजिक बदलाव में व्यक्तिगत योगदान की शक्ति का प्रतीक है। इन प्रभावशाली प्रयासों के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना स्वच्छता समावेशिता और स्थिरता के मूल्यों को लगातार बढ़ावा दे रहा है और सामुदायिक भागीदारी से पर्यावरणीय कार्रवाई का आदर्श स्थापित कर रहा है।

## श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम में श्रद्धापूर्वक मनाई गई दद्दा जी की पुण्यतिथि

**कटनी।** दद्दाधाम स्थित श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम में ब्रह्मलीन पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ पूज्य बड़े भैया डॉ.अनिल शास्त्री जी के सानिध्य में मनायी गई। इस अवसर पर प्रातः शिष्यों द्वारा पूज्य दद्दा जी समाधि स्थल में पूजन अर्चन किया गया। इसके पश्चात पार्थिव शिवलिंग निर्माण, सुंदरकांड पाठ रुद्राभिषेक आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**समाधि स्थल में दर्शन करने के लिए उमड़ा भक्तों का सैलाब :** पूज्य गुरुदेव दद्दा जी पुण्य तिथि पर प्रातः काल से ही समाधि स्थल में दर्शन करने देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कटनी पहुंचे। समाधि परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। महारुद्राभिषेक के पश्चात आरती की गई। नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दद्दाधाम पहुंचकर समाधि स्थल में श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## झारा में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब जिसके गिरफ्त में आ रहे बच्चे

### शासन प्रशासन के द्वारा नहीं लगाई जा रही है अंकुश

**सरई।** जिले के सरई थाना अंतर्गत दर्जनों गांवों में अवैध शराब की गोरखधंधा चल रही है। जिससे गांवों में अराजकता का माहौल देखने व सुनने को मिल रही है। ऐसा ही एक गांव झारा है। जहां अवैध शराब बिक्री के कई ठिकाने हैं। ग्राम पंचायत झारा के लोग दिन प्रतिदिन शराब के नशे के आदी होते जा रहे हैं। यहां 10-10 साल के बच्चे नशा करते देखे जा रहे हैं। साथ ही स्कूली बच्चे व पढ़ाई छोड़ चुके बच्चे नशे के लत से जकड़ रहे हैं। यहां शासन प्रशासन स्तर से किसी प्रकार की कोई जागरुकता अभियान नहीं चलाई गई है। जिससे गांववासी शराब के दुष्प्रभाव से परिचित हो सकें।शराब निर्माण व बिक्री पर पंचायत द्वारा भी कोई एक्शन नहीं ली जा रही है। निरंकुश शराब माफिया अपने आंशिक लाभ के लिए झारा गांव को बरर्बाद करने में तुले हैं। युवा पीढ़ी लगातार शराब के गिरफ्त में फंसते जा रही हैं। झारा में यदि यही माहौल रहा तो आने वाले समय में 90त्न लोग शराबी हो जाएंगे।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल को टस्कर अवाड्र्स 25 में प्रतिष्ठित दो स्वर्ण पुरस्कार से किया गया सम्मानित







**जागरण विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक बार फिरअपनी उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए टस्कर अवाड्र्स 25 में दो प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यह गौरवमयी सम्मान तिरुवनंतपुरम में आयोजित समारोह में प्रदान किए गए। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना को सीएसआर उत्कृष्टता और ाजभाषा समावेशिता की श्रेणियों मेंयह सम्मान प्राप्त हुआ। एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार अजय कुमार मीणा वरिष्ठ प्रबंधक मानवसंसाधन ने ग्रहण किए। सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार एनटीपीसी विन्ध्याचल की उस प्रतिबद्धता को मान्यता देता हैं। जिसके अंतर्गत उसने स्थानीय समुदायों के समग्र विकास के लिए बहुआयामी पहलों को क्रियान्वित किया है। साथ ही बुनियादी ढांचा विकास कौशल प्रशिक्षण आर्थिक सशक्तिकरण तथा बालिका सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से बालिकाओ ंकी शिक्षा और सशक्तिकरण में अहम योगदान दिया है। तथा राजभाषा समावेशिता पुरस्कार हिन्दी भाषा के प्रचार.प्रसार हेतु किए गए प्रयासो का प्रमाण है। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने न केवल अपने कर्मचारियों बल्कि उनके परिवारों संविदाकर्मियों और स्कूलों तक राजभाषा के प्रति जागरूकता और सहभागिता का वातावरण निर्मित किया है। ये दोनों पुरस्कार एनटीपीसी विन्ध्याचल की राष्ट्रसेवा सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और भी सशक्त बनाते हैं।

# महापौर ने वेंकट वार्ड से आधारकाप मार्ग का किया निरीक्षण

## आवागमन हेतु डब्ल्यूबीएम रोड का प्रस्ताव तैयार करने उपयंत्री को दिए निर्देश

**कटनी।** महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन में नगर में विकास कार्यों के साथ-साथ नागरिकों को सुगम और बेहतर यातायात की व्यवस्था मुहैया कराने के भी प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा रविवार को मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती बीना संजू बैनर्जी एवं निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में वेंकट वार्ड स्थित आधारकाप मार्ग का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। खिरहनी फाटक से आधारकाप तक लगभग 2 किलोमीटर की सड़क में नागरिकों के आवागमन हेतु नवीन मार्ग की संभावनाओं के चलते कराए जाने वाले मार्ग की सफाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों की भी मौजूदगी रही। क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद के दौरान बताया गया कि मार्ग न होने के कारण वार्ड के नागरिकों को असुविधा होती है साथ ही रेलवे लाइन को पार करने के दौरान अक्सर घटना घटित होने संभावना भी बनी रही है। जिस पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा नागरिकों के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सड़क निर्माण कार्य का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश क्षेत्रीय उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी को दिए। उपयंत्री द्वारा बताया गया कि मार्ग निर्माण की प्रक्रिया के प्रयास निरंतर जारी है। जिसके तहत मार्ग के निवासियों द्वारा मार्ग निर्माण कराने हेतु सहमति भी प्रदान कर दी गई है। इस मार्ग का निर्माण हो जाने से नई बस्ती एवं खिरहनी फाटक आधारकाप के नागरिकों को आने वाले समय में आवागमन हेतु एक ओर बेहतर मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान मौके पर पार्षद साथी डॉ.रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, शकुंतला सोनी, जय नारायण निषाद, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, उपस्थिति रही।

# पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर आयोजित होगी विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला




## प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में आयोजित हुई विशेष तैयारी बैठक

**जागरण बैढ़न।** आगामी 31 मई को पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 जन्म जयंती है। रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन एवं उनके राष्ट्र तथा भारतीय समाज एवं सनातन पंथ के लिए किये गये पुण्य प्रयासों को जन जन तक चरितार्थ करने के लिये भारतीय जनता पार्टी अखिल भारतीय स्तर पर कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला आयोजित कर रही है। ये समस्त कार्यक्रम 21 से 31 मई तक आयोजित होंगे। शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले मे भी इन कार्यक्रमों की पूरी श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे इस संदर्भ मे विशेष बैठक का आयोजन हुआ। आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री एवं प्रभारी मंत्री सिंगरौली की उपस्थित रही । विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह विधायक सिंगरौली विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता गिरीश द्विवेदी पूर्व विधायक सुभाष वर्मा पूर्व महापौर प्रेमवती खैरवार निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट शिवम शुक्ला उपस्थित रहे तथा बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम के संयोजक तथा जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने की। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर तथा पितृ पुरुषों के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम मे उद्बोधन जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने समस्त अतिथियों तथा कार्यकर्ताओं का स्वागत किया तथा पूर्व दिवस आयोजित तिरंगा यात्रा की सफलता पर सभी को बधाई एवं साधुवाद दिया तथा तिरंगा यात्रा के आगामी कार्यक्रम को विधानसभा एवं मंडल स्थर तक ले जाने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष ने रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती पर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ मे संक्षेप मे उल्लेख किया तथा पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर जी के कृतित्व का वर्णन किया । कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने आगामी कार्यक्रम के विषय को कार्यकर्ताओं के समक्ष विस्तार से रखा। संयोजक ने कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि इस कार्य को सम्पादित करने के लिए सह संयोजक के रूप मे महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल को अनिवार्य रूप से नियुक्त किया गया है तथा अन्य सदस्यों के रूप मे जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह जिलामंत्री प्रवेंद्र धर द्विवेदी तथा सावित्री प्रजापति को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक राजेश तिवारी जी ने कार्यक्रमों की पूरी श्रृंखला की बिंदुवार जानकारी प्रस्तुत की तथा बताया कि प्रत्येक दिवस के कार्यक्रम के लिए दिवस प्रभारी नियुक्त हुए हैं तथा प्रत्येक कार्यक्रम हेतु पृथक से पांच पांच सदस्यीय टोली का गठन किया गया है जो पूरे कार्यक्रम की श्रृंखला को सम्पादित करेगी। अपने उद्बोधन मे प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह ने कहा कि पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर जी के व्यक्तित्व को सामान्य शब्दों मे समाहित नहीं किया जा सकता। महाराष्ट्र के सामान्य परिवार मे जन्म लेकर रिसासत की महारानी तक का उनका किरदार अविस्मरणीय है। भारत वर्ष के इतिहास मे पुण्य श्लोक की उपाधि धर्मराज युधिष्ठिर राजा नंद के बाद लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को ही मिली है। उस समय मालवा के पेशवा मल्हार राव होलकर जी ने बाल्य रूप में अहिल्याबाई को देखा था और उनको अपनी बहू बनाकर मालवा ले आये थे। प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य मे रानी अहिल्याबाई होलकर की सम्पूर्ण जीवनी और उनके किये पुण्य प्रयासों को विस्तार पूर्वक बताया तथा एक सशक्त नारी शक्ति के रूप मे भारत और सनातन को दिए योगदान को सबके समक्ष चित्रित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने 21 से 31 मई तक रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तथा आपरेशन सिंदूर पर आयोजित तिरंगा यात्रा को शक्ति केन्द्र एवं ग्राम पंचायतों तक ले जाने का आग्रह कार्यकर्ताओं से किया तथा कार्यक्रम की संवेदनशीलता को देखते हुए कार्यक्रम की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए अपने वक्तव्य मे मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ने कहा की हम रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मना रहे हैं। अपने पति और पुत्र के निधन के बाद उन्होंने राज्य की बागडोर अपने हांथों में ली तथा मराठा साम्राज्य की राजधानी इंदौर को बनाया। वो राज्य का हर निर्णय भगवान शिव को साक्षी मानकर लेती थीं तथा राज्य और लोक कल्याण के लिए अनेकों सामाजिक कुरीतियों को बदला। उन्होंने विधवा विवाह नारी शिक्षा दहेज प्रता विरोधी बाल विवाह विरोधी कानून बनाये तथा मातृ शक्ति को उसका सम्मान वापस किया। ऐसी शिव भक्तिनी रानी अहिल्याबाई होलकर ने भारत वर्ष भर मे आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट देवालयों तथा सप्त पुरियों का पुनर्निर्माण कराया तथा तीर्थ स्थलों की भव्यता स्थापित की। भारत वर्ष के इतिहास मे उनके जैसा शासक नहीं हुआ और न होगा। हमारी पार्टी उस दिव्यात्मा के सिद्धांतों को आत्मसात करना चाहती है तथा उनके द्वारा लोक कल्याणकारी शासन व्यवस्था को लागू करना चाहती है तथा उनके देवीय कृत्यों को जन.जन तक पहुंचाना चाहती है। इसलिए आप सभी इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तन्मयता से लगें। प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं से पूर्व आयोजित तिरंगा यात्रा को नगर नगर और ग्राम ग्राम तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा राष्ट्र और सेना के प्रति अपनी निष्ठा को आत्मसात करने का आग्रह किया। इस तैयारी बैठक का सफल संचालन कार्यक्रम की सह संयोजक सीमा जायसवाल ने किया तथा आभार प्रकट जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष आशा यादव अरविंद दुब सरोज शाह जिला महामंत्री राजकुमार दुबे लालपति साकेत जिला मंत्री अरविन्द तिवारी ध्रुव सिंह प्रवेंद्र धर द्विवेदी पूनम गुप्ता कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा समस्त मंडल अध्यक्ष मोर्चों के अध्यक्ष कार्यक्रम के दिवस प्रभारी तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



## वढेरा-शशांक के अर्धशतक के बाद बरार के तीन झटकों से पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से पराजित किया

# प्लेऑफ से एक कदम दूर पंजाब

जेएनएन, जयपुर

पंजाब किंग्स ने रविवार को आईपीएल 2025 में डबल हेडर के पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स को 10 रनों से हराकर प्लेऑफ की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। इस जीत से पंजाब के 12 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरह 17 अंक हो गए हैं। इससे वह 2014 के बाद पहली बार तालिका में शीर्ष दो स्थान की दौड़ में शामिल है। कोच रिकी पोंटिंग की टीम को प्लेऑफ स्थान सुनिश्चित करने के लिए महज एक और अंक की जरूरत है। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नेहाल वढेरा (70) और शशांक सिंह (नाबाद 59 रन) के अर्धशतकों की मदद से पांच विकेट पर 219 रनों का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके जवाब में राजस्थान सात विकेट पर 209 रन ही बना सकी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की शुरुआत खराब रही और तुषार देशपांडे ने अपने पहले ही ओवर में प्रियांश आर्या को सस्ते में पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर टूर्नामेंट में डेब्यू कर रहे माइकल ओवेन खाता भी नहीं खोल सके और डेब्यू कर रहे एक अन्य खिलाड़ी क्वेना मफाका ने पवेलियन की राह दिखा दी। इसके बाद इस सीजन बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे प्रभसिमरन सिंह भी अनलक्की रहे और देशपांडे की लेग स्टंप के बाहर खराब लाइन की गेंद पर वह ग्लांस करने गए और गेंद बल्ले का महीन किनारा लेकर कीपर के हाथों में पहुंच गई। अंपायर ने इसको आउट नहीं दिया था, लेकिन देशपांडे ने सैमसन को रिव्यू के लिए मनाया और वह विकेट लने में कामयाब रहे। उंगली में चोट के बावजूद यह मैच खेल रहे कप्तान श्रेयस अय्यर ने वढेरा के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की लेकिन 30 के निजी स्कोर पर श्रेयस को रियान पराग ने पवेलियन भेजा।

■ राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी आईपीएल 2025 में महंगे साबित हुए हैं। फारूकी ने इस सीजन में चार मैच खेले हैं और 17 ओवर डाले हैं। उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला और उन्होंने 210 रन दिए। आईपीएल के इतिहास में वह ये अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड ईशांत शर्मा के नाम था।

■ राजस्थान के यशस्वी आईपीएल में पहले ओवर में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह पहले ओवर में 11 छक्के मार चुके हैं। उन्होंने विराट कोहली की बराबरी कर ली है। आरसीबी के कोहली ने भी आईपीएल इतिहास में पहले ओवर में 11 छक्के लगाए हैं। यशस्वी ने ब्रेंडन मैक्कुलम का रिकॉर्ड तोड़ा है। मैक्कुलम ने आईपीएल में पहले ओवर में कुल 10 छक्के जमाए। उन्होंने आईपीएल में 2008 से 2018 तक 109 मैच खेले।

### हरप्रीत बरार ने कराई पंजाब की वापसी

लक्ष्य का ह्यपीछा करने उतरी राजस्थान को यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरुआत दिलाई थी। दोनों ही बल्लेबाजों ने 4.4 ओवर में ही स्कोर पर 76 रन टांग दिए थे। लेकिन पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद पर बरार ने सूर्यवंशी का शिकार कर लिया। कुछ देर बाद उन्होंने अर्धशतक लगा चुके जायसवाल का भी बड़ा विकेट चटकाकर राजस्थान के रनों की रफ्तार को रोकने का काम किया। कुछ देर बाद बरार ने पराग को भी बोल्ड करके पंजाब की वापसी की कहानी लिखी। मध्य क्रम में केवल ध्रुव जुरेल ही थोड़ा आक्रमण कर सके और 31 गेंद में नाबाद 53 रन बनाए। बरार ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए।



### स्कोर बोर्ड

**पंजाब किंग्स : 219/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का. हेटमायर बो. तुषार | 9 | 7 | 1 | 0 |
| प्रभसिमनर का. सैमसन बो. तुषार | 21 | 10 | 3 | 1 |
| ओवेन का. सैमसन बो. मफाका | 0 | 2 | 0 | 0 |
| वढेरा का. हेटमायर बो. मधवाल | 70 | 37 | 5 | 5 |
| श्रेयस का. यशस्वी बो. रियान | 30 | 25 | 5 | 0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 59 | 30 | 5 | 3 |
| अजमतउल्लाह ओमरजाई नाबाद | 21 | 9 | 3 | 1 |

**अतिरिक्त :** 9 **कुल :** 20 ओवर में पांच विकेट पर 219 रन, **विकेट पतन :** 1-19, 2-34, 3-34, 4-101, 5-159, **गेंदबाजी :** फारूकी 3-0-39-0, तुषार देशपांडे 4-0-37-2, मफाका 3-0-32-1, रियान पराग 3-0-26-1, वानिंदु हसरंगा 3-0-33-0, आकाश मधवाल 4-0-48-1.

**राजस्थान रॉयल्स : 209/7 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का. ओवेन बो. हरप्रीत | 50 | 25 | 9 | 1 |
| सूर्यवंशी का. बार्टलेट बो. हरप्रीत | 40 | 15 | 4 | 4 |
| सैमसन का. यानसन बो. ओमरजाई | 20 | 16 | 1 | 1 |
| रियान पराग बो. हरप्रीत | 13 | 11 | 0 | 1 |
| जुरेल का. ओवेन बो. यानसन | 53 | 31 | 3 | 4 |
| हेटमायर का. बार्टलेट बो. ओमरजाई | 11 | 12 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 7 | 7 | 0 | 0 |
| हसरंगा का. प्रभसिमरन बो. यानसन | 0 | 1 | 0 | 0 |
| मफाका नाबाद | 8 | 2 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त :** 7, **कुल :** 20 ओवर में 7 विकेट पर 209 रन, **विकेट पतन :** 1-76, 2-109, 3-114, 4-,144 5-181, 6-200, 7-200, **गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-60-0, मार्को यानसन 3-0-४1-2, बार्टलेट 1-0-12-0, हरप्रीत बरार 4-0-22-3, चहल 4-0-30-0, ओमरजाई 4-0-44-2.

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 12 | 08 | 03 | 17 | 0.482 |
| पंजाब | 12 | 08 | 03 | 17 | 0.389 |
| गुजरात | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.793 |
| मुंबई | 12 | 07 | 05 | 14 | 1.156 |
| दिल्ली | 11 | 06 | 04 | 13 | 0.362 |
| कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 12 | 0.193 |
| लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.469 |
| हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 07 | -1.192 |
| राजस्थान | 13 | 03 | 10 | 06 | -0.701 |
| चेन्नई | 12 | 03 | 09 | 06 | -0.992 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई ) | 510 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 509 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 508 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 505 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 20 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 20 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 18 |



### बाउंड्री मीटर



994 छक्के
1779 चौके
117 अर्धशतक

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस सीजन में 405 रन बना लिये हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है। वह इस आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज (27) हैं।

#### मैच 61 : लखनऊ के घरेलू मैदान पर मैच आज शाम 7:30 बजे से

# प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने लखनऊ को सनराइजर्स के खिलाफ जीत की जरूरत

**लखनऊ, जेएनएन।** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) सोमवार को आईपीएल के अपने करो या मरो मैच में जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश बड़े अंतर से जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण एक सप्ताह के निलंबन के बार फिर से शुरू हो रही इस लीग में लखनऊ के कप्तान रिषभ पंत अब तक के बेहद निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर बल्ले से भी लय हासिल करना चाहेंगे। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम के नाम 11 मैचों में 10 अंक है, लेकिन नेट रन रेट माइनस 0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा। सनराइजर्स के कुछ खिलाड़ियों के लिए लय हासिल करने का एक अच्छा मौका होगा खासकर नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी भारत-ए के इंग्लैंड दौरे से पहले कुछ उपयोगी पारियां खेलना चाहेंगे। लखनऊ की टीम के लिए मौजूदा सत्र में सबसे बड़ी निराशा कप्तान पंत का बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन है। पिछले साल आईपीएल नीलामी में 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बोली के बाद वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से 128 रन ही बनाए है। यह इतना निराशाजनक है कि चीजों में यहां से सुधार की ही उम्मीद की जा सकती है। पंत का नाम भारतीय टेस्ट टीम की उपकप्तानी के लिए चर्चा में है। आईपीएल एक अलग प्रारूप है, लेकिन वह इंग्लैंड दौरे की टीम और कप्तान तथा उपकप्तान जैसी बड़ी घोषणा से ठीक पहले कुछ अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। पंत के लिए यह मजबूरी वाला ब्रेक इससे बेहतर समय पर नहीं आ सकता था, क्योंकि इससे इस खिलाड़ी को अपने खेल के विश्लेषण करने का अच्छा मौका मिला होगा। लखनऊ की टीम हालांकि अपने मुख्य बल्लेबाज निकोलस पूरन (410 रन) से भी एक बार फिर से अच्छा प्रदर्शन चाहेगी।



### हेड-टू-हेड

■ लखनऊ और हैदराबाद के बीच अब तक कुल पांच मुकाबले हुए हैं, जिसमें लखनऊ का पलड़ा 4-1 से भारी है। हालांकि 2024 में हैदराबाद ने उन्हें 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी, जहां उन्होंने सिर्फ 9.1 ओवरों में 166 रन का पीछा किया था। यह एक रिकॉर्ड जीत थी।

■ इस मैदान पर दोनों टीमों के बीच अब तक कोई मैच नहीं हुआ। इकाना की पिच की बात की जाए तो यहां पर इस साल दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने आने वाली टीम का पलड़ा भारी रहा है और उन्होंने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं। तो कोई भी टीम यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना चाहेगी।

### आवेश-शार्दुल हो सकते हैं लखनऊ के मुख्य हथियार

हैदराबाद के पास ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की आक्रामक सलामी जोड़ी थी, लेकिन शुरुआती मैचों को छोड़ दिया जाए, तो इस जोड़ी ने निराश ही किया है। इस मैच में भी यह निराशा कायम रह सकती है क्योंकि लखनऊ के स्ट्राइक गेंदबाज आवेश खान और शार्दुल ठाकुर इस जोड़ी को परेशान करते हैं। आवेश ने इन दोनो बल्लेबाजों को दो-दो बार आउटकिया है, जबकि अभिषेक तो आवेश पर सिर्फ 64 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। ठाकुर ने अभिषेक को आईपीएल मैचों में तीन बार आउट किया है, जबकि इस दौरान अभिषेक का स्ट्राइक रेट उनके खिलाफ 106 का रहा है। ठाकुर हैदराबाद के फिनिशर हेनरिक क्लासेन को भी पांच टी-20 पारियों में दो बार आउट कर चुके हैं।

# बाबर और रिजवान की टी-20 टीम में वापसी चाहते हैं पाक कोच हेसन

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के नए कोच माइक हेसन चयनकर्ताओं द्वारा टी-20 प्रारूप के लिए नजरअंदाज किए गए अनुभवी बल्लेबाजों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के करियर को खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एक बार फिर से परखना चाहते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि हेसन ने इस सप्ताह चयनकर्ताओं से बातचीत में बाबर और रिजवान की टी-20 टीम में वापसी की वकालत की है। इन दोनों पूर्व कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों को अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए बाहर कर दिया गया था। न्यूजीलैंड दौरे से पहले रिजवान को राष्ट्रीय टी-20 कप्तान के पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह सलमान अली आगा को कप्तान बनाया गया था। न्यूजीलैंड में पाकिस्तान की टीम 1-4 से हार गई थी। उससे पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में भी उसे हार सामना करना पड़ा था। सूत्र ने कहा, हेसन ने चयनकर्ताओं से कहा कि उन्हें लगता है कि बाबर और रिजवान अपने अनुभव के साथ टीम को अभी भी बहुत कुछ दे सकते हैं। वह टी-20 में उनके भविष्य पर फैसला लेने से पहले उन्हें एक और मौका देना चाहते हैं। सूत्र ने कहा कि सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने भविष्य की टी-20 योजनाओं में बाबर और रिजवान को शामिल करने की समझदारी पर संदेह व्यक्त किया था, लेकिन हेसन ने जोर देकर कहा कि वह इस प्रारूप में उन्हें परखना चाहते है क्योंकि उनका अनुभव अमूल्य है। सूत्र ने कहा, बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए इस महीने घोषित होने वाली टीम में दोनों की वापसी की पूरी संभावना है। पाकिस्तान को मई के अंत में लाहौर और फैसलाबाद में घरेलू मैदान पर पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है।



### हॉकी एशिया कप में भाग लेने वीजा गारंटी चाहता है पाकिस्तान

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) चाहता है कि एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) भारत में 27 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए उसके दल के लिए वीजा की गारंटी दे। यह जानकारी पीएचएफ के एक अधिकारी ने दी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव के कारण राजगीर (बिहार) में होने वाले टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी गंभीर संदेह में है और हॉकी इंडिया (एचआई) ने कहा है कि वह इस मामले पर सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

## खेल एक नजर

### पूर्व ड्राइवर चंडोक की बुक से मिलेगी फॉर्मूला वन की दुनिया की जानकारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व ग्रांप्री ड्राइवर से कमेंटेटर बने करुण चंडोक की बच्चों के लिए लिखी किताब ड्राइव टू विक्ट्री दुनिया के सबसे तेज खेल फॉर्मूला वन के बारे में छोटी से छोटी जानकारी मौजूद है। इस जानकारी में फॉर्मूला वन कार बनाने में 11,000 पुर्जों की जरूरत से लेकर ट्रैक की झलक दिखाने और ड्राइवरों के बीच प्रतिद्वंद्विता के बारे में लिखा गया है। हैचेट इंडिया द्वारा प्रकाशित किताब में फॉर्मूला वन की बारीकियों को विस्तार से बताया गया है।

पाठकों को फॉर्मूला वन के पर्दे के पीछे, बोनट के नीचे और दुनिया की सबसे तेज कारों तथा ड्राइवरों की जानकारी दी गई है। किताब के चित्र मैक्स रामबाल्डी द्वारा बनाए गए हैं। ब्रिटेन में रहने वाले लेखक चंडोक ने अपनी पहली किताब की प्रस्तावना में लिखा है, पुस्तक पढ़ने के बाद, आपको दुनिया के सबसे तेज खेल के बारे में जानने के लिए सभी महत्वपूर्ण बातें पता चलेंगी। इन पन्नों में मैं आपको आज के ट्रैक पर स्टार ड्राइवरों और अतीत के कुछ महान ड्राइवरों के बारे में बताऊंगा। शीर्ष टीमों और उन्होंने कैसे शुरुआत की, रेसट्रैक वास्तव में कैसे बनाए जाते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात एक रेसिंग कार को वास्तव में तेज कैसे बनाया जाता है। मोटर रेसिंग परिवार में जन्मे चंडोक के पिता, दादा और यहां तक कि दादी भी रेसिंग करती थीं। फॉर्मूला वन में प्रतिस्पर्धा करने वाले केवल दो भारतीयों में नारायण कार्तिकेयन और चंडोक शामिल हैं। चंडोक अब कैलेंडर में च्यादातर रेस में बतौर कमेंटेटर मौजूद होते हैं।

# भांबरी और गैलोवे बोर्डो चैलेंजर के फाइनल में हारे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे रविवार को बोर्डो में एटीपी चैलेंजर स्पर्धा के रोमांचक खिताबी मुकाबले की चुनौती से निपटने में नाकाम रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय और अमेरिकी खिलाड़ियों की जोड़ी पुर्तगाल के फ्रांसिस्को कैब्राल और ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-7(1), 6-7(2) से हार गई। भारत के एन श्रीराम बालाजी और सुमित नागल इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट का हिस्सा थे लेकिन वे अपने-अपने मुकाबलों में अलग-अलग चरणों में हार गए।



# मनिका बत्रा और मानव विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में

**दोहा, जेएनएन।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रविवार को सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि मानव ठक्कर ने भी अपने एकल अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की। 22वीं वरीयता प्राप्त मनिका ने महिला एकल मुकाबले में नाइजीरिया की फातिमा बेलो पर 4-0 (11-5, 11-6, 11-8, 11-2) से शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला सिर्फ 24 मिनट तक चला। अब उनके सामने कोरिया की पार्क गाहियोन की चुनौती होगी। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष एकल खिलाड़ी ठक्कर ने भी शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में न्यूजीलैंड के टिमोथी चोई को 4-1 (11-3, 11-8, 6-11, 11-7, 14-12) से हराया। अठारह साल के अंकुर भट्टाचार्जी का सफर हालांकि शुरुआती दौर में खत्म हो गया। वह पुरुष एकल में हांगकांग के लैम सियू हैंग से 1-4 (11-4, 7-11, 9-11, 10-12, 8-11) से हार गए। युगल मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त मानुष शाह और दीया चिताले की जोड़ी ने अल्जीरिया के मेहदी बौलोसा और मालिसा नासरी पर 3-0 (11-2, 11-7, 11-6) से एकतरफा जीत दर्ज की। हरमीत देसाई और जी साथियान की पुरुष युगल जोड़ी को हालांकि ऑस्ट्रिया के मैसीज कोलोडिजिक और मोल्दोवा के व्लादिस्लाव उर्सु से 1-3 (9-11, 12-10, 14-16, 10-12) से हार का सामना करना पड़ा।



# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले ईसीबी ने डेटा विश्लेषकों को हटाया

20 जून से होने वाली पांच मैचों की सीरीज से पहले एक्शन

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से कुछ सप्ताह पहले अपने डेटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया, क्योंकि मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम अंतर्मन पर अधिक भरोसा करना चाहते हैं। इंग्लैंड का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 20 जून को हेडिंग्ले में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से शुरू होगा। द डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, इंग्लैंड के दो वरिष्ठ क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी। रिपोर्ट के मुताबिक, लीमन और वाइल्ड क्रमशः इंग्लैंड के वरिष्ठ डेटा विश्लेषक और सीमित ओवरों के विश्लेषक है। दोनों राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी भागीदारी समाप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया, दोनों ही इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज में शामिल नहीं होंगे। इस सीरीज से हैरी ब्रुक कप्तान के तौर पर अपने वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज करेंगे। मैकुलम केवल डेटा पर आधारित दृष्टिकोण में विश्वास नहीं रखते हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान का मानना है कि यह खेल के लंबे प्रारूप की तुलना में टी-20 प्रारूप के लिए अधिक उपयुक्त है। मैकुलम को यह भी लगता है कि सहायक कर्मचारियों की कम संख्या माहौल को सरल बनाए रखने में मददगार होती है। उन्होंने कहा, इस दृष्टिकोण के तहत इंग्लैंड के खिलाड़ियों को अपनी तैयारी और प्रदर्शन के लिए अधिक जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएंगे। इसके साथ ही मैच वाले दिनों में ड्रेसिंग रूम को अव्यवस्थित होने से बचाने के लिए सहायक कर्मचारियों की संख्या में कमी की गई है। वास्तव में इंग्लैंड का दृष्टिकोण भारत के विपरीत रहा है, जहां राहुल द्रविड़ के युग में डेटा पर अधिक जोर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, खिलाड़ी अपने स्तर पर विश्लेषकों की सलाह ले सकते हैं लेकिन उन्हें अंतर्मन पर अधिक भरोसा करने की सलाह दी जाएगी।



# बैडमिंटन : सबसे बड़े ग्रुप में नंदराजू-सेमुअल की जोड़ी सेमीफाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** एक लाख रुपए इनामी राशि वाली जिया बैडमिंटन प्रतियोगिता के सबसे बडे ऐज ग्रुप 120+ में लक्ष्मीनारायण नंदराजू-थॉमस सेमुअल ने कड़े मुकाबले में जी शेखर-हबीब हुसैन की जोड़ी को 13-21, 21-19, 21-18 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं सबसे छोटे 70+ ग्रुप में अशोक गौंड-दुष्यंत सचदेवा की जोड़ी ने सर्वेश गुप्ता-सतीश कुमार को रोमांचक मुकाबले में 21-11, 17-21, 21-12 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा जिया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गोविंदपुरा में आयोजित की जा रही मध्य प्रदेश की पहली मिक्स ऐज स्पर्धा में सबसे बड़े ग्रुप 120+ में नंदराजू-सेमुअल ने पहला गेम हारने से बाद भी अच्छे तालमेल के सहारे जोशीली शेखर-हबीब हुसैन की जोड़ी को अंततः 13-21, 21-19, 21-18 से हराया। सबसे छोटे 70+ ग्रुप में अशोक गौंड-दुष्यंत सचदेवा ने भी तीन गेम के रोमांचक मुकाबले को जीतकर सेमी फाइनल में कदम रखा। पुरुष 70+ वर्ग के क्वार्टर फाइनल में मनीष नहारे-रवि राय ने दीपेंद्र कटियार-वसीम की जोड़ी को 21-23, 21-6, 21-10 से शिकस्त दी।



## समर्थन मूल्य पर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 मई तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फसल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई से बढाकर अब 30 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 31 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

## मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आज करेंगे समीक्षा

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 मई को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करेंगे। बैठक दोपहर 2 बजे आरंभ होगी। बैठक में कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद तथा कलेक्टर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग केन्द्र से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।






# प्रयागराज से सतना पहुंचा साढ़े तीन क्विंटल पनीर जब्त

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने एसडीएम की मौजूदगी में कार्यवाही को दिया अंजाम

**जागरण, सतना**

शादी विवाह का सीजन शुरू होते ही व्यापारियों द्वारा बाहर से अमानक स्तर की पनीर मंगाकर उसे बाजार में खपाया जाता है। मगर कलेक्टर सतना द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थ की रोकथाम के लिए सख्त निर्देश दिये जाने के बाद जिले का खाद्य सुरक्षा अमला बेहद एलर्ट है। जिसके चलते उन्होने रविवार को उ.प्र. के प्रयागराज से सतना पहुची साढे तीन क्वि. पनीर को बाजार पहुचने से पहले ही जप्त कर लिया। बताया जाता है कि प्रयागराज से लाया गया यह पनीर ढाई क्वि. नागौद के गोलू 56 डेयरी के संचालक विनीत सिंह के यहां और रीवा के एक व्यापारी के यहां एक क्वि. भेजा जाना था। यह कार्यवाही खाद्य सुरक्षा के अभिहित अधिकारी सीएमएचओ डॉ एलके तिवारी के मार्गदर्शन मे की गई है।




### वाहन चालक से की पूछताछ, ली जानकारी

वाहन के चालक नीरज कुशवाहा से उक्त माल के संबंध में पूछताछ करने पर बतलाया कि यह माल अनिग डेयरी, खोदायपुर, बगई खुर्द,फूलपुर,प्रयागराज उत्तर प्रदेश से नागौद और रीवा की पार्टियों को पक्के बिल द्वारा देने आया हूं। मौके पर उसके द्वारा विनीत गोलू 56 डेयरी नागौद एवं रवि शंकर रीवा का बिल प्रस्तुत किया गया जिसमें गोलू 56 डेयरी नागौद द्वारा 250 केजी पनीर एवं 150 केजी दही पाया गया। 100 किलो पनीर रीवा का है।

**240 रूपये प्रति किलो मंगाई थी पनीर :** प्रयागराज से जो घटिया स्तर की पनीर मंगाई गई थी वह दुकान में विशेष वाहन से पहुचाकर 240 रुपए प्रति किलो के हिसाब से दी जा रही थी। प्रथम दृष्टया इस रेट पर आई पनीर संदिग्ध हो गई क्योकि शहर में बिकने वाली पनीर सवा 3 सौ रूपये किलो से कम नही मिल रही। जबकि दही 75 रुपए प्रति किलो बेची जा रही है। गोलू 56 डेयरी और अनिग डेयरी को सूचित किया गया। एस डी एम सतना एल आर जांगड़े , राजस्व विभाग के आर आई और पटवारी की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।



### वाहन चालक के पास नहीं था खाद्य पदार्थ परिवहन का लाइसेंस

विनीत सिंह के मौके पर उपस्थित होने पर थर्मोकोल में पैक पनीर के 05 बॉक्स को खोलकर 05 नमूने पनीर के लिए गए। पनीर के बॉक्स में अंदर और बाहर पनीर निर्माण या यूज बाय डेट आदि कोई जानकारी अंकित नहीं पाया। लाइट दही के दो डिब्बों से दो नमूने दही के लिए गए हैं जिनमें बैच नंबर डेट ऑफमैन्युफैक्चरिंग यूज बाय डेट एफएस एस ए आई लाइसेंस नंबर आदि अंकित थे। उक्त खाद्य पदार्थों को जिस वाहन से परिवहन किया जा रहा था उसका खाद्य पदार्थ परिवहन का लाइसेंस पंजीयन प्रस्तुत नहीं किया गया है। वाहन में टेंपरेचर मेंटेन करने की कोई सुविधा नहीं थी। नमूना लेने के पश्चात शेष पनीर 345 किलो को जप्त कर कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षार्थ रखा दिया गया है। लिए गए नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेज कर जांच कराया जाएगा। प्राप्त परिणाम के आधार पर अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

### बिरला रोड से आते ही पकड़ा वाहन

बताया जाता है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर और शीतल सिंह को ऐसी जानकारी लगी थी कि सुबह प्रयागराज से पनीर की गुणवत्ता विहीन खेप सतना आने वाली है जिसको लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी बेहद चौकन्ना थे सुबह 9 बजे जैसे ही बुलोरे पिकअप क्रमांक यूपी 35बीटी 1838 आती दिखी टीम ने उसे रोक लिया और जांच कार्यवाही शुरू कर दी। उसमें थर्मोकोल के 07 बाक्स में 350 किलो पनीर एवं 15 किलो के 10 जार में दही रखा पाया गया।

### इनका कहना है



मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री रोकने लगातार जांच की कार्यवाही की जारही है। कईबार घटिया स्तर की पनीर विक्रय होने की शिकायते मिलती थी जिस के बाद एक सप्ताह के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। खाद्य सुरक्षा अमले ने साढे 3 क्वि. पनीर रविवार को पकड़ी है। जो प्रयागराज से आई थी । यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

**डॉ एल के तिवारी सीएमएचओ सतना**

# नहाने गए युवक की चेक डैम में डूबने से मौत



### जेसीबी से तोड़कर शव को निकाला गया बाहर



**जागरण, सतना।** मझगवां थाना क्षेत्र के पटना गांव में स्थित सेहा नाला के चेक डैम में एक युवक की मौत हो गई। रविवार दोपहर को 25 वर्षीय धीरेन्द्र यादव नहाने के दौरान पानी खींचने वाली मोटर की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक जैसे ही पानी में उतरा वह गहरे गड्ढे और मोटर के दबाव में खिंचता चला गया। पानी में घंटों तलाश के बाद भी शव नहीं मिला। इसके बाद जेसीबी से चेक डैम की दीवार तोड़कर साढ़े तीन घंटे बाद शव को बाहर निकाला गया। सूत्र बताते है कि इंडो न्यूक्लियर प्राइवेट लिमिटेड ने पानी खींचने के लिए चेक डैम में करीब 15 फीट गहरा गड्ढा खुदवाया था। कंपनी ने कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की थी। मृतक लालपुर चकर गांव का रहने वाला था और पटना गांव में एक तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने आया था। परिजनों ने इंडो न्यूक्लियर प्राइवेट लिमिटेड पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कंपनी के खिलाफकड़ी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## ओरिजिन एकेडमी का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**जागरण, अमदरा।** ओरिजिन एकेडमी हाई स्कूल अमदरा का बोर्ड परीक्षा अंग्रेजी माध्यम का परिणाम उत्कृष्ट रहा कक्षा 10 कक्षा 8 कक्षा 5 सभी क्लास का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल संचालक पवन अग्रवाल एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने परिणामों की सराहना करते हुए बच्चों को बधाई दी। कक्षा 10 में कुमुद गुप्ता 91 प्रतिशत पुलकित गौतम 90 श्रेया गौतम 87 शुभी विश्वकर्मा एवं अक्षांश प्रताप सिंह 79, उदिता गौतम 77, ऋषभ दहिया 76, कक्षा 8 में अक्क्षया गौतम 91, प्रवीण प्रजापति 87, ,सौरभ पाठक, गुंजन तिवारी 86, प्रत्यूष तिवारी 85, अर्पित मिश्रा 81, प्रवीण साहू 80, कक्षा 5 में शिखा पांडे 91 सूर्यांश गौतम 90 एकांक्षी यादव 87 आकृति पटेल 85 राजलक्ष्मी दहायत 82, दिलीप कुमार दुबे 82 अर्पण यादव 81, श्रीराम तिवारी 81, उमंग पटेल 80 प्रतिशत साथ साथ सभी बच्चे फर्स्ट क्लास डिवीजन से पास हुए।



## तालाब से मगरमच्छ का किया रेस्क्यू

**अमदरा।** नयागांव सुहौला के तालाब में दोपहर को रविवार के दिन मगरमच्छ लोगों ने देखा जिसकी जानकारी लगते ही पूर्व सरपंच मदन कोल तालाब पहुंचकर देखा की यह मगरमच्छ है जिसे ग्राम पंचायत सुहौला के पूर्व सरपंच मदन कोल ने ग्रामवासी के सह्योग से जाल में फंसाया इसके बाद वन विभाग को जानकारी दी सूचना मिलते ही रेजर सतीश चंद्र मिश्रा डिप्टी रेंजर वन परिक्षेत्र अमदरा सुजीत सिंह नयागांव तालाब पहुंचकर अपने टीम के सह्योग से मगरमच्छ को पकड़कर मौदहा के लिए रवाना किया जैसे मौदहा में छोड़े जाने की बात कही गई।



## श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 31 मई तक

**सतना।** सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग ने बताया कि श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में 8 ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश की प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक ण्केकण्उचण्हवअण्पद पोर्टल पर 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में तकनीशियन मेकाट्रानिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर ट्रेड का एक वर्षीय पाठयक्रम संचालित है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं तथा शेष सभी सात पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

## मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आज

**सतना।** सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान एवं रामलला स्वजातीय स्वर्णकार विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में 19 मई सोमवार को शाम 5:30 बजे से कक्षा दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का एक संयुक्त कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान प्रांगण में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है । जिसके मुख्य अतिथि कैलाश सोनी पूर्व राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ होंगे । पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के अल्प प्रवास के कारण सरस्वती शिशु मंदिर एवं स्वर्णकार समाज के अलग अलग आयोजित होने वाले कार्यक्रमो को संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम के अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा एजीएम सीएसआर प्रिज्म जॉन्सन लिमिटेड और विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्याभारती महाकौशल के जिला सचिव भास्कर भट्टाचार्य होंगे । जिसमें सरस्वती विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी प्रबुद्धजनो को इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया हैं ।

## वूमन फॉर ट्री अभियान में प्रदेश की सशक्त भागीदारी

### राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर

**सतना।** प्रदेश में केन्द्र सरकार के एक पेड़ माँ के नाम से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में क्रियान्वित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अमृत 2.0 योजना एवं डे-एनयूएलएम के कन्वर्जेंस से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र का विस्तार, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने, नागरिकों को स्वस्थ जीवन-शैली एवं महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। वूमन फॉर ट्री अभियान के संचालन के लिये केन्द्र सरकार ने पोर्टल तैयार किया है। सभी प्रदेशों से उन स्थानों का चयन करने के लिये कहा गया था, जिन स्थलों पर पौध-रोपण किया जायेगा। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर है, जहाँ 565 विजिट कर स्थल की पहचान की गयी है।

यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किया जायेगा। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौध-रोपण अभियान संचालित किया जाएगा। यह पौधे जल संरचनाओं के आसपास, कैचमेंट एरिया, पार्क, शासकीय संस्थानों, विद्यालयों, जल शोधन संयंत्रों तथा उपलब्ध शासकीय भूमि का चयन कर किया जायेगा। लगाये गये पौधों का संरक्षण एवं नियमित निगरानी महिला स्व-सहायता समूहों (अमृत मित्रों) के माध्यम से की जायेगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि प्रदेश में वूमन फॉर ट्री अभियान तीन चरण में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में स्थल चयन के लिये भ्रमण कार्यक्रम 21 मई से 23 मई, दूसरा चरण पौध-रोपण कार्यक्रम 5 जून से 31 अगस्त तक और तीसरा चरण पौधों का संरक्षण एवं निगरानी कार्य 1 से 2 वर्षों तक किया जायेगा। यह अभियान नारी सशक्तिकरण एवं हरित भारत के निर्माण की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। इस अभियान को सामाजिक सहभागिता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ पूरा किया जायेगा। देशभर में यह अभियान केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की मदद से संचालित किया जायेगा।






## ग्रीष्मकालीन फसलों हेतु मई माह के लिए कृषि परामर्श

**जागरण, सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले में ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए कृषि परामर्श हेतु मई माह के लिए कृषि परामर्श जारी किया गया है। विभाग द्वारा कृषकों को दी गई सलाह में गन्ना की फसल में ग्रीष्मकालीन अवस्था में तापमान के अनुसार फसल को आवश्यकता होने पर सिंचाई करें। गन्ने की फसल में निंदाई-गुडाई करें। जिससे खरपतवार नियंत्रण एवं नमी संरक्षण हो सके। इसी प्रकार मूंग व उडद की फसल में ग्रीष्मकालीन मूंग व उडद फसल में उचित समय पर सिंचाई करें। जिससे नमी बनी तथा बढते तापक्रम का फसल पर कम से कम प्रभाव पडे। फसल पर रसचूसक कीट का प्रयोग दिखाई देने पर डायमिथोएट 30 ईसी, 2 मिली/लीटर या इंमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस एल 0.2 मि.ली./लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें। फसल पर एन.पी.के (19:19:19) जल विलेय उर्वरक को फूल आने से पहले और फली बनने की अवस्था पर 5 ग्राम/लीटर पानी में घोला बनाकर छिडकाव करना चाहिए। जिससे उपज में वृद्धि हो सके। कपास की फसल में जहां सिंचाई की सुविधा हो, कपास की बुआई 15-25 मई के मध्य कर ले।

किसानों का सामान्य सलाह फसल गहाई के उपरांत उत्पाद को उचित नमी तक धूप में सुखायें। तत्पश्चात भण्डार गृह को साफ करके उसमें भण्डारित करें। फसल कटाई उपरांत खेत में उचित नमी हो तो जुताई करें। गेहूं की कटाई के उपरांत नरवाई न जलायें। पूर्व में बोई गई फसलों के अवशेषों को खेत से बाहर करें जिससे कि बीमारी एवं रोगों की रोकथाम हो सके। खरीफ में जिन फसलों को बुवाई करनी हो उनकी उन्नतशील किस्मों के प्रमाणित बीज की व्यवस्था जरूर कर लेवें। किसान भाई मिट्टी परीक्षण हेतु नमूना एकत्रित कर कृषि विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करें। सिंचाई के लिए ड्रिप, स्प्रिंकलर इत्यादि सिंचाई उपकरणों का उपयोग उपलब्धता के आधार पर करें। जिससे सिंचाई के जल का समुचित उपयोग हो सके। भूमि जनित रोगों के नियंत्रण हेतु खेत की जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करें।













जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com